राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 छोले-पूरी खाने से इंकार, विराट कोहली ने दिल्ली के साथियों संग......

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से अधिक... 12

वर्ष : 12 | अंक : 284 | पटना, बुधवार, 29 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास पथ की ओर अग्रसर: मोदी

भुवनेश्वर/नई दिल्ली/एजेंसी।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि ओडिशा में पहले से कहीं अधिक अवसर खुल रहे हैं और कहा कि यह राज्य में निवेश करने का सही समय है। उत्कर्ष ओडिशा - मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह ओडिशा में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार शिखर सम्मेलन है और पिछले आयोजनों की तुलना में इसमें 5-6 गुना अधिक निवेशक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं पूर्वी भारत को देश के विकास का इंजन मानता हूं और इसमें ओडिशा की प्रमुख भूमिका है। इतिहास गवाह है कि जब भारत की वैश्विक विकास में बड़ी हिस्सेदारी थी, तो पूर्वी भारत ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। पूर्वी भारत में बड़े औद्योगिक केंद्र और बंदरगाह थे। ओडिशा दक्षिण-पूर्व एशिया में व्यापार के लिए एक प्रमुख क्षेत्र था। यहां के प्राचीन बंदरगाह अनिवार्य रूप से भारत के प्रवेश द्वार थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अब 21वीं सदी में ओडिशा अपनी शानदार विरासत को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हाल ही में सिंगापुर के राष्ट्रपति ओडिशा आए थे और सिंगापुर ओडिशा के साथ अपने संबंधों



को लेकर बहुत उत्साहित है। आसियान देशों ने भी ओडिशा के साथ व्यापार और परंपरा को बढ़ाने में रुचि दिखाई है। आज इस क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा अवसर खुल रहे हैं, आजादी के बाद से अब तक के किसी भी समय से कहीं ज्यादा। उन्होंने जोर देकर कहा , यही समय है, सही समय है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि ओडिशा की विकास यात्रा में उनका निवेश उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, उन्होंने जोर देते हुए कहा, यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा, ह्लजब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं तो आकांक्षाएं बढ़ती हैं। पिछले दशक में करोड़ों नागरिकों के सशक्तीकरण से देश को लाभ हुआ है। ओडिशा नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोकेमिकल्स, मत्स्य पालन, आईटी, एडुटेक, कपड़ा, पर्यटन, खनन और हरित ऊर्जा जैसे उद्योगों में ओडिशा भारत के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है। भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य अब दूर नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### लूटपाट का विरोध करने पर डकैतों ने महिला को मारी गोली

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र में एक घर में डकैती के दौरान लूटपाट का विरोध करना गृहस्वामी की पत्नी को भारी पड़ गया। डकैतों ने विरोध करने पर महिला को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में ग्रामीणों ने दो लुटेरों को पकड़ लिया, जिन्हें बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात कटरा थाना क्षेत्र के दरगाह चौक निवासी नथुनी शर्मा अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान करीब 2:30 बजे रात को घर में कुछ आवाज आई। इसके बाद शर्मा और उनकी पत्नी दुखनी देवी उठकर देखने निकले। इसी दौरान डकैतों ने दोनों को अपने कब्जे में ले लिया। इस स्थिति में जब महिला शोर मचाने लगी, तब अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों को आते देख अपराधी भागने लगे, लेकिन ग्रामीणों ने खदेड़कर दो अपराधियों को पकड़ लिया और दोनों की जमकर पिटाई कर दी। इधर, घायल महिला को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।

### दरभंगा में स्कूल जाने के दौरान शिक्षक की गोली मारकर हत्या

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले में एक शिक्षक की मंगलवार सुबह स्कूल जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे की है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि कुशेश्वरस्थान थाना अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अदलपुर के सहायक शिक्षक व कुशेश्वरस्थान नगर पंचायत के बहेड़ा गांव निवासी रामाश्रय यादव की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उनके मुताबिक, वह अपने घर से विद्यालय जा रहे थे और इसी बीच स्कूल से कुछ दूर दो मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने शिक्षक को गोली मार दी। एसएसपी ने कहा कि घायल शिक्षक को कुशेश्वरस्थान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की

# हमारा उद्देश्य है हर प्रकार से बिहार की तरक्की हो : नीतीश

### बोलें-बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर प्रकार से बिहार की तरक्की हो। मुख्यमंत्री उक्त बातें मंगलवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में पूर्णिया जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक के दौरान कही। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णिया के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने जिले में चल रही विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी है। यहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी बातें रखी हैं। हमने कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा है। हम अधिकारियों से कहेंगे कि यहां जो भी जरूरतें हैं, उसे ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें। वर्ष 2005 के बाद हमलोगों ने बिहार में विकास का जो काम किया है, उसे याद रखियेगा। हम प्रारंभ से ही पूरे बिहार का दौरा समय-समय पर करते रहे हैं। हर क्षेत्रों में विकास के कार्य कराये गये हैं, आप सब उसे भूलिएगा मत।

#### हर क्षेत्र में विकास के किये जा रहे काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 से हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम करना शुरू किया, तब से निरंतर हमलोग बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। वर्ष 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, आप सभी इससे



अवगत हैं। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया, तब से बिहार की स्थिति बदली है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। बिहार में अब डर और भय का माहौल खत्म हो गया है। शांति एवं भाईचारा का वातावरण कायम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है।

#### 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना के तहत वर्ष 2025 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की भी बहाली की जा रही है। हमलोगों ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई, जिसके कारण अब एक माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से पंचायती राज संस्थाओं तथा वर्ष 2007 से नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। वर्ष 2016 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया है।

#### सबके हित में करते रहेंगे काम :

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले वाले लोग कुछ काम नहीं किए, केवल बात बनाते रहे। किसी भी पार्टी के जनप्रतिनिधि हों, उनके सुझाव का हमलोग सम्मान करते हैं। उनके इलाके की जो भी मांगें होंगी, उन सबको पूरा किया जाएगा। हमलोग किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। हम सबके हित में काम करते रहेंगे। केंद्र सरकार से भी काफी सहयोग मिल रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से भी कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। हमलोग भाजपा के साथ शुरू से ही रहे हैं। हम काम में विश्वास करते हैं, लोगों की सेवा करते हैं, अपने लिए कुछ नहीं करते हैं। लोगों के हित में शुरू से काम करते रहे हैं।

### पूर्णिया शहर में नये अंतर्राज्यीय बस अड्डे का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णिया जिले में सब तरह के काम करा दिये हैं कुछ नये काम और कराये जायेंगे। राष्ट्रीय उच्च पथ-107 के भुटहा मोड़ से लेकर राज्य उच्च पथ-60 तक बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। पूर्णिया जिले के कृत्यानन्दनगर प्रखंड में स्थित माँ कामाख्या देवी मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले को राजकीय मेले का दर्जा दिया जायेगा। पूर्णिया शहर के रंगभूमि मैदान में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जायेगा, इससे खेल को बढ़ावा मिलेगा। माता पूरन देवी मंदिर के परिसर का विकास एवं सौंदर्यीकरण एवं मंदिर तक पहुँचने हेतु नये सम्पर्क पथ का निर्माण किया जायेगा। पूर्णिया शहर में नये अंतर्राज्यीय बस अड्डे का निर्माण किया जायेगा। कसबा प्रखंड में कारी-कोशी नदी पर बांध का निर्माण किया जायेगा, इससे लोगों को बाढ़ के खतरे से निजात मिलेगी। काझा-कोठी को पर्यटक स्थल के रूप में मिथिला हाट की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। धमदाहा से पूर्णियाँ सड़क राज्य उच्च पथ-65 की फोरलेनिंग की जायेगी एवं पूर्णियाँ एयरपोर्ट से सीधे जोड़ा जायेगा। पूर्णिया जिले के 10 प्रखंडों क्रमशः अमौर, कसबा, कृत्यानन्दनगर, धमदाहा, पूर्णिया, बनमनखी, रूपौली, वायसी, वैसा एवं बड़हराकोटठी में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा। इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त पूर्णिया जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन, संसदीय कार्य मंत्री सह पूर्णिया जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सहित अन्य गणमान्य लोग एवं वरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# कृषि विभाग में शीघ्र बंटेगा नियुक्ति पत्र : मंत्री

### कृषि विभाग में 1 हजार से अधिक पदाधिकारियों की होगी नियुक्ति

प्रात : किरण

सूबे के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग ने 866 कुल पदों में से 853 अभ्यर्थियों का प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों के लिए परिणाम घोषित कर दी है। मुख्मंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सभी अभ्यर्थियों को षीघ्र ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों के आने से राज्य के सभी 534 प्रखण्डों में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के पद पर नियमित पदाधिकारियों का पदस्थापन किया जा सकेगा। 2003 के बाद 866 प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों पर बहाली हेतु विभाग ने अपनी अनुशंसा की थी। श्री पांडेय ने इन बहालियों के साथ ही बीज निरीक्षक, सभी मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, सभी बीज गुणन प्रक्षेत्रों में कृषि निरीक्षक के साथ-साथ सभी प्रकार के प्रयोगशालाओं में सहायक अनुसंधान पदाधिकारी तथा जिला एवं प्रमण्डल स्तर के कृषि कार्यालयों में सहायक कृषि पदाधिकारी के पदों पर नियमित पदस्थापन हो सकेगा। वर्तमान में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष के पदाधिकारियों की कमी थी। जिसे अब पूर्ण किया जा सकेगा। माननीय मंत्री ने कृषि सचिव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के आने से विभागीय योजनाओं को ससमय किसानों तक पहुंचाने में सहूलियत होगी तथा विभिन्न फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी। श्री पांडेय ने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष स्तर के पदाधिकारियों के 155 पदों पर नियुक्ति के लिए वर्ष 2024 में विज्ञापन प्रकाशित किया गया। मात्र एक वर्ष के अंदर ही 155 कुल पदों में से 154 अभ्यर्थियों का अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसा की गयी है। इन पदाधिकारियों की नियुक्ति हो जाने से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संकल्प बिहार के कृषि क्षेत्र को आगे ले जाने तथा किसानों की समृद्धि और कृषि रोडमैप के क्रियान्वयन में सुविधा होगी।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 13 मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई। श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 13 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। उसने आरोप लगाया है कि वे श्रीलंका के समुद्री जल क्षेत्र में अवैध रूप से घुस गए थे। श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में दो मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें श्रीलंका के जाफना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात करीब 10 बजे तमिलनाडु के कोडियाकराई के पास स्थित कराईकल के 20 से अधिक मछुआरे एक मोटरबोट में मछली पकड़ रहे थे। उन्हें श्रीलंकाई नौसेना की दो गश्ती नौकाओं ने घेर लिया। इस दौरान मछुवारे भाग गए, लेकिन एक मोटरबोट श्रीलंकाई नौसेना के हाथ लगा। कराईकल के क्लिंजल मेडु गांव के आनंदवेल की नाव में 13 मछुआरे सवार थे, जिनके नाम मणिकावेल, दिनेश, कार्तिकेयन, सेंथामिज, मैविलिनथन, वेत्रिवेल, नवाथ, राजेंद्रन, रामकी, शशिकुमार, नंदकुमार, बाबू और कुमारन हैं। इसके अलावा नवाथ, राजेंद्रन, रामकी, शशिकुमार, नंदकुमार, बाबू और कुमारन, जो नगाई और मयिलादुथुराई से हैं। श्रीलंकाई नौसेना को दावा था कि मछुआरे मुलातिवु जल क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे जो श्रीलंका की समुद्री सीमा में है। जब मछुआरे घबराकर भागने लगे, तो उन पर गोली चलाई गई। श्रीलंकाई नौसेना ने बंदूक की नोंक पर नाव में सवार सभी 13 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया।

# सामूहिक प्रयास से मिशन-225 का संकल्प होगा साकार : उमेश

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में भरी हुंकार



प्रात : किरण

पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सभी पांचों घटक दलों के कार्यकताओं का आत्मविश्वास और उल्लास आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का साफ-साफ संकेत दे रहा है। कुशवाहा मंगलवार को बक्सर के किला मैदान में आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि घटक दलों के सभी जिला अध्यक्षगण प्रखंडस्तर पर कार्यक्रम कर एनडीए गठबंधन को मजबूत प्रदान करें। आगामी विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर एनडीए का विजय पताका लहराने के लिए हरेक बूथ पर मजबूत एकता और समंजस्यता को बनाएं रखना है। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संगठन के हरेक स्तर पर समन्वय और तालमेल जरूरी है। सामूहिक प्रयास और परिश्रम के बदौलत मिशन-225 का संकल्प निश्चित साकार होगा। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा कि भावी पीढ़ियों के सुनहरे भविष्य और प्रदेश की तरक्की के लिए पुनः नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने का संकल्प लें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार द्वारा जनता के व्यापक हित में 500 से अधिक लोककल्याणकारी योजनाएं चल रही है। 19 वर्षों के शासनकाल में प्रदेश के सभी तबकों का शैक्षणिक, आर्थिक, समाजिक और राजनीतिक उत्थान हुआ है। सड़क, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बिहार को विशेष आर्थिक सहायता मिल रहा है।

# अली अनवर व दशरथ मांझी के पुत्र कांग्रेस में शामिल



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। पूर्व राज्यसभा सदस्य अली अनवर अंसारी, माउंटेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी तथा कुछ अन्य नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। अंसारी जदयू के वरिष्ठ नेता रह चुके हैं और वह अप्रैल, 2006 से दिसंबर, 2017 तक उच्च सदन के सदस्य भी रहे। उन्होंने कहा कि वह राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। अंसारी ने कहा, राहुल जी के विचारों से बिहार में भाजपा और जदयू में खलबली मच गई है। राहुल जी की बातों से राज्य में दलित, आदिवासी, अति पिछड़ों, अकलियतों और पसमांदा मुसलमानों में उत्साह का संचार हुआ है। ह्यपसमांदा मुस्लिम महाजह्न नामक संगठन के संस्थापक अंसारी ने कहा कि उनके प्रयासों का नतीजा है कि देश-दुनिया के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पसमांदा सियासत पर शोध हो रहा है। अंसारी के अलावा भगीरथ मांझी, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज प्रजापति, आम आदमी पार्टी के नेता निशांत आनंद, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े जगदीश प्रसाद, भाजपा की नेता रहीं निगहत अब्बास, लेखक और पत्रकार फ्रैंक हुजूर भी कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

# बजट सत्र 31 जनवरी से, एक फरवरी को आएगा बजट

### बजट | राष्ट्रपति मुर्मू संसद के संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन शनिवार एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का



पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सोमवार से दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो जाएगी। लोकसभा ने इसके लिए फिलहाल दो दिन (3-4 फरवरी) आवंटित किए हैं, जबकि राज्यसभा ने बहस के लिए तीन दिन निर्धारित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बजट सत्र के सुचारू संचालन के मद्देनजर चर्चा के लिए 30 जनवरी को संसद में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट सत्र के पहले चरण में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी को अवकाश के लिए स्थगित हो सकते हैं और विभिन्न मंत्रालयों व विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए 10 मार्च को फिर से मिलेंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। बजट सत्र में कुल 27 बैठकें प्रस्तावित है।

# पथ प्रमंडल गया में 26 करोड़ का अवैध भुगतान : विजय

### संवेदक और अभियंताओं की मिलीभगत हुई उजागर

प्रात : किरण

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री और पथ निर्माण मंत्री विजय सिन्हा ने मंगलवार को पथ निर्माण विभाग में करोड़ों रुपये के घोटाले का बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि जांच के बाद कई सड़क निर्माण परियोजनाओं में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। यह घोटाला 26 करोड़ रुपये से अधिक का बताया जा रहा है।

#### तीन सड़क परियोजनाओं में अनियमितता

जांच में पाया गया कि गया पथ प्रमंडल के तहत तीन सड़क परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं। जिसमें 19.18





किलोमीटर लंबा बाजीरगंज-तपोवन पथ, 17.5 किलोमीटर लंबा जमुआ-सेवतर पथ और 21.3 किलोमीटर लंबा भिंडस-चमंडीह पथ शामिल है. इन सड़कों का निर्माण राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया गया था। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस कंपनी के सभी कार्यों की समीक्षा की जाएगी. स्थानीय लोगों ने निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत की थी। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि इस घोटाले के तहत 26 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक की राशि का अवैध तरीके से भुगतान किया गया। यह भुगतान तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री वर्तमान नेता प्रतिपक्ष के कार्यकाल में किया गया है। उस समय सत्ता में बैठे लोगों ने घोटाला किया और दोषी अधिकारी पर कार्रवाई तक नहीं की पथ निर्माण विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

#### कंपनी और दोषियों पर होगी कार्रवाई

विजय सिन्हा ने कहा कि राजा कंस्ट्रक्शन के सभी कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कंपनी को संरक्षण देने वालों पर भी कार्रवाई होगी। सुल्तानगंज के कांवड़िया पथ में भी गड़बड़ी की पुष्टि हुई है, जिसके लिए संवेदक पर कार्रवाई की जा रही है। कंपनी से जुड़े संवेदकों को काली सूची में डाला जाएगा। डिप्टी सीएम ने बताया कि पथ निर्माण विभाग के तहत पूर्व और वर्तमान प्राक्कलनों की गहन जांच होगी। इसके लिए आईआईटी और एनआईटी के इंजीनियरों की टीम बनाई जाएगी। ये टीम विभाग की सभी योजनाओं की जांच करेंगे। पुलों और सड़कों का हेल्थ कार्ड भी तैयार किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि संवेदक का इतनी बड़ी राशि का अवैध विपत्र प्रस्तुत करने का दुस्साहस बिना संरक्षण के संभव प्रतीत नहीं होता है। मेसर्स राजा कंस्ट्रक्शन गया के द्वारा विभाग में किए गए सभी कार्यों की जाँच करायी जाएगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी और संवेदक के विरूद्ध भी प्रक्रिया का पालन कर संवेदक को काली सूची में डाले जाने की कार्रवाई पर भी विचार होगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि राज्य के वित्तीय संसाधन को 26 करोड़ रुपए की हानि पहुँचाने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। संवेदक के संरक्षकों की भी पहचान की जायेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा विधानसभा भाजपा के मंडल अध्यक्ष हुए सम्मानित

फतुहा। फतुहा विधानसभा भाजपा के 6 मंडल अध्यक्षों को नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, फतुहा ग्रामीण दक्षिणी अध्यक्ष उदय कुमार, जल्ला मंडल अध्यक्ष मनीष यादव, फतेहपुर मंडल विपुल सिंह, संपाचक नगर अध्यक्ष सुमित कुमार और संपाचक ग्रामीण अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह को भाजपा संगठन जिला बाढ़ के मनोनीत जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद ने अंगवस्त्र देकर जिला की आयोजित बैठक में सम्मानित किया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष क्षेत्रीय प्रभारी संजय खंडेलिया, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप मिंटू, भाजपा नेता संजय जी, भाजपा नेता सह हाथीदह मुखिया शशि शंकर शर्मा उर्फ गुड्डी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजु, जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा, जिला महामंत्री अरविंद यादव, हेमंत राज, संजय यादवेन्दु, केशवकांत सहित जिले भर के सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ताज एकता कमिटी हजरत बाबा ताजुद्दीन का 164 वाँ जन्मदीन धूमधाम से मनाया

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत गांधी स्कूल रोड स्थित हजरत पीर नसीरउद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैहे के मजार पर ताज एकता कमिटी नीमतल्ला रोड की ओर से हजरत बाबा ताजुद्दीन का 164 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ताज एकता कमिटी अध्यक्ष मोहम्मद पिंटू व मोहम्मद शहनवाज उर्फ रिंकू ने बताया की हजरत बाबा ताजुद्दीन एक महान संत फकीर थे। इन्होंने अपने जीवनकाल में बहुत से महत्वपूर्ण कार्य किये हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। ये ताज बाबा के नाम से मशहूर हैं। इनका मजार महाराष्ट्र के नागपुर शहर में स्तिथ है जहाँ हर साल उर्स मनाया जाता है जहाँ हजारों लोग इनके मजार पर चादर पोशी और गुलपोशी होती है और मीठाईयां बांटी जाती है। मौके पर चंद्र प्रिंस मोहम्मद समीम मोहम्मद सुल्तान और सिद्दीकी मोहम्मद गोल्डन मोहम्मद नसीम मोहम्मद आदिल मोहम्मद शाहरुख सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे

### बालू माफिया को संदिग्धावस्था में गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत सोमवार की रात्रि में बालू माफिया राजू यादव को नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ के संदिग्धावस्था में घुमते हुए गिरफ्तार किया गया। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार राजू बालू के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई अपराधिक मामले और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।राजू यादव मुलरूप से सारण जिले के डोरीगंज थाना के चकिया निवासी नंद कुमार राय का पुत्र है। वर्तमान में मनेर थाना क्षेत्र के गोरेया स्थान में रहता था। उसके खिलाफ बिहटा थाना में कांड सं 983/24,कांड सं 999/22 दर्ज है। दिनांक 23/10/24 धारा337/ 338/ 340(2)/ 111 /3(5) इठर एवं 25(1-b)/ 26/35 आर्म्स अधि० में वांछित है।एक और मामला दर्ज है। जिस संबंध में बिहटा थाना के द्वारा अग्रतर कारवाई किया जा रहा है। इसके अलावा कोइलवर भोजपुर थाना में तीन मामले, डोरीगंज थाना में चार मामले दर्ज हैं।राजू को बिहटा पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### राजद के वरीय नेता सह पूर्व मुखिया फागू यादव के निधन पर विधायिका ने जताया शोक



मसौढ़ी! प्रखंड क्षेत्र के दौलतपुर पंचायत के मुहफरपुर गांव निवासी राजद के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मुखिया फागू यादव का मंगलवार को हृदयगति रुकने से असामयिक निधन हो गया है।उनके निधन से शोक की लहर छाने के साथ मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।स्थानीय विधायिका रेखा देवी ने शोक जताया है।उन्होंने कहा कि अचानक छोड़कर चले जाने से पार्टी में शून्यता आ गई है।राष्ट्रीय जनता दल के लिए भरपाई करना कठिन है।उन्होंने कहा कि जो आता है उसे एक दिन जाना पड़ता है।शोक व्यक्त करते हुए राजद नेताओं ने कहा कि पार्टी ने एक मुखर आवाज को खो दिया है।उनके निधन से पार्टी को बड़ी क्षति हुई है।

# सीएचओ के छोटे से प्रयास से हमें फाइलेरिया उन्मूलन में सहायता मिलेगी : सिविल सर्जन

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं एमएमडीपी पर जिले की सीएचओ का किया गया उन्मुखीकरण

- राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के सभागार में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- आने वाले समय में सीएचओ की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी. एमडीए, एमएमडीपी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सुदृढीकरण में सीएचओ की भूमिका अहम् रहेगी. फाइलेरिया से लोगों को शारीरिक तकलीफ एवं दीर्घकालिक विकलांगता का खतरा रहता है. इसके लिए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सीएचओ की सशक्त सहभागिता अहम् है. आपके छोटे से प्रयास से हमें राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन में सहायता मिलेगीह्न, उक्त बातें जिला के सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के सभागार में आयोजित सीएचओ के फाइलेरिया उन्मूलन एवं एमएमडीपी पर आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कही. कार्यशाला में 116 सीएचओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

जिला में करीब 3500 फाइलेरिया मरीज चिन्हितः

कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन एवं एमएमडीपी पर समुदाय को जागृत एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने में सीएचओ की अहम् भूमिका है. उन्होंने बताया कि राज्य में अभी करीब 3500 फाइलेरिया मरीज चिन्हित हैं तथा करीब 2200 मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया जा चुका है. एनएमसीएच में फरवरी माह में कैंप मोड में हाइड्रोसील मरीजों का ऑपरेशन किया जायेगा. जिला में 870 हाइड्रोसील के मरीज चिन्हित हैं और 578 मरीजों का ऑपरेशन किया जा चुका है। कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. अरुण ने प्रतिभागियों को फाइलेरिया कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने एमडीए राउंड के दौरान आशा की भूमिका, दवा सेवन का महत्त्व एवं सही मरीजों की सटीक लाइन लिस्ट तैयार करने की महत्ता पर बल दिया. उन्होंने सभी सीएचओ से अपील की अपने कार्यक्षेत्र में फाइलेरिया रोग से संबंधित जागरूकता फैलाने का प्रयास करें. पिरामल स्वास्थ्य के अंशु कुमार राय ने आईएचआईपी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के तरीके की जानकारी दी।

लेप्रा सोसाइटी के एस.के.मिश्रा ने प्रतिभागियों को एमएमडीपी किट द्वारा मोर्बिडिटी मैनेजमेंट एवं रुग्णता प्रबंधन के बारे में जानकारी दी और व्यायाम तथा साफ सफाई के महत्व के बारे में बताया. सिफार के डॉ. श्यामजी मिश्रा ने प्रतिभागियों को पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म के गठन में सीएचओ की भूमिका की जानकारी दी और प्लेटफार्म द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला मलेरिया सलाहकार कल्याणी कुमारी ने किया. अंत में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया. कार्यक्रम में पिरामल स्वास्थ्य के प्रदीप कुमार ने भी अपना सहयोग दिया।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में गौरैया जागरूकता अभियान के तहत चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हमारी गौरैया और एनवायरनमेंट वारियर्स के द्वारा विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के श्रृंखला में आज आर. पी. एस. पब्लिक स्कूल दानापुर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में वर्ग 1 से वर्ग 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण में गौरैया के महत्व और संरक्षण के विभिन्न पहलों को अपनी कला के माध्यम से दशार्या। प्रचार्या श्रीमती मधु ठाकुर ने बच्चों के समक्ष संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुये कहा कि हर व्यक्ति का हर छोटा प्रयास, इस जीव के संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकता है। हम सब को कम से कम अपने छतों पर दाना-पानी की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। स्कूल कोडिनेटर श्रीमती हेमलता सैनी ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम होते रहने चाहिए, क्योंकि किसी भी जीव संरक्षण में बच्चों की भागदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है तथा हमारी गौरैया एवं एनवायरनमेंट वारियर्स के सदस्यों निशांत रंजन, भूमिका भारद्वाज, महजबी, स्वरूप सरकार तथा कोषित वर्मा का हमारे विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बहुत बहुत आभार। चित्रकरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्ग 5 की कुमारी आंशिक, दूसरा स्थान वर्ग 5 की आरजू कुमारी तथा तृतीय स्थान वर्ग 6 की जानवी ने प्राप्त किया।

## हजरत दाता कालू पीर रहमतुल्लाह अलैह में मनाया गया उर्स

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हजरत दाता कालू पीर रहमतुल्लाह अलैह बाग कालू खां का एकदिवसीय उर्स मुबारक मनाया गया। हजरत के आस्ताने पर बाद नमाज फर्जी कोरानखानी और बाद में नमाज मगरिब गुशुल मजार शरीफ और मिलादुन्नबी का आयोजन हुआ। बारगाह रेसालत में नात व मनकबत का नजरान ए अकीदत हाफीज जिबरील साहेब और मो इरफान ने पेश किया। उसके बाद हजरत मौलाना हाफीज व कारी दानिश रजा एमादी खातिब इमाम जामा मस्जिद बाग कालू खां ने शब ए मिराज की फजीलत और औलिया कराम बुजरूगान दीन के हालात जिंदगी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए हाजिरीन के दिलों को इस्लामी मालुमात से मनव्वर करते हुए फरमाया कि आज की रात बहुत ही अहम रात है। आज की रात हजुर अकरम सरकार दो आलम सरबर काएनात हजरत मोहम्मद सल्लेल्लाहे वसल्लम को मिराज हुआ और आप बारगाह खोदावंदिमे रू ब रू हुए। उसी समय हम मुसलमानों को अल्लाह ताला की जानीब से एक बड़ा तोहफा पनजगाना नेयाज की सूरत में मि ला आज हम नेयाज को छोड़ बैठे हैं। बुजरुगान दीन और औलिया कराम ने कभी नेमाज नहीं छोड़ा। अगर हम उनसे मोहब्बत करते हैं, तो आज हमें इस नूरानी महफिल में अहद करना है कि आज से नेमाज की पाबंदी करेंगे। उसके बाद सलातो सलाम और दोआ हजरत मौलाना हाफीज व कारी दानिश रजा एमादी ने अल्लाह पाक से हजरत के वसीले से दोआ की कि देश व राज्य में अमन-चैन कायम रहे। देश व राज्य में खुशहाली और तरक्की हो और हम सबके गुनाह माफ फरमाएं। जो बीमार हैं, उन्हें सफा दें, जो लोग बेरोजगार हैं, उसको रोजगार और शिक्षा ग्रहण करने वालों को शिक्षा की दौलत से मालामाल कर जो कर्जदार है, उनको कर्ज से मुक्ति दे। जो किसी कारण से इस नूरानी महफिल में न आ सकें, सबकी जाएज दोआ कबूल फरमा। चादरपोशी में डॉ एकबाल अहमद, एस सबीउद्दीन अहमद, मो सलाउद्दीन, मो रेयाज, मो शकील, मो कलाम, मो रिजवान, मो गुड्डू, मो फैजान, मो असलम, शहाबुद्दीन, जावेद हसन, मो बेलाल, मो शहाब, मो शाहनवाज, कल्लू नवाब, मो अली, मो राजू, मो एकबाल, मो फजल आदि अकीदतमंदों ने अपने-अपने अकीदत के फूल व चादर चढ़ाए।

## एंबुलेंस से शराब बेचते उत्पाद टीम ने पकड़ा, वाहन भी जब्त



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने अगमकुआं थाना क्षेत्र के भागवत नगर के बौद्ध विहार फेज-2 से एंबुलेंस में छापामारी कर विदेशी शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि वाहन पर घूम-घूम कर एंबुलेंस से शराब की बिक्री की जा रही है। इस दौरान उत्पाद निरीक्षक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी को भेजा गया। इसी दौरान भागवत नगर के बौद्ध विहार फेज-2 पर एंबुलेंस खड़ा मिला। संयोग से वह ग्राहकों को एंबुलेंस से निकाल कर टेट्रा पैक में रहे विदेशी शराब बेच रहा था। इसी दौरान उसे दबोच लिया गया। एंबुलेंस से करीब नौ कार्टून में करीब 80 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। कुल 432 टेट्रा पैक उसमें था। इसकी कीमत करीब एक लाख रुपया आंकी गई है। सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम ने एंबुलेंस को भी जब्त कर लिया गया है। साथ ही शराब बेचने वाला नालंदा जिला के हिलसा का रहने वाला जितेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वह उक्त वाहन का मालिक और चालक दोनों है। जब्त किया गया शराब उत्तर प्रदेश में निर्मित और वहीं बिक्री के लिए लिखा गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, मगर वह बार-बार बातों को बदल रहा है।

## गायघाट से भद्र घाट के बीच तीखा मोड़

### जेपी पथ से भद्रघाट गंगा पथ में कुहासा व अंधेरा से वाहन जा सकता गंगा नदी में

पटना सिटी (आनंद केसरी)



जेपी गंगा पथ से गायघाट में चालक वाहन लेकर उतरता है, तो अशोक राजपथ के गायघाट से भी भद्रघाट की ओर आना होता है। इस दौरान भद्र घाट गंगा पाथ-वे की ओर जाने के दौरान दो-तीन तीखा मोड़ का सामना चालकों को करना पड़ता है। जैसे ही चालक वाहन को लेकर भद्र घाट की ओर यानी उत्तर से पूरब की ओर घूमता है, इस दौरान हादसे की संभावना अधिक बनी रहती है। इसके पीछे कारण है कि वर्तमान में रात से लेकर सुबह तक कुहासा की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में गायघाट से भद्र घाट की ओर गंगा नदी में मिलने के दौरान चालक की थोड़ी सी लापरवाही या झपकी हादसे का कारण बन कर सकता है। दरअसल उस ओर से चालक जब वाहन को लेकर आता है, तो उत्तर की ओर ढलान है और फिर उसे पूरब की ओर वाहन को घुमाना पड़ता है। यदि थोड़ी भी झपकी या लापरवाही हुई नहीं कि वाहन सीधे गंगा नदी में चला जाएगा। ऐसे में हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि जो दो-तीन तीखा मोड़ है, वहां पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो। भद्र घाट की ओर चालक सावधानी से वाहन को लेकर उतरे और पूरब की ओर जाए। ऐसा नहीं होने पर गंगा नदी में वाहन सहित सवार के जाने से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि प्रशासन की ओर से इस तरह के हादसे को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। हालांकि गायघाट से कंगन घाट के बीच जेपी सेतु के चालू होने में अभी कुछ ही माह बीता है। इस दौरान इस तरह के हादसे अब तक सामने नहीं आया है, मगर हादसे को टाला जाए। इसके लिए जरूरी है कि गायघाट से भद्रघाट में उतरने के दौरान घाट किनारे पिलर और लोहे का मजबूत बेरियर देकर बनाया जाए, ताकि यदि चालक की असावधानी या झपकी से हादसा को टाला जा सके। विदित हो कि वर्षों पूर्व जल्ला रोड स्थित माल्य महादेव मंदिर में बिहटा से आकर एक परिवार शादी समारोह में भाग लिया था। पूरी रात बारिश होने से रास्ते में जलजमाव की स्थिति बन गई थी। जब अल सुबह वह सब सूमो वाहन से महिला, पुरुष और बच्चे लौट रहे थे, उसी दौरान नहरनुमा नाला में सूमो वाहन के गिर जाने से करीब नौ-दस लोगों की अकाल मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद प्रशासन जागा था और वहां पर भी पिलर गाड़ कर बेरियर बनाया गया। इसके बाद से कोई ऐसी घटना नहीं हो पाई। इसी तरह से महात्मा गांधी सेतु के जीरो माइल से धनुकी ऊपर मोड़ के बीच एक रास्ता धनुकी की ओर उतरता है। यहां पर गायघाट ग्रिड में बिजली लाने के लिए किनारे में टावर लगा था। एक ट्रक के पलट जाने से टावर को खासा नुकसान हुआ था। इस हादसे के बाद जीरो माइल से पुरानी बाइपास उतरने वाले रास्ते में भी पिलर गाड़ कर बेरियर लगाया गया था। जरूर इस बात की है कि भद्रघाट के पास बने पक्का सेठ के पश्चिम की ओर भी इसी तरह से पिलर गडकर बैरियर लगाया जाए, ताकि अधिक बारिश होने, कम रोशनी या घना कुहासा के बीच कोई हादसा नहीं हो सके।

## चेन व जेवर स्नेचिंग करने वाला दो हरिमंदिर गली से हुआ गिरफ्तार

### बाइक जब्त, 7 स्क्रीन टच मोबाइल सोने जैसा एक लॉकेट वह एक टॉप्स बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चौक थाना की पुलिस ने दो लोगों को मोटरसाइकिल से मोबाइल और चेन स्नेचिंग करने की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने मंगलवार को दी। बताया गया कि मंगलवार को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल से मोबाइल और चेन स्नेचिंग की फिराक में क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। इसके बाद सिटी एसपी ईस्ट की निगरानी में और डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसके बाद पूर्वाह्न करीब 11.45 बजे हरिमंदिर गली में घेराबंदी कर संदिग्ध अवस्था में दो व्यक्ति को काले रंग के अपाचे मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। जब दोनों की विधिवत तलाशी ली गई, तो उसके पास से सात स्क्रीन टच मोबाइल, सोने जैसा एक लॉकेट और एक टॉप्स बरामद किया गया। साथ ही अपाचे मोटरसाइकिल, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एफयू 4760 लिखा था, जिसे जब्त किया गया। बताया जाता है की मोटरसाइकिल भी चोरी की है। गिरफ्तार लोगों में पटना जिला के रूपसपुर थाना क्षेत्र के रुकनपुर का रहने वाला विपिन कुमार पिता सुरेश सिंह और खुसरूपुर थाना क्षेत्र के आर्य समाज गली स्टेशन रोड का रहने वाला आदि कुमार उर्फ छोटू पिता श्रवण प्रसाद है। गिरफ्तार दोनों का आपराधिक इतिहास भी है। विपिन पर पाटलिपुत्र व शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में और छोटू पर भी पाटलिपुत्र और खुसरूपुर थाना क्षेत्र में दो-दो कांड दर्ज है। डीएसपी डॉ गौरव कुमार ने बताया कि पकड़ा गया दोनों अपराधी 26 जनवरी को गायघाट के आसपास तीन लोगों से मोबाइल व चेन की स्नेचिंग किया था। इसके पूर्व वह बुद्ध कॉलोनी, शास्त्री नगर और एक अन्य थाना क्षेत्र में भी घटना को अंजाम दिया था। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह चौक थाना ध्यक्ष शशि कुमार राणा, एसआई मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, श्रवण कुमार, सिपाही राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार और योगी कुमार यादव शामिल थे।

## सक्सेस मिशन स्कूल को मिली सीबीएसई की मान्यता, हर्ष

प्रात :किरण संवाददाता



नौबतपुर : प्रखंड क्षेत्र के डिहरा स्थित सक्सेस मिशन स्कूल को 12वीं कक्षा तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपनी संबद्धता प्रदान कर दी है। सीबीएसई ने अगले शैक्षणिक सत्र से सक्सेस मिशन स्कूल को 12वीं तक मान्यता प्रदान की है। इधर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता मिलने पर स्कूल के निदेशक मनोज शर्मा ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि सभी मापदंडों को पूरा करके ही उन्होंने सीबीएसई से मान्यता के लिए आवेदन किया था। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा इसकी गहन जांच कराई गई थी। जांच टीम के अधिकारी विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्था देख काफी खुश दिखे थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय को काफी बेहतर बनाया गया है। शैक्षणिक स्टाफ से लेकर लाइब्रेरी, लैबोरेट्री, लिफ्ट तथा बच्चों के हित में अन्य बुनियादी चीजों को और समृद्ध किया गया है। वहीं स्कूल को सीबीएसई की मान्यता मिलने से स्कूल प्रबंधन के साथ अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। प्राचार्या सानिया इमाम, मैनेजर प्रियंका कुमारी, शिक्षिका जया, प्रिया राज, विनोद कुमार व विक्रांत सिंह समेत अन्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के साथ मिठाइयां खिलाकर इसका स्वागत करेगा ।

## सीमा शुल्क द्वारा चलाया गया वृक्षारोपण एवं स्वछता जागरुकता अभियान




प्रात :किरण संवाददाता

पटना / सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक एवं कार्यालय के अन्य अधिकारियों के द्वारा केन्द्रीय राजस्व आवासीय परिसर, सलीमपुर डुमरा, पटना में श्रमदान से सफाई कार्य, वृक्षारोपण एवं स्वछता जागरुकता हेतु स्वच्छ भारत के बैनर तले पैदल मार्च अभियान चलाया गया ' अभियान के तहत अनेक फलदार पौधे एवं विभिन्न प्रकार के फूलों, छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया एवम लोगों को स्वछता के प्रति जागरूक किया गया। विदित हो कि सीमा शुल्क विभाग पटना के द्वारा 16 से 31जनवरी तक स्वच्छता पखवाडा मनाया जा रहा है । स्वच्छता पखवाडा के प्रारंभ में 16 जनवरी को आयुक्त महोदय के साथ-साथ कार्यालय के सभी अधिकारियों ने अपने आसपास को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य करने का शपथ लिया था। पंद्रह दिनों तक चलने वाले स्वच्छता पखवाडा के तहत सरकारी विद्यालयों खासकर कन्या विद्यालयों में शौचालय का निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं' बक्सर जिले के जयनाथ महर्षि उप्मणि उच्च विद्यालय नियाजीपुर एवं राजपुर उच्च विद्यालय अर्जुनपुर में शौचलय निर्माण कार्य अन्तिम चरण में है' शौचालय निर्माण कार्य के साथ साथ विद्यालय प्रांगन की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्य कराए गये है। अभियान के तहत आयुक्त महोदय द्वारा सरकारी विदयालयो के छात्र-छात्राओं के बीच पठन पाठन की सामग्री भी वितरित किया गया। सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने बताया कि कन्या विद्यालयों में स्वछता के प्रति जागरूकता पे विशेष ध्यान देने कि आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे और भी सरकारी कन्या विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य हेतु प्रयासरत रहेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों में पढाई के साथ ही साथ स्वछता के प्रति जागरूकता फैलेगी।

## मार्च में होगा पांच दिवसीय बिहार ज्वेलरी फेस्टिवल का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना. अधिकाश इंटरनेशनल, दिल्ली ने आल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन, बिहार के सहयोग से बिहार ज्वेलरी फेस्टिवल का 5 दिवसीय आयोजन 21,22,23,24 एवं 25 मार्च 2025 को अपने तरह का अनूठा फेस्टिवल करने जा रहा है। अधिकाश इंटरनेशनल के मनीष सिंह और उनकी टीम ने बताया कि बिहार में अभी तक जो भी ज्वेलरी फेस्टिवल होता था उसका फायदा बिहार के बाहर के ज्वेलरी निमार्ताओ को होता था लेकिन हमारे इस ज्वेलरी फेस्टिवल से बिहार के ज्वेलरी होलसेलरो को होगा। आल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन, बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस फेस्टिवल में पूरे बिहार हर जिलों व प्रखंडों से ज्वेलर्स नि शुल्क वातानुकूलित बसों से आने जाने की व्यवस्था की गई है। इस एक्जीविशन को शॉप टू शॉप एक्जीविशन भी कहते हैं इस तरह का मुंबई, दिल्ली ओर रायपुर में भी होता रहता है। अधिकाश इंटरनेशनल ॉ के साथ आगरा और जयपुर में एक्जीविशन कर चुका है। आज पटना के एक्जीविशन रोड के होटल में बाकरगंज के लगभग 200 ज्वेलरी होलसेलरो के बीच जानकारी दिया। आस्था द ज्वेल के मालिक प्रेम नाथ गुप्ता ने बताया कि इस फेस्टिवल से ज्वेलरी व्यापार को काफी बढ़ावा मिलेगा। राजलक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक बिनोद बाबू ने बताया कि बदलते समय के हिसाब से व्यापार के तौर तरीकों में भी बदलाव जरूरी है एक अच्छी पहल है।

इस कार्यक्रम में राजलक्ष्मी ज्वेलर्स से प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार , गणपती ज्वेलर्स से अरुण कुमार जी, शक्ति ज्वेलर्स मुजफ्फरपुर से धर्म नाथ शाह, नव ज्वेलर्स हनुमान नगर से, मन्नत ज्वेलर्स से अमित कुमार के अलावा बहुत से व्यापारी मौजूद हुए।

## गुरु घर के समक्ष मत्था टेक आशीष लेने आया हूं : लव सिन्हा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने और बिहारी बाबू के नाम से प्रसिद्ध रहे सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के बड़े पुत्र लव सिन्हा मंगलवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। उनके साथ कमेटी के पूर्व वरीय उपाध्यक्ष और जिला जज से नामित सदस्य आरएस जीत भी थे। पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचने पर मैनेजर हरजीत सिंह के अलावा बलराम सिंह आदि ने उनका स्वागत किया। वीआईपी लॉउंज में जोड़ा खोलने के बाद सभी दरबार साहिब में गए। यहां गुरु के समक्ष शीश नवाया। प्रार्थना की। गुरु घर की परिक्रमा कर पवित्र कुएं का जल छका। इस दौरान ग्रंथी के द्वारा उन्हें सिरोपा प्रदान किया गया। यहां से लव सिन्हा वापस वीआईपी लॉउंज में आए। जब लव सिन्हा दरबार साहिब से निकल कर वीआईपी लॉउंज के लिए जा रहे थे, उस वक्त अनेक लोगों ने उनके साथ मोबाइल से तस्वीर खींचने का काम किया। इस दौरान खुद लव सिन्हा ने भी अपने साथ रहे फोटोग्राफर का कैमरा लेकर विभिन्न एंगल से तख्तश्री पटना साहिब की इमारत और ग्रीनरी का फोटो खींचा।दरअसल इसी साल बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। पिछले संपन्न विधानसभा चुनाव में लव सिन्हा बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि तब उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बावजूद उसके उनके पिता बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा, मां पूनम सिन्हा के अलावा दिल्ली से भी कांग्रेस के अनेक वरीय नेता आकर जनसंपर्क अभियान चलाने का काम किए थे। हालांकि पिछली बार इन्हें भाजपा प्रत्याशी नीतिन नवीन से पराजय का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि उनके पिता और मां भी जल्द ही गुरु घर पहुंचेंगे। जब बहन सोनाक्षी सिन्हा के बारे में पूछा गया, तो उनका कहना था कि इस संबंध में वह नहीं कह सकते। यह निर्णय तो खुद सोनाक्षी को ही लेना है।

## संक्षिप्त खबरें

### पैक्स चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी

बिरौल(दरभंगा) ।प्रखंड क्षेत्र के बिरौल नगर पंचायत अफजला की होने वाले पैक्स चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके लिए प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री उपलब्ध कराकर बुथ के लिए रवाना किया गया। निवार्ची अधिकारी सह बीडीओ प्रदीप कुमार झा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत में तक चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया है। इसके लिए मध्य विद्यालय खेबा में चार मतदान केंद्र बनाये गये है। सभी मतदान केदो पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए दो दर्जन से अधिक चुनाव कर्मियों को लगाया गया है। इसके अलावा मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी को मतदान केंद्र पर प्रतिनियुत किया गया है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत में पैक्स चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए तीन एवं कार्यकारिणी सदस्यों के पद के लिए 20 उम्मीदवार हैं। जिसका भाग्य का फैसला 2 हजार 201 मतदाता अपना मत का प्रयोग कर करेंगे। मतदान समाप्ति के बाद उसी दिन प्रखंड मुख्यालय में मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

### बरामद विदेशी शराब व बीयर मामले में दोषी को पांच वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख रुपए जुमार्ना

समस्तीपुर, अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने मंगलवार को उत्पाद वाद संख्या 227/21 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान हसनपुर थाना क्षेत्र के मंगलगढ़ वार्ड चार के उमेश साह के पुत्र राजू कुमार साह के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि 11 अगस्त 2021 की दोपहर अभियुक्त राजू कुमार साह के कब्जे वाले घर के अंदर बने एक पक्के सीढ़ी के नीचे से 7.65 लीटर विदेशी शराब व एक लीटर बीयर बरामद किया गया था। इस दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद बरामद शराब के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ठाकुर विक्रम सिंह व अधिवक्ता अजय कुमार एवं अभियोजन पक्ष की ओर से उत्पाद अधिवक्ता पंकज कुमार के द्वारा न्यायालय में पक्ष रखा गया था।

### कैंप लगाकर बनेगा जॉब कार्ड

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में आवास योजना में नाम जोड़ने को लेकर अनिवार्य रूप से जॉब कार्ड होना आवाश्यक है। प्रखंड मनरेगा पदाधिकारी महेश भगत ने प्रखंड के सभी रोजगार सेवक को पंचायत भवन पर 30 जनवरी 1 फरवरी तक शिविर लगाकर जॉब कार्ड निर्गत करने का आदेश दिया है। ताकि लाभुक का नाम आवास योजना की सूची में नाम जोड़ा जा सके।

### बाइक चोरी करते रंगेहाथ चोर पकड़ाया, जमकर हुई धुनाई

मसौढ़ी! नगर मुख्यालय के मेन रोड स्थित विजय मार्केट के समक्ष मंगलवार को बाइक चोरी करते चोर को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। इससे पूर्व रंगेहाथ धराए चोर की लोगों ने जमकर धुनाई की। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपित को अपनी हिरासत में ले लिया।बताया जा रहा हैं कि बाइक मालिक अपनी बाइक विजय मार्केट के ठीक सामने खड़ी कर काम करने चले गए।इस बीच बाइक चोर ने उनके हैंडल के लॉक को तोड़ दिया। जैसे ही उनकी नजर बाइक की तरफ पड़ी,उन्होंने देखा कि एक युवक सवार होकर गाड़ी स्टार्ट कर रहा है।तब तक उसने चिल्लाया। नतीजतन आस-पास मौजूद लोगों ने उसे घर लिया और जमकर पिटाई कर दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक चोर को अपने हिरासत में लेकर थाना ले आई। खबर लिखे जाने तक पीड़ित व्यक्ति के द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मसौढ़ी इलाके में आसपास अकसर लोग बाइक चोर गिरोह का शिकार हुए हैं।

# जिलाधिकारी ने कांटी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, राजस्व कर्मचारी निलंबित

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कांटी प्रखंड का विजिट कर प्रखंड अंतर्गत संचालित विकास एवं कल्याण की योजनाओं की समीक्षा की तथा अविलंब सुधार एवं प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड कार्यालय के रोकड़ पंजी का निरीक्षण किया तथा रोकड़ पंजी को अद्यतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे कार्य की समीक्षा में पाया कि पीआरएस संध्या कुमारी का प्रदर्शन असंतोषजनक है, उनसे स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कबीर अंत्येष्टि योजना पर विशेष ध्यान देने, धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने, बंद पड़े सोलर लाइट को चालू करने तथा छूटे हुए नये सोलर लाइट को जल्द अधिष्ठापित करने , योग्य लाभुकों को लेबर कार्ड देने को कहा। कांटी में 330 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं जिसमें 98 अपना भवन में संचालित, 32 का जमीन चिह्नित है जिसमें मनरेगा से कार्य जल्द शुरू होगा। आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित संचालन करने, पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को भेजने का निर्देश दिया। नल जल योजना एवं बिजली व्यवस्था का क्षेत्रभ्रमण कर नियमित निरीक्षण करने तथा चालू रखने को कहा। प्रखंड समन्वयक, लोहिया स्वच्छ बिहार कांटी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गये इसे गंभीरता से लेते हुए उनसे स्पष्टीकरण करने तथा आज का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। हेल्थ वेलनेस सेंटर तथा खेल मैदान के लिए शेष जमीन जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रखंड अंतर्गत 20 पंचायतों में डब्लूपीयू में 12 पंचायतों में चालू है, 8 में जमीन चिह्नित की जा रही है ।अंचल कार्यालय की दाखिल खारिज के कार्य की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि राजस्व कर्मचारी ,बहुआरा पंचायत अजीत कुमार के पास 218 आवेदन 75 दिन से ज्यादा से लंबित है ।जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व कर्मचारी को निलंबित करने तथा इनका प्रभार दूसरे कर्मचारी को देने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया। । साथ ही अर्थ दंड अधिरोपित करने का भी निर्देश दिया। म्यूटेशन के आवेदन को लंबित रखने के मामले में कांटी कस्बा के कर्मचारी से भी स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। लश्करीपुर, सदातपुर एवं मुस्तफापुर पंचायत के राजस्व कर्मचारी जो तीनों पंचायत के प्रभार में हैं, उनके लागिन पर क्रमशः 252, 38 एवं 88 आवेदन लंबित हैं। इनसे स्पष्टीकरण करने, वेतन बंद करने तथा दंड अधिरोपित करने का निर्देश दिया गया ।पानापुर हवेली में 139 आवेदन 75 दिन से ज्यादा लंबित पाए गए। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मचारी से स्पष्टीकरण करने ,वेतन बंद करने तथा अर्थ दंड अधिरोपित करने का निर्देश।

धमौली ,रामनाथ ढ़ेबहा, फुल्काथमनी , कोल्हुआ पैगंबर एवं दादर कोल्हुआ के राजस्व कर्मचारी से स्पष्टीकरण करने , वेतन बंद करने और अर्थ दंड अधिरोपित करने का निर्देश दिया गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांटी के निरीक्षण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसे लापरवाही मानते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण करने तथा वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा रोस्टर के अनुरूप डाक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु सिविल सर्जन को पत्र देने का निर्देश दिया। उन्होंने केंद्र पर उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों से भेंट कर आवश्यक फीडबैक भी प्राप्त किया।

## दुल्लीपट्टी पंचायत में स्वच्छता कर्मियो के बीच वाहन से साथ स्वच्छता किट का किया गया वितरण कर्मियों व अतिथियों को किया गया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र स्थित दुल्लीपट्टी पंचायत को स्वच्छता रखने को लेकर पंचायत में लोहिया स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण विकास विभाग के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य शुभारंभ को लेकर स्वच्छता कर्मियों के सामग्रियों का वितरण सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में समाज सेवी सह मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव के नेतृत्व किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुल्लीपट्टी पंचायत की मुखिया रूपम कुमारी और संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के कुल 15 वार्डो के लिए कुल 15 रिक्सा और 15 ऑटो स्वच्छता किट कर्मियो को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियोजनप्रतिनिधियों समाजसेवियों और स्वच्छता कर्मियों को पाग दोपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ दुर्गा मंदिर दुल्लीपट्टी के प्रांगण पंचायत के मुखिया रुपम कुमारी के अध्यक्षता में और मंच संचालन मनीष कुमार ने किया। समाजसेवी विरेन्द्र यादव मुखिया रुपम कुमारी मनीष कुमार पूर्व मुखिया चन्द्रमोहन सिंह पूर्व सरपंच सुखदेव साहु पंचायत समिति प्रतिनिधि राम लाल राय उप सरपंच राम भजन मंडल देवानंद झा रामविलास राम जामुन गुप्ता मनीष कुमार उप मुखिया प्रमोद गुप्ता वार्ड सदस्य रामभरोस कामत चंदन गुप्ता नरेश पासवान शेखर सिंह वार्ड सदस्य प्रतिनिधि शिव शंकर गुप्ता जीवछ पासवान स्वच्छता कर्मी श्याम पासवान अवधेश कुमार झा जागेश्वर तांती विनोद कुमार समेत सभी स्वच्छता कर्मियो को किट वितरण और वाहन के साथ हरि झंडी दिखाकर कर्मियो को रवाना किया गया। वक्ताओं ने स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोगो के बीच किये गये सामग्रियो के उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दि गई। लोगो से स्वच्छता अपनाने और यत्र तत्र कूड़ा कचड़ा नहीं फेंकने खुले में शौच नही करने पौधा रौपन करने बिना भेद भांव को बच्चों को शिक्षित करने शिक्षित समाज बनाने स्वच्छता अपनाते हुए पर्यावरण प्रकृति का संरक्षण करने की अपील की गई। स्वच्छता और पर्यावरण प्रकृति का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व और कर्त्तव्य भी है इसका निर्वहन अवश्य करे। साफ सफाई रखने से बीमारियों से दूर रह सकते है। स्वच्छता से मन और तन दोनो स्वस्थ रहता है। स्वच्छता अपना कर बापू के सपनों का साकार करने का सनकल लिया गया। इसी उद्देश्य से लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत पंचायतो में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू किया गया है। उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक करते हुए ग्रामीणो से अपील किया की प्रबंधन कार्य मे सहयोग करें,आपके सहयोग से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है। पंचायत के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता मित्र, ठेले और ई रिक्शा के माध्यम से घर घर पहुँच गीले और सूखे कचरे को एकत्रित करेगें। ग्रामीणों को बताया गया कि अपने अपने घरों में गीला कचरे को हरे रंग की डब्बा में एवं सूखे कचरे को नीले रंग के डब्बे में रखना है,आपके घर के पास स्वच्छता मित्र ठेले लेकर पहुंचेंगे ,उस ठेले पर रखे गए नीले और हरे डब्बे में अपने घर के संबंधित डब्बे के कचरे को डाल देना है। मुखिया रूपम कुमारी ने पंचायत के आम जनो से आह्वाहन करते हुए कहा कि पंचायत को रखना और पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण रखना हम सभी का कर्तव्य व दायित्व भी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## सरस्वती पूजा आयोजन को लेकर डीएम एसएसपी ने की विधि-व्यवस्था की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सरस्वती पूजा के सफल एवं सुचारु आयोजन सुनिश्चित करने तथा भूमि विवाद के मामलों का तेजी से नियमानुकूल निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने विधि व्यवस्था की बैठक समाहरणालय सभागार में की। अधिकारीद्वय ने दोनों एसडीओ एवं एसडीपीओ को अपने क्षेत्र अंतर्गत शांति समिति की बैठक थानावार करने तथा पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु अपेक्षित सहयोग एवं निर्देश से अवगत कराने का निर्देश दिया। पूजा के अवसर पर डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करनेवालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी विसर्जन जुलूस तय रूट लाइन से ही जायगा। बिना एस्कोर्ट के एक भी जुलूस नहीं निकाले जाएंगे। अधिकारीद्वय ने सभी थानाध्यक्ष को अपने क्षेत्र अंतर्गत आयोजन स्थल एवं जुलूस मार्ग का निरीक्षण करने तथा मूर्ति स्थापन हेतु नियमानुसार लाइसेंस देने का निर्देश दिया। पुरानी घटनाओं एवं मामलों पर अपेक्षित प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। सरस्वती पूजा के अवसर पर ड्रोन द्वारा मानिटरिंग तथा वीडियोग्राफी कराई जाएगी ताकि नियम का उल्लंघन करनेवालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर जगह-जगह पर लगने वाले मेला, झूला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक को नियमानुसार लाइसेंस लेने तथा सुरक्षा मानक का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश एसडीओ एसडीपीओ को दिया। उन्होंने शराबबंदी कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा जगह-जगह पर वाहन की जांच कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लगातार छापेमारी अभियान जारी रखने तथा दोषों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने तथा सक्रिय एवं तत्पर होकर कार्य करने का सख्त निर्देश दिया है। सोशल मीडिया द्वारा अफवाह फैलाने वाले तथा सामाजिक सद्भाव भंग करने वाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी तथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भूमि विवाद के मामलों के निष्पादन के लिए प्रत्येक शनिवार को थाना पर अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को संयुक्त रूप से सुनवाई करने तथा पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीओ एवं एसडीपीओ को 15 - 15 दिन पर बैठक करने तथा कम प्रगति वाले थानों को चिन्हित कर सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेया श्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी श्री अमित कुमार सहित कई जिलास्तरीय अधिकारीगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष संबद्ध थे।

## सरस्वती पूजनोत्सव व प्रतिमा विसर्जन को ले प्रशासन द्वारा ड्रोन से की जाएगी निगरानी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मंगलवार को जयनगर थाना परिसर में सरस्वती पूजनोत्सव मनाने और प्रतिमा विसर्जन एवं विधिव्यवस्था को लेकर एसडीएम वीरेंद्र कुमार और डीएसपी विप्लव कुमार के नेतृत्व एवं अध्यक्ष अमित कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति के सदस्यो और गणमान्य लोगो एवं जनप्रतिनिधियो के साथ बैठक आयोजित हुई। क्षेत्र में आयोजित होने वाली सरस्वती पूजा और प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन के द्वारा बैठक में उपस्थित लोगो से विस्तृत जानकारी और सुझाव लेते हुए विचार विमर्श कर कई अहम निर्णय लेते हुए विधि व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रशासन के द्वारा कहा गया कि जारी गाईड लाईन और निर्देश का पालन करते हुए आपसी सौहार्द व शांति पूर्वक माहौल में भक्ति भाव के साथ आस्था पूर्वक पूजनोत्सव मनाने और प्रतिमा विसर्जन करने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने में सभी से सहयोग की अपील की गई । लाइसेंस लेना अनिवार्य है। डीजे पर पूर्णतः रोक है और अश्लील भड़काव स्लोगन पोस्टर बैनर लगाने और नारा लगाने एवं आपत्ति जनक पोस्ट करने पर चिन्हित कर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। पूजनोत्सव और प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजायेंगे। शरारती और असमाजिक और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट नही करेगे। अफवाह पर ध्यान न दें अफवाह फैलाने वालो और निर्देश का पालन नही करने पर सख्त करवाई की जायेगी। मनचले व बेतरतीब वाहन चलाने वालो पर भी कार्रवाई होगी। क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। पूजनोत्सव के दिन भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में व प्रतिमा विसर्जन के दौरान कमला नदी के आसपास समेत प्रतिमा विसर्जन अन्य स्थलो पर प्रशासन के द्वारा विशेष गस्ती रहेगी प्रशासन सादे लिवास में भी मौजूद रहेंगे। पूजनोत्सव व प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन द्वारा ड्रोन से निगरानी की जाएगी। पुलिस व प्रशासन किनविशेष गस्ती क्षेत्र में रहेगी। विधि व्यवस्थाभंग करने वालो व निर्देश का पालन नही करने कर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने में सभी से सहयोग की अपील की गई। पुलिस व प्रशासन को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में एसडीएम वीरेंद्र कुमार, डीएसपी विप्लव कुमार, बीडीओ राजीव रंजन कुमार , सीओ कुमारी सुजाता , मुखिया सन्तोष मंडल, अनिरुद्ध ठाकुर, उद्धव कुंवर, भूषण सिंह, पवन यादव, दिप शिखा सिंह, सुरेंद्र महतो, हनुमान मोर, राज कुमार सिंह, श्रवण कुमार, गुड्डू साह, महेश यादव, धीरेंद्र झा, नौशाद अहमद, सौकत अली, राम अवतार ठाकुर, सरोज यादव समेत कई लोगों ने भाग लिया।

## ट्रक बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक चालक छात्र गंभीर रूम से जख़्मी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी राजनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर बेरा मो दू गच्छा के समीप मंगलवार को ट्रक और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बैक चालक गंभीर उसे हुए जख्मी बैक वही ट्रक के अंदर चेंबर में जाकर फंस गया. छात्र कृष्ण मंडल उम्र 25 पिता संजय कुमार मंडल गंभीर रूप से जख्मी हो गए. जख्मी कृष्ण कुमार मंडल को स्थानीय समाजसेवी पत्रकार सुजीत कुमार गुप्ता के द्वारा राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया उपस्थित डॉ आनंद मधुकर प्राथमिक उपचार कर जख्मी युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए. बेहतर इलाज के लिए मधुबनी सदर रेफर कर दिया. जख्मी कृष्ण कुमार मंडल पिता संजय कुमार मंडल गाव नरेहिया बजार से वी एस जे कॉलेज कम्युनिकेशन पेपर का परीक्षा दे कर लौट रहे थे.छात्र दुगच्छा के समीप ट्रक बाइक की आमने-सामने की टक्कर में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाइक ट्रक के अंदर चेंबर में इंजन के पास अटक गया वही छात्र कृष्णा मंडल गंभीर रूप से जख्मी हो गए. नरेहिया बजार गाव निवासी संजय कुमार मंडल के पुत्र कृष्ण कुमार मंडल के रूप में हुई है। स्थानीय पत्रकार सुजीत गुप्ता के द्वारा जख्मी छात्र युवक को एंबुलेंस के माध्यम से राजनगर पीएसी में भर्ती कराया गया. जहां उपस्थित डॉक्टर ने डॉ आनंद मधुकर प्राथमिक उपचार कर जख्मी युवक की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मधुबनी सदर रेफर किया गया।

## पुलिस ने 5 आरोपियों को दबोचा, देसी कट्टा और कारतूस बरामद



● गणतंत्र दिवस पर अवैध हथियार लहराने का वीडियो वायरल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गणतंत्र दिवस पर अवैध हथियार लहराने के मामले में 24 घंटे के अंदर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी योगेंद्र कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे खोपा कॉलेज के मैदान में 26 जनवरी को करीब 40-45 युवक तिरंगा लेकर बाइक रैली कर रहे थे। इस दौरान दो युवकों ने अवैध हथियार लहराए और हर्ष फायरिग की।पुलिस ने सबसे पहले ओमप्रकाश यादव और दिनेश कुमार साहु को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि अवैध हथियार सुभम यादव के पास है।सुभम की तलाश में पुलिस उसके नानीहाल हुलासपट्टी पहुंची जहां से उसे उसके दो अन्य साथियो पंकज यादव और विष्णुदेव यादव के साथ गिरफ्तार किया गया।आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सभी आरोपी मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, सिर्फ दिनेश कुमार साहु अररिया संग्राम का निवासी है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सहायक शिक्षक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। थाना क्षेत्र के बड़गांव सकिरना मार्ग में मंगलवार की सुबह एक शिक्षक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने शिक्षक को एक गोली सीने में तथा दो गोली सिर पर मारे। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक शिक्षक थाना क्षेत्र के कुशेश्वरस्थान पूर्वी नगर पंचायत के बहेरा गांव निवासी भूपी यादव का पुत्र रामाश्रय यादव (36 वर्ष) है। मृतक उच्च माध्यमिक विद्यालय अदलपुर के सहायक शिक्षक थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक रामाश्रय यादव अन्य दिनों की भांति अपने घर बहेरा से अपने बुलेट बाइक से विद्यालय के लिए चला। रास्ते में रोज की तरह अपने विद्यालय की शिक्षिका सुजीता कुमारी को सकिरना गांव में अपने बाइक पर बैठा कर विद्यालय जा रहा था। इसी दौरान बड़गांव सकिरना मार्ग में कचरुखी पुल पर दो अपाचे बाइक पर सवार चार अपराधी पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही शिक्षक की बाइक पुल पर पहुंचे अपराधी ने इशारे से बाइक को रोका। शिक्षक की बाइक जैसे ही रूकी एक अपराधी ने बाइक को बंद कर चाभी निकाल कर पूछा यह तुम्हारी बाइक नहीं है। कागज निकालो। शिक्षक जैसे ही बाइक की डिक्की से कागज निकालने के लिए मुड़े इसी बीच एक अपराधी शिक्षक को एक गोली पहले सीने में और बाद में दो गोली उसके सिर में मारी। जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल होकर बाइक से गिर गया और मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बाइक से चारों अपराधी पश्चिम दिशा बड़गांव की ओर भाग गया। इधर शिक्षक के साथ साथ आ रहे उनके सहयोगी शिक्षिका सुजीता कुमारी घटना की सूचना अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम चन्द्र पासवान को दी। सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक श्री पासवान एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक सहित छात्रों ने घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं घटना की सूचना पाकर अदलपुर,सकिरना,असमा,भालुका और बड़गांव सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग घटना स्थल पर जमा हो गया। शिक्षक एवं ग्रामीण ने बताया कि 112 तथा कुशेश्वरस्थान थाना को फोन किये लेकिन तत्काल कोई रिस्पॉन्स नही किया अगर थाना की पुलिस तुरंत आती तो अपराधी पकड़ा जाता ?इधर प्रधानाध्यापक की सूचना पर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल भी मौके पर पहुंचे और मृतक शिक्षक के साथ आ रहे शिक्षिका से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और अपराधियों के पहचान के लिए बड़गांव में लगे कई सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। इधर घटना की सूचना पर मृतक शिक्षक के गांव बहेरा से भी भारी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और शव को लेकर असमा पुल पर रख कर सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना पर पथराव कर तोड़ फोड़ किया और कुशेश्वरस्थान बाजार को बंद कराया। सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी आलोक, बिरौल और बेनीपुर के डीएसपी क्रमशः मनीष चंद्र चौधरी एवं आशुतोष कुमार तथा मनीगाछी सहित कई थाना के पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थित के नियंत्रित करने में जुट गए। ग्रामीण एसपी आलोक ने घटना स्थल का मुआयना किया और थाना पहुंच कर घटना की समीक्षा कर डीएसपी श्री चौधरी को कई आवश्यक निर्देश दिए। फौरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल एवं विद्यालय पर जाकर कुछ नमूने एकत्र किए। आक्रोशित ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने के बाद करीब साढ़े चार घंटे बाद सड़क जाम हटा और यातायात व्यवस्था शुरू हुए।

## अगले 5 दिनो तक मौसम शुष्क रहने की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में अगले 5 दिनो तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है ।इस अवधि में आसमान साफ रहने एवं सुबह में मध्यम से घना कुहासा छाए रहने की सम्भावना है। मौसम सम्बन्धी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 29 जनवरी से 3 फरवरी तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी है ।मौसमीय बेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 22.7 एवं 8.3 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 93 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 61 प्रतिशत, हवा की औसत गति 5.3 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण 1.5 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 3.5 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 15.6 एवं दोपहर में 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा तथा सुबह में मध्यम से घना कुहासा देखा गया। पूवार्नुमान की अवधि में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस वृद्धि के साथ अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 8 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। इस अवधि में धीमी गति से पछिया हवा चलने की संभावना है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 90 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 65 से 75 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि मक्का के खेत में पर्याप्त नमी न होने पर फसल में सिंचाई करें। यदि तना छेदक कीट का आक्रमण हो तो कीटनाशक डाइमेथोएट 30 ईसी 250 मि०ली०/एकड़ का छिड़काव करें। यदि फॉल आर्मी वर्म का आक्रमण ईटीएल से अधिक हो तो इन कीड़ों के प्रभावी नियंत्रण के लिए नीमिसाइड को प्रयोग करें अथवा फेरोमोन ट्रैप का प्रयोग करें। पिछात सरसों में लाही की निगरानी करे। ये सुक्ष्म आकार का कीट है, जो पौधो पर स्थायी रुप से चिपके रहते है एवं पौधो की जड़ो को छोड़कर शेष सभी मुलायम भागो, तने व फलीयों का रस चुसते है। इस कीट से बचाव के लिए डाईमेथोएट 30 ई०सी० दवा का 1.0 मि०ली० प्रति लीटर पानी की दर से घोल कर छिड़काव करें। पिछात बोयी गई गेहूँ की फसल में जिंक की कमी के लक्षण दिखाई दें रहें हो तो 2.5 किलोग्राम जिंक सल्फेट, 1.25 किलोग्राम बुझा हुआ चुना एवं 12.5 किलोग्राम यूरिया को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से 15 दिन के अन्तराल पर दो बार छिड़काव आसमान साफ रहने पर करें।

## दुल्लीपट्टी में हुए गोलीबारी कांड मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर दुल्लीपट्टी में हुए गोलीबारी कांड मामले में एक आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार के नेतृत्व में प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी विप्लव कुमार के द्वारा थाना अध्यक्ष अमित कुमार व पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार की उपस्थिति में दी गई जानकारी के मुताबिक 26 जनवरी रविवार की शाम थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी कस्तुरबा विद्यालय के समीप के पास रोड के किनारे दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात अपराधियों के द्वारा थाना क्षेत्र कुआढ निवासी सतो यादव और खजौली थाना क्षेत्र के छपराढ़ी निवासी पप्पू कुमार यादव को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। गोलीबारी घटना को अंजाम देने के पश्चात अपराधी फरार हो गया। मामले के उद्भेदन व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु त्वरित कार्रवाई हेतू एसआइटी टीम का गठन किया गया। जख्मी पप्पू कुमार यादव के फर्द ब्यान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मधुबनी द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर के नेतृत्व में एसआईटी टिम का गठन किया गया। एसआईटी टिम द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए घटना के 24 घंटा के अन्दर मामले में संलिप्त एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के गोबराही निवासी 36 वर्षिय अजित कुमार बताया जाता है। गिरफ्तार आरोपी की गिरफ्तारी गोबराही गांव उसके घर से किया गया। मामले में अन्य आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु छापामारी कि जा रही है। गिरफ्तार आरोपी अजित का अपराधिक इतिहास रहा है ।एसआइटी छापेमारी दल में थाना अध्यक्ष अमित कुमार पु.अ.नि. शुभम कुमार पु.नि .अनुप कुमार तकनिकी शाखा पु. नि. बिक्रम आचर्या तकनिकी शाखा समेत अन्य पुलिस बल शामिल है।

## होमगार्ड जवानों ने अपनी 21 सूत्री मांगों के समर्थन में थाली पीट कर किया प्रदर्शन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर में बिहार गृह रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के बैनर तले होमगार्ड जवानों ने मंगलवार को अपनी 31 सूत्री लंबित मांगों को लेकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे होमगार्ड जवानों ने थाली पीट कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल बिहार गृह रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ समस्तीपुर इकाई के जिलाध्यक्ष कैलाश झा का कहना है कि बिहार सरकार के द्वारा गृह रक्षकों की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया जा रहा है। जब-जब आंदोलन हुए हैं सिर्फ आश्वासन ही मिला हैं। लेकिन उसके बाद उस पर कोई ठोस कार्रवाई नही होती है। सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी पालन नही कर रही है। जिलाध्यक्ष कैलाश झा ने बताया कि जिले में 510 होमगार्ड के जवान हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर गृह रक्षकों की मांग को गंभीरता से नहीं लेती है तो एक मार्च से बिहार के सभी गृह रक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। बता दें कि अपनी मांगों को लेकर गृह रक्षकों ने 27 जनवरी को धरना दिया था। वहीं 29 जनवरी को गृह रक्षक मशाल जुलूस निकालेंगे। गृह रक्षकों का कहना है कि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो गृह रक्षक राइफल गोली जमा कर कार्य का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर चले जाएंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, बुधवार, 29 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड स्तरीय रबी मोसम आवृत्तिय सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



बरियारपुर(मुंगेर)।अंम्बेदकर भवन के सभागार में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय रबी मोसम(कृषि वर्ष 2024-25) कृषि साख्यिकी आवृत्तिय वर्ष सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड साख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने किया।इस अबसर पर प्रखंड कृषि समन्यक राणा प्रताप सिह, व भावनी भुषण सिन्हा के साथ किसान सलाहकार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अंचल के राजस्व पदाधिकारी के द्वारा फसलो के गुणवत्ता के अबलोकन करेंगे।

### श्री महादेव आहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट ने समारोह के साथ मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस सह 26 जनवरी को लेकर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों पर सुबह 8:00 बजे के बाद समारोह पूर्वक झंडोत्तोलन हर्षोल्लास के साथ दिन के 10:00 बजे तक अलग-अलग समय में किया गया।इस मौके पर श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट हवेली खड़गपुर कार्यालय परिसर में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह के साथ मनाया गया।सबसे पहले मुख्य अतिथि सह वार्ड 12 के वाड पार्षद रुबी देवी ने झंडोतोलन की।इस मौके उन्होंने कहा कि आज हम लोग 76 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं।यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि समाजिक समरसता के लिए श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट से सभी सदस्यों के अलावे समाज के वैसे गरीबों तक संस्थान मदद के लिए तैयार रहता है।समारोह को सचिव अनुराधा कुमारी कोषाध्यक्ष सदानंद नायक राम जी शाह सहित कई अन्य ने सम्बोधित किया।इस मौके पर अजय कुमार शाह लालजी केसरी बबलू कुमार ठाकुर साहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

# मुख्य सचिव ने वीसी के जरिए गतिशील योजनाओं की समीक्षा की : जिलाधिकारी

प्रात: किरण, संवाददाता




जमुई बिहार सरकार के मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य सरकार की विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और वांछित दिशा-निर्देश दिये जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार 28 जनवरी को सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया और देय निदेशों को आत्मसात किया। मुख्य सचिव ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, गृह विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, खेल विभाग , खनन एवं भू-तत्व विभाग , विधि विभाग , परिवहन विभाग , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग , सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, संयुक्त कर विभाग, मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग तथा कला युवा एवं संस्कृति विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और प्रगति प्रतिवेदन का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यों को पूरा किए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिए जाने का निर्देश सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत मे अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल, अपर समाहर्ता , जिला जन संपर्क पदाधिकारी भानु प्रकाश समेत सभी सम्बंधित पदाधिकारी विडियो कांफ्रेंस में उपस्थित थे।

## बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन 05 को




जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेशम में बताया कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम, जमुई में अगामी 05 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी महोत्सव के तहत रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसअवसर पर विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम ,क्षेत्रीय,गायन का आयोजन किया जाएगा ' इच्छुक कलाकार समाहरणालय स्थित कला एवं संस्कृति कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र पर उपलब्ध है। जिलाधिकारी महोदया ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी जारी है। जिसमें स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा दिया जाना है। इसी उद्देश्य को लेकर बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक कलाकार अंकित पता पर आवेदन कर इस कार्यक्रम का लाभ उठाए।

# लुट कांड का एसपी ने किया उदभेदन, दो बदमाश गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। शादी कर बांका से यूपी लौट रहे यूपी के दूल्हे से लूटपाट करने और दूल्हे के जीजा को गोली मारने के अलावा बरियारपुर और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके कलारामपुर में यात्रियों से लूटपाट करने वाले गिरोह के दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों ने दो लूटपाट की दो घटना में अपनी संलिपिता स्वीकार की है । पुलिस ने अपराधियों के पास से लूट के तीन मोबाइल को भी बरामद किया । गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि 5 अपराधियों ने मिलकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे । एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर यह अपराधी रात्रि में सुनसान सड़कों पे योजना बद्ध तरीके से यात्रियों से लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे थे। लूटपाट घटना की दो अलग-अलग दर्ज प्राथमिकी के आधार पर छानबीन के दौरान पुलिस ने गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन गिरोह के अपराधियों के द्वारा सड़क पे जा रहे वाहनों पे पत्थर मार गाड़ी रुकवा लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है । जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है ।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र,छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक आकर्षक प्रस्तुति से मौजूद लोगों को किया मंत्रमुग्ध



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- फीनिक्स वर्ल्ड स्कूल अलीगंज में वार्षिकोत्सव पर मंगलवार को सांकृतिक कार्यक्रम में स्कूल के छात्र -छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़ कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बनाया।, वहीं कार्यक्रम में एलकेजी,नर्सरी,यूकेजी के नन्हें मुन्नें बच्चों द्वाराह्व ए तो सच है की भगवान हैह्व गाने की धुन पर प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया,यूकेजी के छात्र इंग्लिश पोएम प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया, वहीं वन क्लास की छात्रा के द्वारा हरे कृष्ण हरे राम पर डांस करते हुए मन मोहा, वहीं स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य, कत्थक नृत्य,कुचीपुड़ी नृत्य, इस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों के प्रधान एवं सांकृतिक समागम से सुसज्जित ने स्कूल चले हम ,बुमरो बमरो, झारखंड, पंजाब, राजस्थान, बिहार, असम, महाराष्ट्र के अलाव अन्य राज्यों की सांकृतिक की प्रस्तुति को गई, छात्राओं के द्वारा समाज में जो स्कूल के लड़कियों के साथ उत्पीड़न एवं अत्याचार हो रही इस नाटक के माध्यम से उसे दिखाया गया, वहीं आज के दौर मे माता पिता के साथ बच्चे दुर्व्यवहार पर प्रस्तुति किये पुलवामा हमला में शाहिद जवानों का शहीदी पे,शिक्षा के आधार पे बच्चो को कैसे मोटिवेट करे, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,बच्चो के द्वारा शानदार प्रस्तुति से मौजूद लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया,वही स्कूल में अच्छे प्रदर्शन करने पर छात्र छात्राओं को उपस्थित अतिथियों के द्वारा बच्चो को प्रस्तुति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया,को मौके अभिषेक कुमार एवं सरजीत कुमार,मोङ्क आलम,एवं गणमान्य लोग के अलावे शिक्षक/शिक्षिका ,स्कूल कर्मचारी सहित सैकड़ों अभिभावक एवं प्रतिनिधि मौजूद थे

## एक युवक को गोली मारकर किया जख्मी

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनीबिगहा गांव में मंगलवार की दोपहर आपसी विवाद में एक युवक को गोली मार दिया।गोली दाहिने बांह में लगी है।जख्मी युवक को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। गोली बांह में जाकर फंस गई है।जख्मी युवक परसा बाजार के पलंगा निवासी राकेश प्रसाद सिंह के 21 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार है।वर्तमान मे अपने ननिहाल कोथवां मे रहता है। रौशन ने बताया कि दोपहर में एक दोस्त के साथ लखनीबिगहा गये थे। वहां एक चाय नास्ता के झोपड़ीनुमा दुकान पर बुल्ला नामक एक युवक खड़ा था। उससे किसी बात पर बहस होने लगी।बात बढ़ने पर बगल के खेत में जाकर बहस करने लगे। इसी बीच बुल्ला ने कमर से पिस्तौल निकाल लिया और फायरिंग कर दिया।जो दाहिने बांह में जाकर लगी।

# एसपी ने फीनिक्स वर्ल्ड स्कूल अलीगंज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का किया उद्धघाटन

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंजः-अलीगंज बाजार स्थित फीनिक्स वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को पांचवीं वर्षगांठ पर फीनिक्स वर्ल्ड स्कूल के प्राचार्य एस भट्टाचार्य के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बच्चों के द्वारा स्वागत गान गाकर कर अतिथियों का स्वागत किया।इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि जमुई पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद,किसान श्री धर्मेंद्र कुशवाहा, फीनिक्स वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्ट एस कुमार,प्रिंसिपल एस भट्टाचार्य,संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।,इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,बुद्धिजीवियों एवं सैकड़ो अभिभावकों ने भाग लिया।, वहीं स्कूल के निदेशक डॉक्टर एस कुमार ने मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।,वहीं स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जमुई कप्तान मदन कुमार आनंद ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की समाज में शिक्षा होगी तभी लोगों और समाज का विकास होगा।,शिक्षा के बगैर जीवन अंधेरा होता है,शिक्षा वह दीप है जो जीवन भर रौशनी देते रहती है, कभी बुझती नही, बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना हर अभिभावकों का कर्तव्य है,बच्चे देश के भविष्य है,बच्चे पढ़ेंगे लिखेंगे तभी आगे चल कर देश की सेवा करने का मौका मिलेगा,बच्चे को अच्छे संस्कार देना, बच्चे की उन्नति के साथ साथ संस्कार मिलते है, इस तरह का कार्यक्रम से प्रतिभा की पहचान और प्रोत्साहन से बच्चों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा और रुचियों को पहचानने और प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है। श्री आनंद ने सभी उपस्थित बच्चों को अभिवादन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये। वहीं किसान श्री धर्मेंद्र कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा की अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देता है हमें समाज को शिक्षित और संस्कृत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए, यहाँ के स्कूल डायरेक्टर एस कुमार बधाई के पत्र इस स्कूल में के बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए काफी परिश्रम कर रहे अपने क्षेत्र के बच्चो को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार शिक्षको द्वारा प्रदान कर रहे है एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी सारी सुविधा दे रहे,जो आज के समय काफी महत्वपूर्ण है, अभिभावकों के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कृत एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है , स्कूल के डायरेक्टर एस कुमार ने कहा की बच्चे देश की भविष्य है उन्हे अच्छे संस्कार एवं शिक्षा मिलना बहुत जरूरी है ताकी वे बड़े होकर समाज को अच्छी दिशा दे सके हर माता पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करे, की बच्चो के अंदर जो कला छुपी होती है उसे बाहर लाने के लिए कार्यक्रम की प्रस्तुति बहुत जरूरी होती है इन सब कार्यक्रमों से निर्भय होकर कला का प्रस्तुति कर सके,कार्यक्रम से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारती ही, सभी अभिभावकों को अपने बच्चे के पीछे टाइम देना चाइए, हमारे स्कूल में अलग अलग राज्य के अनुभवी शिक्षको के द्वारा बच्चो की शिक्षा प्रदान करते है, इसकी दृश्य अपलोग अभिभावक देख रहे है,अगर अपलोग की सहयोग इसी तरह रहे तो और बच्चे अपने माता पिता के साथ साथ स्कूल का नाम रौशन करेगा, वहीं प्राचार्य एस भट्टाचार्य ने सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए कहा की बच्चो को शिक्षा देकर ही समाज का विकास कर उनकी उज्जवल भविष्य बनाने में शिक्षक का योगदान महत्वपूर्ण है,बच्चे देश की भविष्य होता है,बच्चे मन के सच्चे होते है जैसे उन्हें जिस रूप में उन्हें ढालेंगे उसी रूप में ढलेगा,एक गुरु की कामना होती है की बच्चे भविष्य में अभिभावक एवं शिक्षक का मान बढ़ाए, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से एक बढ़ कर अपना जौहर दिखाया,मौके पर ,छात्र छात्रा एवं अभिभावक के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित थे

# सरस्वती पूजा को लेकर बरियारपुर थाना परिसर में शान्ती समिति के बैठक का आयोजन किया



प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। मोडल थाना बरियारपुर के परिसर में सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर शान्ती समिति बैठक का आयोजन किया गया। इस की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष बीर भद्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि आगामी तीन फरवरी को सरस्वती पुजा का आयोजन होने जा रहा है।आप लोग शान्ती पुर्णढंग से इस त्योहार को मनाये। सभी पूजा पंडाल संचालकों से अपने पंडालों की सुरक्षा स्वंय सुनिश्चित करेंगे।हमारी गस्ती दल आपके निगरानी के लिए सदा तैयार रहेगी।पंडाल के अंन्दर बिध्युत प्रवाह पर बिशेष चौकसी बरतने की अपील करते हुए कहा बिध्युत बिभाग के आदेशों का अक्षरः सह पालन करते हुए अपने पंडालों की सुरक्षा आपके जिम्मेदारी बनती है।सरस्वती प्रतिमा बिर्सजन के लिये 4 फरवरी को शाम तक आप बिर्सजन करे जिससे निर्धारित समय से प्रतिमा बिर्सजन के लिए कुछ पंडाल संचालको ने आपत्ति दर्ज किया। जिसे पुलिस निरिक्षक ने खारिज करते हुए कहा आप निर्धारित समय से मूर्ति बिसर्जन करें हम आपके साथ है।इस मौके पर बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार गुडडू जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मंडल मखिया करहरिया पश्चिमी पंचायत अशोक कुमार मंडल अंग नाटक मंच अयोजन अभय कुमार जदयू युवा अध्यक्ष चंदन दिवाकर भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष राजीव कुमार टिटू एस आई रौशन कुमार एस आई आरती कुमारी एस आई पूजा कुमारी भाजपा प्रखण्ड कार्यसमिति सदस्य रबिन्द्र कुमार सिंह उपमुखिया बरियारपुर उतरी पंचायत मौजूद थे।

## चोरी की स्कूटी बरामद, शराब व बाइक किया जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान अदरक घाट के पास से एक चोरी स्कूटी बरामद किया है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर मालसलामी थाना की पुलिस ने बाइक पर लदे 60 लीटर देसी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त वाहन के आधार पर पुलिस दोनों ही मामले में छानबीन और छापेमारी कर रही है।

# माघी पूर्णिमा और सीताकुंड में लगने वाले मेले को लेकर समिति ने किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। सीताकुंड में आयोजित होने वाले 30 दिवसीय माघी मेला 11 फरवरी को शुरू होगी। माघी मेला के सफल संचालन को लेकर सीताकुंड परिसर में सीताकुंड विकास समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर विधायक प्रणव कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर प्रमुख नरेश कुमार उपस्थित हुए । बैठक में माघी मेला को लेकर विस्तार पूर्वक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सदस्यों नेहर एक बिंदुओं पर अपनी अपनी राय जाहिर की जिससे कि मेला का संचालन व्यापक रूप में हो सकें । मेला को सही रूप में संचालक को लेकर 50 से भी अधिक वॉलिंटियर बनाए जाने पर बल दिया गया । वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी एक से एक राय व्यक्त किए गए। समिति के सचिव डब्लू यादव ने कहा की पिछले साल की तरह इस साल भी मेला को लेकर बेहतर व्यवस्था की जाएगी । उन्होंने कहा किसभी लोगों का सहयोग काफी आवश्यक है । वही मनीष कुमार यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से रामायण आदि की प्रस्तुति की जाएगी । साथ ही सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर हर मायने में व्यवस्था किया जाएगा । वालंटियर की कप्तानी वरिष्ठ सदस्य धनराज यादव को दिया गया । वहीं मुख्य अतिथि विधायक प्रणव कुमार ने कहा कि सीताकुंड का विकास हमारी प्राथमिकता में एक है । को धार्मिक न्यास परिषद में शामिल करने के लिए मैंने काफी प्रयास किया , जिसका नतीजा अब सामने आया है और यह धार्मिक न्यास परिषद से रजिस्टर्ड हो चुका है । सीताकुंड का विकास लगभग 9 करोड रुपए की लागत से दो चरणों में किया जाएगा । इसके लिए मैंने राजस्व मंत्री तथा पर्यटन मंत्री से भी बात की है । सभी ने मुझे आश्वासन दिया कि जल्द ही सीताकुंड का सर्वांगीण विकास किया जाएगा । उन्होंने कहा कि उद्घाटन के लिए पर्यटन मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मेरी बात हुई है । अगर मुख्यमंत्री का 11 फरवरी को प्रगति यात्रा के दिन सम्राट चौधरी शामिल नहीं होंगे तो वह निश्चित रूप से उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे । साथी उन्होंने कहा कि सीताकुंड मांघी मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिए जाने को लेकर मैं कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखियाअजय यादव,पूर्व सरपंच बैरागी यादव ह्य धनराज यादव ह्य सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र मंडल, शिशिर कुमार लालू ह्य खजांची मंडल , शंकर यादव, बबलू यादव, उदेश यादव सहित काफी संख्या में समिति के अधिकारी व सदस्य मौजूद थे ।

# जिलाधिकारी ने की बड़ी कार्रवाही : कार्य के प्रति लापरवाही और अनियमितता के आरोप में नप गए टेटिया बम्बर के प्रखण्ड शिक्षा पदधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर ।जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनियमितता के आरोप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, टेटियाबंबर तथा उनके साथ कार्य कर रहे नियोजित शिक्षक एवं उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, श्रीमतपुर, मुंगेर के विद्यालय अध्यापक के विरूद्ध दण्डात्मक एवं विभागीय कार्रवाई करते हुए जहां प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी टेटियाबंबर के खिलाफ प्रपत्र क गठित कर निलंबित करने, उनके साथ कार्य कर रहे नियोजित शिक्षक अमरकांत पटेल के विरूद्ध विशिष्ट शिक्षक नियमावली के प्रावधान अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई करने एवं उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, श्रीमतपुर, मुंगेर के विद्यालय अध्यापक नीतिश कुमार नवीन के खिलाफ बिहार राज्य अध्यापक (नियुक्ति स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली-2023 के प्रावधान अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं दोनों शिक्षकों के खिलाफ शिक्षा विभाग, पटना से शिकायत पत्र प्राप्त हुए था, जिसके आधार पर इसकी जांच जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता मुंगेर से कराया गया। जांचोंपरांत पाया गया कि टेटियाबंबर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा एक नियोजित शिक्षक अमरकांत पटेल को बिना किसी उच्च पदाधिकारी के सहमति के बगैर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए उन्हें गैर शैक्षणिक कार्य में रखा गया है। जांचोपरांत यह बात सामने आई की उक्त शिक्षक अमरकांत पटेल द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यालय प्रधानों एवं शिक्षकों से अवैध उगाही का कार्य कराया जा रहा है।जिलाधिकारी ने बताया कि उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय श्रीमतपुर मुंगेर के विद्यालय अध्यापक नीतिश कुमार नवीन पर दसवीं के छात्रों से प्रैक्टिकल एग्जाम के लिये अवैध रूप से 100 रु० लिये जाने की शिकायत मिली थी, जिसकी जांच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संग्रामपुर से कराया गया। जांचोपरांत नीतिश कुमार नवीन, विद्यालय अध्यापक द्वारा छात्रों से प्रैक्टिकल के नाम पर 100 रु० वसूली किये जाने का आरोप सही पाया गया तथा जांच के क्रम में जांच पदाधिकारी के समक्ष वसूल की गयी राशि छात्रों को वापस किया गया। आरोप प्रमाणित होने पर नीतिश कुमार नवीन, विद्यालय अध्यापक, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय श्रीमतपुर के विरूद्ध बिहार राज्य अध्यापक (नियुक्ति स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली-2023 के प्रावधान अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इधर जिलाधिकारी द्वारा की गयी इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों में हड़कंप मच गयी है।

# पं . शीलभद्र याजी की 29 वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

बख्तियारपुरः पं. शीलभद्र याजी मेमोरियल वोकेशनल ट्रेनिंग संस्थान में उत्तराधिकारी संगठन एवं आम जनता ने प्रखर स्वतंत्रता सेनानी,किसान नेता,पूर्व राज्य सभा सदस्य, पूर्व विधायक देशरत्न पं. शीलभद्र याजी जी की 29वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सीढ़ी घाट स्थित आदमकद प्रतिमा एवं समाधि स्थल पर श्रद्धा पूर्वक पुष्पांजली अर्पित किया और संस्थान के छात्र एवं छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरण किया गया, पुण्यतिथि समारोह में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अच्युतानंद याजी, प्रदेश महासचिव रामानंद सिंह,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बड़े भाई सतीश कुमार,हरिद्वार प्रसाद, श्यामानंद याजी, जनार्दन याजी, दिनेश प्रसाद, दिपक सिंह, दयानंद शर्मा, अशोक सिंह, राजू कुमार सिंह, शशि कुमार उर्फ पप्पु, विजय कुमार, भुनेश्वर प्रसाद यादव, शंकर विश्वकर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में उत्तराधिकारीयों ने पं. शीलभद्र याजी के कर्तृत्यों की चर्चा करते हुए सभी से देश की एकता, अखण्डता एवं संप्रभुता की रक्षा करने का तथा नये भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने का संकल्प लिया ।

# संत कबीर कॉलेज के पास मुफ्फसिल थाना के लिए जगह चिन्हित, बिशनपुर में खुलेगा नया थाना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना को नगर थाना परिसर से मुफ्फसिल क्षेत्र में शिफ्ट किया जाएगा। इसको लेकर मुफ्फसिल क्षेत्र में नए थाना के लिए जगह की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरबद्धा के संत कबीर कॉलेज के पास जगह चिन्हित किया गया है। वहीं समस्तीपुर प्रखंड के बिशनपुर में भी एक नया थाना खुलेगा। बिशनपुर थाना के लिए मुख्यालय ने प्रस्ताव की मांग के बाद जिला पुलिस प्रस्ताव भेजने की तैयारी में जुट गया है। बता दें कि मुफ्फसिल के पूर्वी क्षेत्र में आने वाले पंचायत बिशनपुर थाना अंतर्गत आएंगे। इसमें जितवारपुर चौथ व जितवारपुर निजामत, हकीमाबाद, बिशनपुर, मोरदीवा, केवस निजामत और छतौना पंचायत शामिल रहेंगे। बता दें कि बिशनपुर अभी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आता है। वहीं अन्य क्षेत्र यथावत मुफ्फसिल थाना के अंतर्गत रहेंगे। हालांकि जब तक बिशनपुर थाना के लिए नोटिफिकेशन आना अभी बाकी है। जब तक बिशनपुर थाना नहीं खुलता है, तब तक वह मुफ्फसिल थाना अंतर्गत ही रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना के लिए संत कबीर कॉलेज के पास लगभग एक एकड़ जमीन पर नए थाना का निर्माण होगा। चिन्हित जमीन की खरीद की प्रक्रिया को जल्द ही अंतिम रूप देने को लेकर विभाग जुट गया है। वहीं प्रस्ताव के बाद मुख्यालय के निर्देश पर बिशनपुर थाना के लिए जमीन चिन्हित कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। बताते चलें कि सरायरंजन के नरघोघी बने श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निकट भी एक नया पुलिस थाना खुलेगा। थाना का मेडिकल कॉलेज से ही जुड़ा होगा। वहीं मोरवा में भी एक नया थाना खुलना प्रस्तावित है। बता दें कि मोरवा में अभी थाना नहीं है। अभी उसका कुछ हिस्सा में ताजपुर और हलई थाना अंतर्गत आता है।

# सरस्वती पूजा एवं शब-ए- बारात को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई. जिलाधिकारीश्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी सरस्वती पूजा एवं शबे -ए-बारात पर्व के मद्देनजर शांति सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए नगर परिषद के सभागार में मंगलवार 28 जनवरी को जिला ,अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी सरस्वती पूजा एवं शब -ए-बारात पर्व शांति पूर्ण माहौल एवं उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी वाहन गस्ती एवं पैदल गस्ती संबंधित मजिस्ट्रेट के साथ लगातार भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखेंगे। विसर्जन स्थल का भौतिक सत्यापन हर हाल में सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य पंडालों में लाइजनिंग ऑफिसर्स द्वारा रात्रि प्रहर में वॉलिंटियर्स की प्रतिनियुक्ति किया जाये। अग्नि सुरक्षा प्रवेश एवं निकास द्वार भीड़ तंत्र पर नियंत्रण गड़बड़ी करने वालों, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि मूर्ति स्थापना के लिए लाइसेंस का होना अनिवार्य है। सभी लाइसेंस धारी को विसर्जन का रूट, टाइमिंग हर हाल में निर्धारित करें, वॉलिंटियर्स आई कार्ड का वेरिफिकेशन निश्चित रूप से करें । ड्रोन ,सीसीटीवी, वीडियोग्राफी की व्यवस्था निश्चित रूप से की जाए ' उन्होंने कहा कि डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अश्लील गाने पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल के संचालकों, कोचिंग संचालकों के साथ बैठक करें ,विसर्जन स्थल पर गोताखोर, बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पंडालों में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर पूजा स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## सनातन धर्म में एकादशी को नरक से मुक्ति और मोक्ष दिलाने वाला व्रत माना जाता है

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह में कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि पड़ती है। पुराणों में माघ माह को बड़ा ही पुण्यदायी माना जाता है। इस माह में स्नान और दान करना बेहद उत्तम माना जाता है। मान्यता है कि माघ माह में स्नान, दान और व्रत का फल अन्य महीनों से अधिक मिलता है। माघ माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को षटतिला एकादशी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार, इस व्रत के प्रभाव से मनुष्य के अनजाने में किये गए सभी पाप समाप्त हो जाते है और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इसलिए कहा गया है कि माघ मास में व्यक्ति को पूरे माह अपनी समस्त इन्द्रियों पर काबू रखना चाहिए और काम, क्रोध, अहंकार, बुराई तथा चुगली का त्याग कर भगवान की शरण में रहना चाहिए। सनातन धर्म में एकादशी व्रत को बहुत ही उत्तम माना गया है। इस व्रत का पालन करने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। एकादशी व्रत भक्तिपूर्वक करने से व्यक्ति को कभी भी पिशाच या प्रेत योनि में नहीं जाना पड़ता है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। एकादशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित है, इसलिए इस दिन साफ और सच्चे मन से भगवान का गुणगान करना चाहिए और इस दिन अपने गुस्से पर नियंत्रण रख कर मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए। मान्यता है कि जो लोग एकादशी व्रत नही करते हैं, उन्हें खान-पान और व्यवहार में सात्विक रहना चाहिए। एकादशी के दिन लहसुन, प्याज, मांस, मछली, अंडा आदि नहीं खाना चाहिए और झूठ, ठगी एवं अन्य तामसी कार्यों का त्याग करना चाहिए।एकादशी के दिन चावल खाना भी वर्जित माना जाता है। एकादशी व्रत दो प्रकार से रखा जाता है। निर्जला और फलाहारी या जलीय व्रत। निर्जला व्रत पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति को ही रखना चाहिए। सामान्य लोगों को फलाहारी या जलीय व्रत रखना चाहिए। प्रत्येक माह में 15-15 दिन पर एकादशी आती है। एकादशी का व्रत पाप और रोगों को खत्म कर देता है। वृद्ध, बालक और बीमार व्यक्ति को एकादशी नही करना चाहिए लेकिन सभी लोगों को एकादशी के दिन चावल का त्याग अवश्य करना चाहिए। शास्त्र अनुसार एकादशी के दिन जो व्यक्ति चावल खाता है तो उसे एक-एक चावल एक-एक कीड़ा खाने का पाप लगता है। इसलिए एकादशी के दिन व्रत न भी किया हो तो भी चावल का परित्याग अवश्य करना चाहिए। एकादशी के दिन घर में झाड़ू भी नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि चींटी आदि सूक्ष्म जीवों की झाड़ू से मृत्यु होने का भय रहता है। एकादशी व्रत रखने वालों को इस दिन बाल नहीं कटवाना चाहिए और न ही अधिक बोलना चाहिए, क्योंकि अधिक बोलने से मुख से न बोलने वाले शब्द भी निकल जाते हैं। एकादशी के दिन यथा शक्ति दान करना चाहिए, लेकिन स्वयं किसी का दिया हुआ अन्न आदि कदापि ग्रहण नही करना चाहिए। सनातन धर्म में माघ माह के एकादशी को नरक से मुक्ति और मोक्ष दिलाने वाला माना जाता है। इस माह में पड़ने वाली एकादशी इस बात को बताती है कि धन आदि की तुलना में अन्नदान सबसे बड़ा दान है। मुनि श्रेष्ठ पुलस्त्य ने दाल्भ्य के नरक से मुक्ति पाने के उपाय के विषय में बताते हुए कहा है कि मनुष्य को माघ माह में अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखते हुए क्रोध, अहंकार, काम, लोभ और चुगली आदि का त्याग कर ही माघ मास के कृष्णपक्ष की एकादशी का व्रत करना चाहिए। वर्ष 2025 में पड़ने वाली 24 एकादशी में, जनवरी माह में 10 जनवरी को पुत्रदा एकादशी (बैकुंठ एकादशी, द भ) और जनवरी को षट्तिला एकादशी, फरवरी माह में 08 फरवरी को जया एकादशी (भैमी एकादशी, बंगाल) और 24 फरवरी को विजया एकादशी, मार्च माह में 10 मार्च को आमलकी एकादशी और 26 मार्च को भागवत एकादशी, अप्रैल माह में 08 अप्रैल को कामदा एकादशी और 24 अप्रैल को बरुथिनी एकादशी, मई माह में 08 मई को मोहिनी एकादशी और 23 मई को अपरा एकादशी (जलक्रीडा एकादशी, उड़ीसा एवं भद्रकाली एकादशी, पंजाब), जून माह में 06 जून को निर्जला स्मार्त एकादशी और 22 जून को भागवत एकादशी, जुलाई माह में 06 जुलाई को देवशयनी आषाढ़ी एकादशी (रविनारायण एकादशी, उड़ीसा) और 21 जुलाई को कामिका एकादशी, अगस्त माह में 05 अगस्त को पुत्रदा एकादशी (पवित्रा एकादशी) और 19 अगस्त को अजा एकादशी, 03 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी, 17 सितंबर को इंदिरा एकादशी (एकादशी श्राद्ध), सितंबर माह में 03 अक्टूबर को पाशंकुशा एकादशी और 17 अक्टूबर को रमा एकादशी, नवंबर माह में 02 नवंबर को भागवत एकादशी और 15 नवंबर को उत्पत्ती एकादशी, दिसंबर माह में 01 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी (मौनी एकादशी, जैन) और 15 दिसंबर को सफला एकादशी है।

## मुफ्त की रेवड़ियों से बनती सरकार कितनी लाचार कितनी दमदार..!

दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, प्राकृतिक चिकित्सा और महात्मा गांधी

प्राकृतिक चिकित्सक रोगी की खास तरह की बीमारी को खत्म करके ही संतुष्ट नहीं हो जाता। आम डॉक्टरों में ज्यादातर की इतनी ही दिलचस्पी रहती है कि वह रोगियों के रोग को और उसके लक्षणों को समझ ले और उसका इलाज खोज निकाले और इस तरह सिर्फ रोग संबंधी बातों का ही अभ्यास करें। दूसरी तरफ प्राकृतिक चिकित्सा करने वाले को तंदुरुस्ती के नियमों का अभ्यास करने में ज्यादा दिलचस्पी होती है। जहां आम डॉक्टरों की दिलचस्पी खत्म हो जाती है वहीं प्राकृतिक चिकित्सकों की सच्ची दिलचस्पी शुरू होती है। प्राकृतिक चिकित्सा की पद्धति से रोगी की बीमारी को बिल्कुल मिटा देने के साथ ही उसके लिए एक ऐसी जीवन पद्धति की शुरूआत होती है जिसमें बीमारी के लिए कोई गुंजाइश ही नहीं रह जाती है। इस तरह प्राकृतिक चिकित्सा बेहतर जीवन जीने की एक पद्धति है, रोग मिटाने की पद्धति नहीं।





**नारायण भाई भट्टाचार्य**
लेखक

महात्मा गांधी ने आधुनिक भारतीय इतिहास में राजनीति, दर्शन और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण और अद्भुत योगदान दिया। इन सबके साथ गाँधी जी को प्राकृतिक चिकित्सा का भी बहुत गहरा ज्ञान था। उन्होंने बड़े पैमाने पर मानव स्वास्थ्य, मानव रोगों और उनके इलाज पर लिखा है और अपने प्राकृतिक चिकित्सा के ज्ञान का प्रयोग भी किया है। गाँधी जी का विचार था कि जिस व्यक्ति के पास स्वस्थ शरीर, स्वस्थ दिमाग और स्वस्थ भावनाएं होती हैं, वही स्वस्थ व्यक्ति होता है। उनका विचार था कि स्वस्थ रहने के लिए केवल शारीरिक शक्ति आवश्यक नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। गाँधी जी ने मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच के संबंधों को समझाया। गाँधी जी का विचार था कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ पाचन आवश्यक है। इस प्रकार, महात्मा गाँधी राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक विचारों के साथ अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी विचारों एवं प्रयोगों के कारण भी अपना एक विशेष महत्व रखते हैं आधुनिक भारत में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने में महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को प्रचलित करने के लिए उरली कॉंचन में एक केंद्र की स्थापना की। उन्होंने स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों का भी निसर्ग उपचार करके उदाहरण पेश किया। गांधी जी के मन में रोगियों की सेवा सुश्रुषा करने और गरीबों की सेवा करने की उत्कंठा हमेशा बनी रहती थी। कुदरत के निकट रहकर बिताए जाने वाले सादे और सरल जीवन की बहुत कद्र करते थे। ऐसा सादा सरल जीवन जी कर ही उन्होंने स्वास्थ्य के सादे नियम बनाए थे और उन पर अमल भी किया था। शाकाहार और जलाहार में उनकी आस्था थी। इसी कारण से उन्होंने आहार संबंधी अनेक सुधार किए, जिनका आधार व्यक्तिगत प्रयोगों से प्राप्त परिणामों पर था। डॉक्टर लुई कुनै ने प्राकृतिक उपचार पर जो कुछ लिखा है, उससे महात्मा गांधी बहुत अधिक प्रभावित हुए थे। गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में जबसे लुई कुनै की पुस्तक ह्न्यू साइंस ऑफ हीलिंगह्व और एडॉल्फ जस्ट की पुस्तक ह्निटर्न टू नेचरह्व का अध्ययन किया तो वे प्राकृतिक चिकित्सा के लिए पूर्ण समर्पित हो गए।

पूर्व प्रधानमंत्री और निसर्ग उपचार की वकालत करने वाले मोरारजी देसाई के मुताबिक मनुष्य का शरीर एक अद्भुत और संपूर्ण यंत्र है जब यह बिगड़ जाता है तो बिना किसी दवा के अपने को सुधार लेता है। बस, उसे ऐसा करने का मौका दिया जाए। अगर हम अपनी खाने पीने की आदतों में संयम का पालन नहीं करते या अगर हमारा मन आवेश भावना या चिंता से क्षुब्ध हो जाता है तो हमारा शरीर अंदर की सारी गंदगी को बाहर नहीं निकाल सकता और शरीर के जिस भाग में गंदगी बनी रहती है, उसमें अनेक प्रकार के जहर पैदा होते हैं यह जहर ही उन लक्षणों को जन्म देते हैं जिन्हें हम रोग कहते हैं। वास्तव में रोग शरीर का अपने भीतर के जहरों से मुक्त होने का प्रयत्न ही है। अगर उपवास करके एनिमा द्वारा आंतें साफ करके कटि स्नान, घर्षण स्नान आदि विविध स्नान करके और शरीर के विभिन्न अंगों की मालिश करके भीतर के जहरों से मुक्त होने की इस प्रक्रिया में हम अपने शरीर की सहायता करें तो वह फिर से पूर्ण स्वस्थ हो सकता है।

गांधी जी की नजर में वास्तव में यही प्राकृतिक उपचार है जिसे उन्होंने जीवन भर प्रयोग किया और प्रचार किया। *कुदरती उपचार* पुस्तक के संपादक भारतन कुमारप्पा के मुताबिक गांधी जी चाहते थे कि आहार के संबंध में मनुष्य प्रकृति के नियमों का पालन करे, शुद्ध और ताजी हवा का सेवन करे, नियमित कसरत करे, स्वच्छ वातावरण में रहे और अपना हृदय शुद्ध रखे। लेकिन आज ऐसा करने की बजाय मनुष्य को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण जी भरकर विषय भोग में लीन रहने का, स्वास्थ्य और सदाचार का हर नियम तोड़ने का और उसके बाद केवल व्यापार के लिए तैयार की जाने वाली दवाइयों के जरिए शरीर का इलाज करने का प्रलोभन मिलता है। इन सबके प्रति मन में विद्रोह की भावना होने के कारण गांधी जी ने अपने लिए दवाइयों के उपयोग के बिना रोगों पर विजय पाने का मार्ग खोजने का प्रयत्न किया। आज की चिकित्सा पद्धति रोग को केवल शरीर से संबंध रखने वाली चीज मानकर उसका उपचार करना चाहती है लेकिन गांधी जी तो मनुष्य को उसके संपूर्ण और समग्र रूप में देखते थे इसलिए वे अनुभव से ऐसा मानते थे कि शरीर की बीमारी खासतौर से मानसिक या आध्यात्मिक कारणों से होती है और इसका स्थाई उपचार केवल तभी हो सकता है जब जीवन के प्रति मनुष्य का संपूर्ण दृष्टिकोण ही बदल जाए इसलिए उनकी राय में शरीर के रोगों का उपचार खासतौर से आत्मा के क्षेत्र में, ब्रह्मचर्य द्वारा सिद्ध होने वाले आत्म संयम और स्वास्थ्य के विषय में प्रकृति के नियमों के ज्ञान पूर्ण पालन में और स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए अनुकूल भौतिक और सामाजिक वातावरण निर्माण करने में खोजा जाना चाहिए। इसलिए प्राकृतिक चिकित्सा की गांधी जी की कल्पना उस अर्थ से कहीं अधिक व्यापक है, जो आज उस शब्द से आमतौर पर समझा जाता है।

प्राकृतिक चिकित्सा रोग के हो जाने के बाद केवल उसे मिटाने की पद्धति नहीं है बल्कि प्रकृति के नियमों के अनुसार जीवन बिता कर रोग को पूरी तरह रोकने की कोशिश है। गांधी जी मानते थे कि प्रकृति के नियम वही हैं, जो ईश्वर के नियम हैं। इस दृष्टि से रोग के प्राकृतिक उपचार में केवल मिट्टी, पानी, हवा, धूप, उपवास और ऐसी दूसरी वस्तुओं के उपयोग का ही समावेश नहीं होता बल्कि इससे भी अधिक उसमें *राम* नाम या ईश्वर के कानून के द्वारा हमारे शारीरिक, मानसिक, नैतिक और सामाजिक संपूर्ण जीवन को बदल डालने की बात आती है। इसलिए राम नाम गांधीजी की दृष्टि में केवल ऐसा जादू नहीं है, जो मुंह से बोलने भर से कोई चमत्कार कर दिखाएगा। *राम* नाम जपने का अर्थ है मनुष्य के हृदय का और उसकी जीवन पद्धति का संपूर्ण परिवर्तन, जिससे ईश्वर के साथ उसका मेल सधता है और संपूर्ण जीवन के मूल स्रोत के रूप में ईश्वर से वह ऐसी शक्ति और ऐसा जीवन प्राप्त करता है जो रोगों पर सदा ही विजयी सिद्ध होते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा करने वाला चिकित्सक रोगी को कोई जड़ी बूटी नहीं बेचता। वह तो अपने रोगी को जीवन जीने का ऐसा तरीका सिखाता है जिससे रोगी अपने घर में रहकर अच्छी तरह जीवन बिता सके और कभी बीमार ही नहीं पड़े।

# महाकुंभ तीर्थाटन को नया आयाम दे रही है रेलवे

लेकिन भारतीय रेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। 17 नए यात्री आश्रय गृहों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन की क्षमता1,25,000 से अधिक यात्रियों के संभालने की है। पहले यह क्षमता मात्र 21,000 यात्रियों के लिए थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लैटफॉर्म के निर्माण किए गए और अब बढ़कर इसकी संख्या 48 हो गई है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर गंतव्य सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, शिशु-पोषण जोन और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं। राज्य सरकार ने खुसरो बाग को एक आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए।





**रविन्द्र गोयल**
(पूर्व सदस्य, परिचालन और व्यवसाय विकास, रेलवे बोर्ड)

महाकुंभ 2025 के अमृत महोत्सव में भारतीय रेल ने सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। न केवल यातायात की सुविधा बढ़ाने तक यह सेवा सीमित है, बल्कि तीर्थयात्रियों को एक आरामदायक और खुशहाल यात्रा का भी अनुभव प्रदान किया गया है। श्रद्धा और आस्था की पुण्य भूमि प्रयागराज तक यात्रियों को पहुंचाने में भारतीय रेल ने विश्व स्तरीय आतिथ्य सेवा में जो योगदान दिया है, वह सदा स्मरणीय रहेगा। महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में रेलवे ने अपने इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाओं और सुविधाओं में बड़े सुधार किए हैं। इसके लिए नए और रचनात्मक उपायों को लागू किया है, जिसमें तरह-तरह की सुविधाएं शामिल हैं। भारतीय रेल कुंभ यात्रियों के लिए नए मानक स्थापित कर रहा है, जो भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

आधुनिक सुविधाओं में तीर्थ यात्रा

भारतीय रेल ने पवित्र संगम की यात्रा को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने का महत्वपूर्ण काम किया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए वित्त पोषण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले दो वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यात्री सुविधाओं में सुधार किया गया है। इससे रेलवे स्टेशन आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल गया है। पहले रेलवे स्टेशन मुख्य रूप से रेलगाड़ियों के रुकने, यात्रियों के चढ़ने-उतरने और सामान ढुलाई के लिए उपयोग किए जाते थे। लेकिन समय के साथ स्टेशनों में सुधार हुआ और अब ऐसा लगता है कि रेलवे स्टेशन तीर्थ यात्रियों के स्वागत के लिए प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की अत्याधुनिक सुविधा सुकून देनेवाले हैं जो यात्रियों को आकर्षित करते हैं। कहा जाए, तो पहले के भीड़भाड़, शोरगुल वाले माहौल से बिल्कुल अलग भारतीय रेल का यह उपहार है आम यात्रियों के लिए। तीर्थयात्रियों के लिए कुछ और सुविधाएं रेलवे ने यात्रियों को रास्ता ढूंढने में मदद करने के लिए कुछ नई व्यवस्था बनाई है। स्टेशन पर अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग रंगों से चिह्नित किया गया है, ताकि यात्री आसानी से जान सकें कि उन्हें किस तरफ जाना है। टिकटों पर भी रंगों का उपयोग किया गया है, ताकि यात्रियों को यह समझने में मदद मिले कि उनकी ट्रेन कहां से चलेगी या किस प्लेटफॉर्म पर जाएगी। पांव संकेतक, जमीन पर बने होते हैं। ये यात्रियों को सही दिशा में जाने के लिए मार्गदर्शन कराने का काम करते हैं। रेलवे स्टेशन पर यह उन्नत सुविधा तीर्थयात्रा के अनुभव का आनंद बढ़ा देता है। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसके अनुकूल सारी सुविधाएं मिलती हैं। ठहरने की आरामदायक सुविधा कुंभ में रोजाना लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की संभावना को देखते हुए व्यापक पैमाने पर उनके लिए ठहरहने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आसान नहीं है। लेकिन भारतीय रेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। 17 नए यात्री आश्रय गृहों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन की क्षमता1,25,000 से अधिक यात्रियों के संभालने की है। पहले यह क्षमता मात्र 21,000 यात्रियों के लिए थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लैटफॉर्म के निर्माण किए गए और अब बढ़कर इसकी संख्या 48 हो गई है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर गंतव्य सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, शिशु-पोषण जोन और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं। राज्य सरकार ने खुसरो बाग को एक आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, निर्बाध आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च मांग के बावजूद सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। आरामदायक एवं सुलभ सुविधाएं भारतीय रेल ने महाकुंभ 2025 का अनुभव सभी के लिए आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ सहायता बूथ और सामान ट्रॉलियां मुहैया कराना तीर्थयात्रियों जरूरी आवश्यकताएं पूरी करते हैं। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को विशेष रूप से सुगम और आरामदायक आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुसज्जित किया गया है। सरकार के ह्यसुगम्य भारत मिशनह्न के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई है। ये उपाय समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक हर कोई इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

महाकुंभ की यात्रा के लिए अद्वितीय साधन परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बनाया है जो उत्थान और आरामदायक के साथ ही आधुनिक भी है। रेलवे तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही, महाकुंभ के अनुभव को अद्वितीय बनाने में अभिन्न भूमिका निभा रहा है। भारतीय रेल महाकुंभ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से धार्मिक आयोजनों में आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है, जिसमें प्रचालन के साथ ही आतिथ्य और देखभाल के साथ सद्भावना का भी संयोजन है।

# गांधी जी का बहुआयामी व्यक्तित्व

कुलभूषण उपमन्यु

गांधी के व्यक्तित्व का सम्यक आकलन करना आसान नहीं है। गांधी एक आम साधारण इनसान, जो घर में छोटी मोटी चोरी भी बाल सहज क्रीड़ा में कर लेता। अपनी मां से प्राप्त धार्मिक संस्कारों को भी लगन से मानने वाला। लेकिन सच का आग्रही। जब विद्यालय में निरीक्षण के लिए आए बड़े अफसर के सामने अपना परीक्षा परिणाम अच्छा दिखने की होड़ में अध्यापक द्वारा कुछ नकल मार कर परीक्षा पत्र में सुधार का इशारा किया तो उसी गांधी ने उसे चुपचाप मानने से इंकार कर दिया। एक छोटी रियासत के वजीर का बेटा जिसे बैरिस्टर बनने के लिए इंग्लैंड भेजा गया। वो बैरिस्टर बना और अफ्रीका में एक कंपनी की वकालत करने के लिए गया। जहां देखा कि वहां की गोरी सरकार रंगभेद से इस तरह पीड़ित है कि ट्रेन में काला आदमी प्रथम दर्जे में सफर भी न कर सके। वकालत तो अपनी जगह थी ही, किन्तु वह चुप नहीं बैठा और रंगभेद के खिलाफ वहां की गोरी सरकार से भिड़ गया। और भिडंत भी ऐसी जो अभूतपूर्व थी। सत्याग्रही भिड़ंत। और उससे सफलताएं हासिल कीं। वकालत शुरू की तो तय किया कि झूठ की वकालत नहीं करूंगा। केस सच्चा होना चाहिए, तो जी-जान लगा कर लड़ा। धीरे धीरे वहां के जजों को भी पता लग गया कि गांधी झूठे केस नहीं लड़ता, तो एक बार अच्छे खासे पैसे देने वाले मुवक्किल का केस, यह पता लगने पर कि केस झूठा है, बीच में ही छोड़ दिया। जज ने वादी के विरुद्ध फैसला दिया। ऐसे मामलों में दुश्मनी तक की नौबत आ जाती है, किन्तु वह उस परदेस में भी डरा नहीं। भारत में आया तो देश में कांग्रेस की कमान संभाली। इससे पहले कई तरह से आजादी की लड़ाई लडे वाले देशभक्त अपनी जान की परवाह किए बिना भी संघर्षरत थे। किन्तु लड़ाई आम आदमी की नहीं बन पा रही थी। गांधी ने देश की आध्यात्मिक नब्ज को पहचाना। जैसे विवेकानंद ने भी एक जगह कहा था कि भारतीय मन अध्यात्म से संचालित होता है, उसी सूत्र से देश के दूरदराज तक गांधी का संदेश पहुंचा। तब न तो मीडिया गांव गांव तक पहुंचा था और न ही अन्य संचार साधन। किन्तु जो भी टूटी फूटी व्यवस्था थी, उसके सहारे गांधी का संदेश देश के कोने कोने तक पहंचा और आजादी की लड़ाई सारी जनता का संघर्ष बन गया। आजादी प्राप्ति में अन्य विचारधाराओं के लोगों का भी योगदान रहा, किन्तु सबसे बड़ी चोट अंग्रेज सरकार की चूलें हिलाने के लिए गांधी की रही। उसने अहिंसा को अस्त्र बनाया, जिसका मुकाबला शस्त्र से करना आसान नहीं था। इसलिए गांधी को कुछ श्रद्धावान लोगों ने उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि से संबोधित किया। आज उस पर आक्षेप होते हैं। किन्तु गांधी ने खुद को राष्ट्रपिता कहलाने की कोई पहल नहीं की। कुछ ने उन्हें महात्मा कहना शुरू कर दिया और आम जनता ने इन दोनों संबोधनों को अंगीकार कर लिया। बिना किसी प्रचार के। उन्हें कोई राष्ट्रपिता और महात्मा कहे या न कहे, इसका गांधी के व्यक्तित्व पर कोई असर नहीं पड़ सकता। हां, उससे हमारी समझदारी के स्तर का जरूर खुलासा होता है कि हम अपने नायकों को कितना सम्मान देने की समझ रखते हैं। एक बात और, गांधी ने अपने आजादी के संघर्ष को केवल अंग्रेजों के विरुद्ध ही नहीं केन्द्रित रखा, बल्कि समाज में फैली छुआछूत जैसी विद्रूपताओं के खिलाफ इस काल खंड की सशक्त आवाज बना दिया। देश के लिए आत्मनिर्भरता का लक्ष्य तय किया और उसकी पूर्ति के लिए व्यावहारिक कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग के रूप में लागू करने की पहल की। अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में भी अंग्रेजी शासन व्यवस्था को समाप्त करने के लिए संघर्ष हुआ, किन्तु अंग्रेजों के खिलाफ बिना दुश्मनी का भाव रखे। यानी पाप से घृणा करो, पापी से नहीं। इस तरह के घोष वाक्य तो कई धर्मों में विद्यमान हैं, किन्तु उनको लागू कौन करता है? गांधी ने उनको सामाजिक जीवन तक विस्तारित किया और लागू करने की पहल की। आजकल बहुत से लोग गांधी की छोटी छोटी बातों को तोड़मरोड़ कर उन्हें लांछित करने के प्रयासों में लगे रहते हैं, लेकिन वे इस बात पर गौर करने से बचते हुए निकल जाना चाहते हैं कि गांधी तो खुली किताब है। उसने तो अपनी आत्मकथा में सबके सामने अपने जीवन के हर पहलू को रख दिया है। और उसे नाम दिया सत्य के साथ मेरे प्रयोग। वह कहता है कि मैं असली सत्य तक पहंचने का दावा नहीं करता, किंतु दूसरे लोग इस खोज को और आगे बढ़ा सकते हैं, और सत्य के अनछुए पहलुओं को उजागर कर सकते हैं। लेकिन सत्य पर उनकी दृढ़ आस्था सनातन संस्कृति पर उनके विश्वास के कारण फलीभूत हुई थी। उन्होंने सत्य को ही ईश्वर माना था। ह्यसत्यं ज्ञानं अनंतं ब्रह्मह्न, इस आप्त वाक्य पर ही उनका जीवन टिका लगता है। विवेकानंद ने कहा था कि मनुष्य स्वभाव से स्वार्थी है। किन्तु स्वार्थी होना कोई बुरी बात नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष अभियान में 25 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों /अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक-27.01.2025 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-25 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-04, शराब सेवन-05, वारंट में-11, आर्म्स एक्ट-03, हत्या का प्रयास में 01 एवं पॉक्सो में-01 अभियुक्त शामिल हैं।जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल - 60 वाहन से 94,000 रू० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब 24 ली०, विदेशी शराब- 11.84 ली0, देशी कट्टा-01, कारतूस-01, चाकू-01, मोटरसाइकिल-03 एवं मोबाइल-02 बरामद किया गया है।

### कोपा में 13 वार्डो में लगेगा हाईमास्ट लाइट

कोपा / कोपा नगर पंचायत के 13 वार्डों में 13 महत्वपूर्ण स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाए जाएंगे।जिससे पूरा कोपा नगर पंचायत प्रकाश मय होगा।कोपा चेयरमैन प्रतिनिधि बुस्तामी खा,ने बताया कि हाई मास्क लाइट का सर्वे एक माह पहले हो गया है।दो दिनों के अंदर हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य चालू हो जाएगा।बहुत जल्द कोपा नगर पंचायत को सीसीटीवी कैमरा से लैस कर दिया जाएगा।चेयरमैन प्रतिनिधि बुस्तामी खा ने बताया कि कई बार कोपा थाना अध्यक्ष के द्वारा भी कोपा में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रसताव बताया गया।सीसीटीवी कैमरा लगाने से कोपा नगर पंचायत क्राइम मुक्त होगा।मौके पर उपचेयरमैन माधुरी सिंह,बुलबुल गुप्ता,मैनेजर यादव,सलीम खा,रितेश कुमार,गिरधर सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### इसुआपुर में शांति समिति की हुई बैठक

इसुआपुर। थाना परिसर इसुआपुर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष कमल राम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें गणमान्य व्यक्तियों,जन प्रतिनिधियों तथा सरस्वती पूजा समिति के सदस्यों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूजा में लाइसेंस लेना अति आवश्यक है। उन्होंने पूजा को शांतिपूर्वक तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की। साथ ही कहा कि पूजा में आपसी भाईचारा बना रहे तथा रूट चार्ट के अनुसार मूर्ति विसर्जन किया जाए। मौके पर सीओ सतीश कुमार सिंह, जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन,अमरनाथ प्रसाद, विजय राय, शारदानंद सोनी, ढ़ोलन सिंह, रामबाबू राय, दिनेश राय व अन्य थे।

### सलेमपुर स्कूल से चावल की हुई चोरी

इसुआपुर ।थाना क्षेत्र के सलेमपुर कौरेन टोला स्कूल से सोमवार की रात सात क्विंटल चावल की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमजद हुसैन ने इसुआपुर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि सोमवार को सभी शिक्षक स्कूल बंद करके घर चले गए थे। वहीं जब मंगलवार की सुबह स्कूल पहुंचे तो देखा कि भंडार गृह का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे सात क्विंटल चावल की चोरी कर ली गई है।

### किसान की हत्या मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा। स्थानीय थाना क्षेत्र के राजापुर टोला निवासी ललन यादव की गोली मारकर हत्या करने के मामले में तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गयी है. स्व ललन यादव के पुत्र मन्जय कुमार ने तीन अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है. दर्ज प्राथमिकी में मृतक के पुत्र ने कहा है कि मेरे पिता गेंहू की फसल का पटवन कर रहे थे तभी बाईक सवार तीन अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गांव के हीं पवन कुमार मेरे पिता के साथ अपनी खेत में लगी गेंहू की फसल की सिंचाई कर रहे थे उन्हीं के द्वारा खबर देने पर हमलोगों को घटना के बारे में पता चल पाया कि मेरे पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है जब हमलोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि अपराधियों ने मेरे पिता की कन पट्टी में गोली मारी है और मेरे पिता मुंह के बल जमीन पर गिरे हैं और उनकी मौत हो चुकी है.इस संबंध में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है, जल्द हीं अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे ।

# मौनी अमावस्या मेले की सज गई दुकानें

## आज त्रिवेणी संगम तट में लाखों श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकिनगर के त्रिवेणी संगम तट में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे।इस मौके पर लाखों श्रद्धालुओं के त्रिवेणी, कवलेश्वर,काली मंदिर घाट और नेपाल के त्रिवेणी तटीय स्थल पर नेपाल,बिहार उत्तरप्रदेश समेत देश के कोने कोने से पहुंचे श्रद्धालु आज डुबकी लगाएंगे।बतादें की वाल्मीकिनगर स्थित कवलेश्वर मंदिर के समीप नारायणी,तमसा और सोनभद्र (सोनहा)नदियों का संगम होता है,जहां हर वर्ष मौनी अमावस्या के मौके पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते है और पूजार्चना कर दानपुण्य करते हैं।

### एक सप्ताह चलने वाले मेले की सज गई दुकान

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौनी अमावस्या के मौके पर गोलचौक परिसर,पवार हाउस रोड,सिनेमा हॉल रोड,रेशम विभाग खाली मैदान,मोंटेसरी स्कूल परिसर,3 आरडी समेत गंडक बराज पर मेले की दुकान लग चुकी हैं।मेले में ऊनि वस्त्र,हर एकमाल,खिलौने की दुकाने,परचून की दुकान,गृहस्थी स्टोर की दुकान,खाने पीने समेत लोहा लक्कड़,संतरा,इलायची दाना और मनोरंजन के लिए झूला आदि की दुकानें लग चुकी है।वहीं श्रद्धालु हाई स्कूल,शिव मंदिर,महर्षि वाल्मीकि महा विद्यालय परिसर,मोंटेसरी स्कूल,गोलचौक परिसर कन्वेंशन हॉल,थाना रोड और जलसंसाधन विभाग के कॉलोनियों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा हुआ जहां से चलकर श्रद्धालु घाटों पर पहुंचकर स्नान ध्यान कर दानपुण्य कर रहे हैं।

### प्रशासनिक स्तर पर चार चलंत शौचलय की मात्र व्यवस्था

लाखों की संख्या में मौनी अमावस्या के मौके पर पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए रहने,ठहरने, पेयजल की व्यवस्था प्रशानिक व ग्रामपंचायत के स्तर पर कोई व्यवस्था मुहैया नहीं कराई गई है।लाखों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा मात्र चार चलंत शौचलय की व्यवस्था मि गई है जो नाकाफी साबित हुई।रहने की श्रद्धालु खुद से अपने लिए व्यवस्था कर रहे हैं।बतादें की वाल्मीकिनगर के चारो तरफ वीटीआर जंगल का घेरा है, जहां हिंसक जानवर भालू बाघ,तेंदुआ समेत कई प्रकार के जहरीले सांपों का बसेरा है।बावजूद इसके प्रशासन के द्वारा इन श्रद्धालुओं को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

# नीतीश कुमार ही हैं अल्पसंख्यक समुदाय के सच्चे रहनुमा: प्रदेश अध्यक्ष

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । सुबे के मुखिया नीतीश कुमार अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए बहुत कुछ किया है, इस समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को हायर एजुकेशन प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया है, इसके बावजूद अल्पसंख्यक समुदाय का सहयोग पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रहा है ' उक्त बातें बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बात करते हुए कही ' बता दें कि प्रदेश अल्पसंख्यक जदयू के अध्यक्ष अशरफ अंसारी अल्पसंख्यक विकास यात्रा रथ को लेकर सारण में पहुंचने पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के कारवां का गर्मजोशी के साथ स्वागत किय' ' प्रदेश जदयू अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए गठबंधन में होते हुए भी अल्पसंख्यक समुदाय की तरक्की के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की है, अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को हायर एजुकेशन प्राप्त करने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसे महत्वाकांक्षी योजना को चालू किया है, जिससे गरीब, मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र अब आसानी से उच्च शिक्षा हासिल कर आत्मनिर्भर हो रहे हैं ' उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को 2007 से मैट्रिक प्रथम श्रेणी से पास करने वाले छात्रों को 10000 का प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने का काम किया है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को तालीम हासिल करने में मदद मिल सके ' जदयू नेता ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने न्याय के साथ हर वर्ग का विकास किया है, किसी भी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं बरता गया है, लेकिन अफसोस है कि बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय का चुनाव में पूर्ण रूप से समर्थन नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है ' प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक विकास यात्रा रथ के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय को यह संदेश देने के लिए गांव-गांव में भ्रमण कर सरकार का पैगाम देने आए हैं ' प्रदेश जदयू अध्यक्ष ने कहा कि अब तक 14 जिलों का भ्रमण किया जा चुका है और 38 जिला में भ्रमण किया जाएगा ' प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अल्पसंख्यक समुदाय का सच्चा रहनुमा है, इनके नेतृत्व में बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय का उत्थान हो रहा है, आसन्य विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय से अपील करते हुए कहा कि मुसलमानों की तरक्की और बेहतरीन के लिए एक जुट होकर नीतीश कुमार को मदद करने की जरूरत है। इस अवसर पर बिहार प्रदेश जदयू के महासचिव सह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के बिहार प्रभारी मेजर हैदर इकबाल खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।

# मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं: डॉ प्रियंका सिंह

प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा। रसिया से एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद गोल्ड मेडलिस्ट होने पर डॉक्टर प्रियंका सिंह का पैतृक घर एकमा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 राजापुर में समान समारोह का आयोजन हुआ । कार्यक्रम का उद्घाटन नगर अध्यक्ष श्वेता रानी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. पन्ना लाल ने किया । सम्मान समारोह के साथ डॉ प्रियंका सिंह का बर्थडे केक काट कर मनाई गई। इसके पश्चात एक दूंसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। जहां उपस्थित मुख्य अतिथियों में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, डॉ अमित तिवारी ,डॉ एस कुमार, एसडीपीओ राजकुमार, पुलिस इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, डॉ. नीरज दुबे ,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गंगासागर बिंदु ,समाज सेवी अजय पंडित योगेन्द्र शर्मा ,डॉ विवेक कुमार ,अनूप कुमार, डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव ,डॉ बाबू जान, डॉ. मैराजुद्दीन अंसारी आदि लोगों ने फूलों का गुलदस्ता व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । डॉ प्रियंका सिंह राजापुर निवासी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद की पोती व पिता अवधेश कुमार सिंह माता सीमा देवी की बड़ी पुत्री है जो एकमा के ब्लॉक रोड स्थित प्रियंका मेडिकल नाम से संचालित प्रसिद्ध मेडिकल दवा दुकान उनके पिताजी चलाते हैं । प्रियंका सिंह का जन्म राजस्थान के भिवाड़ी अलवर में अपने नाना नानी के घर पर 26 जनवरी 2001 में हुई थी इसके पश्चात वह अपने पैतृक घर आई जहां एकमा के सेंट जोसेफ विद्यालय में नर्सरी व पहली कक्षा की पढ़ाई करने के बाद वह अपने नाना नानी के घर राजस्थान चली गई जहां नानी नानी के प्रेरणा से प्रियंका तन मन धन से पढ़ाई करने लगी। नाना के देहांत हो जाने के बाद मामा अनिल सिंह व मामी ने अपनी भागने की पढ़ाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी वहीं राजस्थान के भिवाड़ी प्रेसीडेंसी इंटर स्कूल से पढ़ाई किया । उसके बाद आईं सी आईं बोर्ड के आई सी जे पी ए से बारहवीं में 93% अंक लाकर रसिया के स्टारों पुल स्टेट मेडिकल इनवर सीटी में दाखिला लेकर पढ़ाई करने लगीं। वहीं से एम बी बी एस में कुल मार्क्स 300 में 233% अंक लाकर टॉप टेन में सामिल हो गई। जबकि कुल 45 हजार बच्चों में से 11 हजार बच्चे पास हुए इन में से प्रियंका को 8 वां रेंक हासिल किया।

वहीं 8 में से मात्र दो ही बच्चियां गोल्ड मेडलिस्ट के लिए चयनित हुए जिनमें में प्रियंका सिंह ने 97% अंक लाकर गोल्ड मेडलिस्ट बनीं कर क्षेत्र का नाम रौशन किया।

### मांगों को ले प्रदर्शन किया अभ्यर्थी ने

छपरा । मंगलवार को परिचारी विशेष ग्रुप डी सारण में वर्तमान रिक्तिओं को कर्मचारी चयनों भेजने को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया ' धरना प्रदर्शन के माध्यम से जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि सारण में वर्तमान रिक्तिओं को कर्मचारी चाय चयन आयोग भेजा जाए ' इस संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा जिला पदाधिकारी को जनता दरबार में आवेदन दिया गया था ' लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं किया जा सका है ' अभ्यर्थियों का एक फ्रीरस्त्री-३५ी'८ ने जिलाधिकारी से मिलकर हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर रिक्तिओं को कर्मचारी चयन आयोग भेजने का अनुरोध किया ' जिलाधिकारी को दिए गए हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में गोपाल राम,सुरेश कुमार,चंदन कुमार सिंह, रमेश कुमार दास, रविंद्र कुमार ठाकुर,सुधीर कुमार आदि थे।

# दहेज मुक्त जागरूकता अभियान सह फेयरवेल का किया गया आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर ।मंगलवार को सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा द्वारा दहेज मुक्त जागरूकता अभियान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाढी छपरा में चलाया गया।साथ हीं 9- 11 तक के पास आउट बच्चों के लिए विद्यालय द्वारा फेयरवेल का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या चंचलता तिवारी ने दहेज मुक्त जागरूकता अभियान चलाने के लिए भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन एवं सचिव रोहित रमन सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप जैसे सामाजिक कार्यकर्ता हीं वास्तव में दहेज रूपी दमक के शमन के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस मुहिम में हमारा विद्यालय अपने स्तर से पूरा सहयोग करेगा ताकि इस कुप्रथा का खात्मा हो। साथ हीं विद्यालय में फेयरवेल का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने विभिन्न तरह के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

अध्यक्ष अमित नयन ने कहा कि सामाजिक बदलाव के लिए दहेज रूपी दीमक को कुचलना का काम राष्ट्र निमार्ता शिक्षक के मार्गदर्शन में ही संभव हो पाएगा। संगठन के सचिव रोहित रमन सिंह ने कहा कि जन चेतना से ही दहेज रूपी अभिशाप हमारे समाज से खत्म होगा। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में प्राचार्य चंचल तिवारी, वर्मा खुशबू कुमारी दीपक कुमार पांडे नागेंद्र पासवान कुमारी नीति सिंह सोनी कुमारी गुड़िया कुमारी सहित छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

### जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का हुआ तबादला

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई के निदेर्शानुसार कुलसचिव डॉक्टर नारायण दास ने पत्र निर्गत करते हुए कर्मचारियों का स्थानांतरण किए हैं अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को प्रशासनिक और अनुशासनिक कारणों से निर्धारित कार्यस्थल पर स्थानांतरित किया गया है। स्थानांतरण में अम्बुज कुमार सहायक, देवेश राय,गिरिधर गोपाल,

विशाल चौहान ,रंजीत कुमार, रवि कुमार सहायक,मन्द्र यादव अनुसेवक इन सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि पत्र निर्गत की तिथि से तीन कार्यदिवसों के अन्दर नियमानुसार विरमित होकर नवपदस्थापित स्थल पर योगदान सुनिश्चित कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।

# भंडारा लगाने के लिए आम बैठक हुई संपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जय भोला भंडारी सेवा दल रजिड्ढ छपरा, बिहार के द्वारा शहर के लाह बाजार स्थित विवाह भवन में आम बैठक कर बीते वर्ष 2024 में लगाए गए भंडारे का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सेवा दल के वरिष्ठ सदस्य धंन्नू जी ने किया। सेवा दल के अध्यक्ष- पप्पू चौहान एवं अन्य सदस्यों के द्वारा बैठक में मौजूद सदस्यों एवं आमजनों के बीच आय-व्यय का हिसाब दिया गया साथ ही आगामी वर्ष 2025 में लगाए जाने वाले भंडारे पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस बैठक में सर्व सम्मती से 7 सदस्यों की एक कोर कमिटी बनाने का निर्णय किया गया जो आगामी वर्ष 2025 में लगाए जाने वाले भंडारे की कार्य-योजना एवं देखरेख पर निर्णय लेगी। यह कमेटी सर्वसम्मती से प्रत्येक वर्ष गठित की जाएगी। सेवा दल से जुड़े समाचार को प्रसारित करने हेतु मीडिया प्रभारी के रूप में डॉ. विकाश कुमार को चुना गया जो सेवा दल से जुड़े सूचना एवं समाचार को प्रसारित करेंगे। आपको बताते चले की इस सेवा दल के द्वारा प्रत्येक वर्ष श्री बाबा अमरनाथ जी की यात्रा करने वाले शिव भक्तों का मार्गदर्शन किया जाता हैं, जिसमें यात्रा पंजीयन से लेकर दर्शन तक सहयोग दिया जाता हैं। यात्रा मार्ग उधमपुर जम्मू-कश्मीर में भंडारे का भी आयोजन किया जाता हैं जो लगभग दो महिनों तक चलता हैं। ह्रभूखे को अन्न प्यासे को पानी जय बाबा अमरनाथ बफार्नी ह्र स्लोगन के साथ कार्य करता हैं यह भंडारा। भंडारे में चाय -नास्ता, भोजन -पानी, शौचालय-स्नान घर, रात्रि विश्राम की व्यवस्था के साथ मेडिकल की भी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। इस बैठक में सेवा दल के सदस्य- अमित जी, लालबाबू राय, अशोक जी, नंदन जी, दिलीप जी, मंटू बाबा, मोहन जी, केदार जी, बब्लू जी, गोपाल जी, फूटी जी, सुधीर जी, संजय सिंह, अवनीश जी, पृथ्वीराज जी, मुकेश आदि थे।

# वनकर्मियों के तानाशाही रवैये के खिलाफ ग्रामीणों ने काटा बवाल,रोड जामकर किया प्रदर्शन

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन कर्मियों की तानाशाही के खिलाफ ग्रामीणों नें रोड जाम कर बवाल काटा है । वन कर्मियों द्वारा पिटाई के बाद चोट और जख्म के निशान दिखाकर महिलाओं नें न्याय की गुहार लगाई है ।

दरअसल वीटीआर जंगल में लकड़ी चुनने गईं महिलाओं और बच्चों के साथ मदनपुर वन क्षेत्र के फॉरेस्टर समेत वन कर्मियों द्वारा लोगों की पिटाइ से ग्रामीण नाराज होकर बिहार और यूपी को जोड़ने वाली एनएच 727 गोरखपुर बेतिया मुख्य सड़क पर उतर आये हैं । आक्रोशित ग्रामीण और जनप्रतिनिधि वन विभाग के दोषी कर्मियों और वनपाल पर कार्रवाई की मांग कर रहें हैं ।र

बताया जा रहा है की वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल में वन कर्मियों द्वारा महिलाओं व उनके बच्चों की पिटाई के विरोध में हंगामा बरपा है। आलम यह है की ग्रामीण वन विभाग के दोषी अधिकारी और कर्मियों के विरुद्ध नारेबाजी तक कर रहें हैं । इधर सुचना के बाद दल बल के साथ मौके पर पहुंचे नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने में जुटे हुए हैं ।मामले में कोई भी अधिकारी कुछ बोलना अभी मुनासिब नहीं समझ रहें हैं।

# चंपारण साझा अदबी मंच के बैनर तले संवाद गोष्टी का आयोजन,नामचीन हस्तियों का हुआ समागम

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। गणतंत्र दिवस के मौके पर बगहा स्थित न्यू कालोनी के शीन कॉटेज में एक साहित्यिक संवाद व आकर्षक काव्य गोष्ठी का आयोजन चंपारण साझा अदबी मंच के बैनर तले किया गया।जिसमें नामचीन हस्तियां शामिल हुई।मसहूर शायर डॉ.शकील मोईन के संयोजन में आहूत हुई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद प्राचार्य पंडित उमा शंकर तिवारी और डॉ.अरविन्द कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से की और मुख्य अतिथि के रूप में बगहा नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि लोकप्रिय अमित कुमार पप्पू गुप्ता रहे। डॉ शकील मोइन को डा अरविन्द तिवारी ने माला पहना कर सम्मानित किया।वहीं डॉ शकील,हरिद्वार मस्ताना,दयाशंकर सिंह,घनश्याम बादल, चन्द्र भूषण शांडिल्य,मिथिलेश उपाध्यया, व अविनाश पांडे ने अपनी रचनाओं से महफिल में शमा बांध दिया।इस मौके पर जदयू नेता दया शंकर सिंह,राकेश सिंह,बीजेपी नेता मनोज कुमार सिंह,आर जे डी नेता आलमगीर रब्बानी,जन सुराज के नेता चुन्नू पाण्डेय, भारतीय रेल कामगार यूनियन के नेता जय कुमार प्रसाद,बगहा स्टेशन अधीक्षक आदिथे।

# सड़क सुरक्षा यातायात को ले परिवहन विभाग ने किया प्रतियोगिता का आयोजन, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति सारण के निदेर्शानुसार शहर के स्थानीय ब्राह्मण लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय में वाद- विवाद, पेंटिंग, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' इस प्रतियोगिता में शहर के 9 उच्च माध्यमिक विद्यालय के लगभग 300 छात्र -छात्राओं ने हिस्सा लिया ' बता दें कि परिवहन विभाग के निदेर्शानुसार गत 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ' इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के स्थानीय लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण उच्च विद्यालय में वाद- विवाद,पेंटिंग,निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' चार वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर परफॉर्मेंस और अंक के आधार पर कुल 12 प्रतिभागियों का चयन किया गया ' प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले सभी कोटि के कुल 12 प्रतिभागियों के बीच शिक्षा विभाग के पदाधिकारी की उपस्थिति में परिवहन विभाग के पदाधिकारिओं द्वारा प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ' जबकि प्रतियोगिता में शामिल अन्य सभी प्रतिभागियों के बीच परिवहन विभाग ने सांत्वना पुरस्कार देकर उन्हें भी सम्मानित किया ' लगभग 300 छात्र- छात्राओं के बीच आयोजित सड़क सुरक्षा एवं यातायात विषय पर गहन जानकारी दी गई ' और सड़क सुरक्षा यातायात नियम का पालन करने के गुरु भी सिखाए गए ' और सभी छात्र-छात्राओं को परिवहन विभाग के पदाधिकारिओं ने सड़क सुरक्षा की जानकारी अपने परिवार एवं दोस्तों में जानकारी देने की बात कही गई ' चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी सेमिनरी के छात्र प्रकाश कुमार, द्वितीय पुरस्कार तरुण गुप्ता गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल तथा तृतीय पुरस्कार लोकमान उच्च विद्यालय की छात्रा सलोनी कुमारी को दिया गया '

जबकि क्विज प्रतियोगिता में एलएनबी हाई स्कूल के छात्र अनुज कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार के रूप में विशेश्वर सेमिनरी की छात्रा रोशनी कुमारी तथा तृतीय पुरस्कार एलएलबी के छात्र प्रीतम कुमार को दिया गया। इसके अलावा वाद- विवाद प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

# बालिकाओं के अवैध व्यापार को लेकर जन जागरुकता के उद्देश्य से निर्मित शार्ट फिल्म अंधेरे में एक किरण: आवाज दो का हुआ लोकार्पण

- **प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विद्वान पुनीत कुमार गर्ग ने किया लोकार्पण**
- **नालसा ने जारी किया टॉल फ्री हेल्पलाईन नंबर 15100 पर**



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। बालिकाओं के अवैध व्यापार के खिलाफ नालसा के टॉल फ्री हेल्पलाईन नंबर 15100 सहित बिहार पुलिस के हेल्पलाईन नंबर 112 पर व्यापक जन जागरुकता के उद्देश्य से डालसा के सारण पुलिस और सारण जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जगरोशनी बिहार इंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित शार्ट फिल्म अंधेरे में एक किरणः आवाज दो का लोकार्पण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा सारण ने न्याय सदन में किया। इस क्रम में फिल्म के अभिनेता अभिनेत्रियों, तकनीशियनों, निमार्ता और निर्देशक को सम्मानित भी किया गया।फिल्म का वरीष्ठ रंगकर्मी अपना गऊंवा में हमरो परान बसेला फेम फिल्मकार बिपिन बिहारी श्रीवास्तव और निर्देशन डालसा सारण के रिटेनर लॉयर डॉ० अमित रंजन ने किया है। फिल्म में मुख्य भूमिकाएं अर्चिता माधव, संभव संदर्भ, प्रिया श्रीवास्तव, विभू राज, श्रेया सिंह, सागर कुमार, श्रेया श्रीवास्तव, पंकज कुमार, डॉ० के० एम० दूबे, कंचन बाला, शैलेंद्र कुमार शाही, भव्या कुमारी, आयुषी परासर, श्रुति, मो० नसिरुद्दीन आलम, यशी, प्रियंका श्रीवास्तव, कीर्ति सिंह, शुभम, शमी रजा, गुंजन कुमारी, दिव्यांश, ललन सिंह, आशीष कुमार सिंह, कुमारी सिमरन, टिंकु कुमारी, कुमारी ज्योति, रवि कुमार, विकास कुमार, अमिका राय, प्रतीज्ञा कुमारी ने निभाई है। फिल्म की कथा पटकथा संवाद और गीत लेखन अमित रंजन और कंचन बाला ने किया है तो संगीत निर्देशन कंचन बाला और टुन्नू तनहा ने किया। गायिका शिक्षा श्रीवास्तव, नृत्य निर्देशक मोहम्मद आरिफ, एडिटर बिट्टू कुमार गुप्ता, मेकअप सूरज कुमार गुप्ता, मुख्य सहायक निर्देशक रंजीत भोजपुरिया, सहायक निर्देशक आयुषी परासर, आशीष कुमार सिंह, सागर कुमार, सहयोगी कैमरामैन राजा कुमार शर्मा, सिनेमेटोग्राफी रणवीर सिंह राजपूत और दीपू श्रीवास्तव, सह निमार्ता मो० नसिरुद्दीन आलम हैं।

# सार्वजनिक स्थल और स्कूलों में बूथ बनाकर खिलायी जायेगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम अभियान चलाया जायेगा। 10 फरवरी से अभियान की शुरूआत की जायेगी। जिसके तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलायेंगी। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सारण समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें जिलाधिकारी अमन समीर ने निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाएंगे। ताकि जिले को फाइलेरिया के दंश से बचाया जा सके। यह अभियान फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है। उन्होने सभी विभागों को अपने दायित्वों का निवर्हन करने का आदेश दिया। 10 फरवरी से सवर्जन दवा सेवन (आईडीए) अभियान की शुरूआत की जायेगी। यह अभियान 17 दिनों तक चलेगा। शुरूआती तीन दिन सार्वजनिक स्थल, पंचायत भवन, चौक-चौराहा, सरकारी अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र और सरकारी और निजी विद्यालयों में बूथ लगाकर दवा खिलायी जायेगी। लंच समय खाना खाने के बाद बच्चों को दवा खिलाना है। ताकि बच्चें दवा खाने के बाद अपने घर के लोगों को भी इसके बारे में जागरूक कर सके। उन्होने कहा कि अभियान के दौरान मार्किंग भी की जायेगी। ऊंगली पर मार्कर से निशान लगाया जायेगा। उसके बाद 14 दिनों तक आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलायेंगी। इस बार अभियान के दौरान तीन तरह की दवा खिलायी जायेगी, जिसमें डीईसी, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन शामिल है। यह सुनिश्चित करना है कि आशा कार्यकर्ता अपने आंखों के सामने लाभार्थी को दवा खिलाएं। किसी भी परिस्थिति में दवा को बांटना नहीं है, बल्कि सामने हीं दवा खिलाना है। साथ हीं डोर-टू-डोर अभियान के द्वारा घरों की मार्किंग भी की जायेगी। इस बैठक में जिलाधिकारी के अलावा सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के राज्य प्रतिनिधि डॉ. राजेश पांडेय, डीआईओ डॉ. चंदेश्वर सिंह, डीपीएम अरविन्द कुमार, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, डीपीओ आईसीडीएस, डीईओ, जिला पंचायत राज विभाग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी और सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ,पीरामल, सीफार के प्रतिनिधि मौजूद थे। वहीं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

### फाइलेरिया कक्षा का होगा आयोजन

समन्वय समिति की बैठक में जिलाधिकारी अमन समीर ने कि 10 फरवरी से विद्यालयों में फाइलेरिया कक्षा आयोजित किया जाये, जिसमें सभी बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में तथा दवा खाने की जानकारी दी जाये। बच्चों के कॉपी पर एमडीए की दवा खाने का संदेश दिया जाये और परिजन से हस्ताक्षर कराकर उसे जमा कराएं।

साथ हीं जागरूकता के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराया जाये। डीएम ने कहा कि स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात-फेरी निकाली जाये। वहीं पंचायती राज विभाग को जिम्मेदारी दी गयी है कि पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाये और प्रतिनिधियों पंचायत में प्रचार-प्रसार कराया जायेगा। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए समुदाय के साथ बैठक करें और 10 फरवरी को स्वयं दवा खाकर इसका उद्घाटन करेंगे। सभी पंचायत परिसरों में दीवाल पेंटिंग कराया जाये। आईसीडीएस विभाग को जिम्मेदारी दी गयी है सेविकाओं के माध्यम से दीवार स्लोगन लेखन, बूथ लगाने में मदद, गृह भ्रमण के दौरान समुदाय में जागरूकता और शहरी क्षेत्र में दल कर्मी में रूप में कार्य करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि इस अभियान राशन डीलर, नगर निगम और नगर पंचायत के वार्ड पार्षद प्रचार-प्रसार करेंगे, साथ हीं पोस्टर लगाया जायेगा, और सफाई वाहन के माध्यम से ऑडियो प्रचार किया जायेगा। विकास मित्र महादलित टोला समुदाय में बैठक कर जागरूक करेंगे और आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। जीविका समूह के माध्यम से भी प्रचार झप्रसार कर जागरूक किया जायेगा।

### खाली पेट नहीं खानी है दवा

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि यह दवा खाली पेट नहीं खानी है, दवा खाने के बाद एक ग्लास पानी पीना है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं खिलाना है।

उन्होने बताया कि आइवरमेक्टिन दवा हाइट के अनुसार देना है। 90 से 119 सेमी लंबाई वाले को एक गोली, 120 से 140 सेमी लंबाई वाले को 2 गोली, 141 से 158 सेमी वाले को 3 गोली और 159 सेमी से ज्यादा चाहे जितना भी हो उसे 4 गोली देनी है। वहीं 2 से 5 वर्ष आयु वर्ग को डीईसी की एक गोली और अल्बेंडाजोल की एक गोली, 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग को डीईसी की दो गोली और अल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले 3 डीईसी और एक अल्बेंडाजोल की गोली देनी है।

# मछुआ समुदाय एवं मत्स्य पालकों का हो रहा है आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान : मंत्री

## हर सुविधाएं मत्स्य पालकों, मत्स्य विक्रेताओं को ससमय करायी जा रही है उपलब्ध : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। मुख्यमंत्री मत्स्य विपणना योजनान्तर्गत मंगलवार को जिला मत्स्य कार्यालय के प्रांगण में मत्स्य विपणन किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, उप मत्स्य निदेशक, तिरहुत परिक्षेत्र, मुजफ्फरपुर द्वारा किया गया।

जिले में स्वच्छ मत्स्य विपणन हेतु मत्स्य विपणन किट का वितरण हेतु 125 मत्स्य बिक्री कार्य करने वाले मत्स्य विक्रेताओं को मत्स्य विपणन किट का वितरण किया गया। किट प्राप्त करने वालों में मझौलिया, नरकटियागंज, बेतिया, नौतन, बैरिया, सिकटा, ठकराहां तथा योगापट्टी प्रखंड के लाभुक शामिल थे।



इस अवसर मंत्री रेणु देवी ने कहा कि बिहार को बढ़ाने के लिए कृषि रोड मैप में मछली के लिए मत्स्य पालकों के लिए तथा मछली विक्रेताओं के लिए अनेक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का समावेश किया गया है। आगामी समय में भी मछुआ लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए नाव जाल की योजना लाने की व्यवस्था की जा रही है तथा अनेकों महत्वपूर्ण योजनाएं मछुआ समुदाय के भाई-बहनों के लिए संचालित हो रही है। इससे सभी मछुआ समुदाय एवं मत्स्य पालकों का आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा कि चम्पारण आगे बढ़ रहा है, बिहार आगे बढ़ रहा है बिहार अब विकसित बिहार बन रहा है।

जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि माननीय मंत्रीजी के द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन बिहार सरकार को संचालन के क्रम में तमाम तरह की सुविधाएं मत्स्य पालकों, मत्स्य विक्रेताओं को ससमय उपलब्ध करायी जा रही है। मत्स्य विक्रेताओं के लिए पहली बार विभाग मत्स्य विपणन किट की योजना लायी है, जो गरीब मछुआ को, खुदरा मछली विक्रेताओं को मछली बेचने के लिए आवश्यक सामग्री का वितरण किया जा रहा है, जो एक अहम पहल है। माननीय मंत्री जी के सहयोग से प्रत्येक प्रखंड अंतर्गत पशु एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी है, जहां आवश्यकता अनुसार चिकित्सा उपलब्ध करायी जा रही है।

ज्ञातव्य हो कि मत्स्य विपणन किट प्राप्त होने से मत्स्य विक्रेता अपने मत्स्य उत्पादकों को अधिक समय तक ताजा एवं स्वच्छ रख सकेंगे। इससे न केवल उनके आय में अभिवृद्धि होगी बल्कि उपभोक्ताओं को भी स्वच्छ एवं ताजी मछलियां उपलब्ध होगी। जिले में मत्स्यिकी से संबंधित आजीविका तथा ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा तथा मत्स्य पालकों/कृषकों के वार्षिक आय में अभिवृद्धि के साथ-साथ उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास होगा।

शहरी तथा ग्रामीण मत्स्य विपणन किट में 15 तरह के सामग्री यथा- फोल्डेबल छतरी, स्टेनलेस स्टील कटर, स्टेनलेस स्टील स्क्रबर, तराजू एवं बटखारा, तारपोलिन शीट, प्लास्टिक बाल्टी/मग, एरेटर मशीन, इनसुलेटेड बॉक्स, डीसीएलईडी बल्बयुक्त लैम्प, प्लास्टिक क्रैट, प्लास्टिक वेस्टवीन, एप्रॉन, ग्लब्स/मास्क, कैप, मनी बैग आदि लाभुकों को प्रदान किया गया है।

# शाहाबाद पुलिस उप-महानिरीक्षक का हुआ आरा में आगमन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा,पुलिस उप-महानिरीक्षक शाहाबाद का भोजपुर जिला आगमन हुआ। उन्होंने न्यू पुलिस केंद्र आरा में परेड का निरीक्षण किया और उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने अनुशासन और कार्यकुशलता से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।

इसके उपरांत, न्यू पुलिस केंद्र में कार्यरत जीपी शाखा, एमटी शाखा और अन्य विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग होने वाले पुलिस वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने उ.क्.अ.ळ टीम और दफ्ळ टीम की समीक्षा कर उनके कार्यों का अवलोकन किया।

जिला शस्त्रागार का निरीक्षण भी किया गया, जहां तैनात जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उप-महानिरीक्षक महोदय ने अनुशासन, तत्परता और कार्यकुशलता को प्राथमिकता देते हुए पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने किया प्रतिष्ठित संस्करण का अनावरण

पटना। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने अब तक के सबसे प्रतिष्ठित संस्करण का अनावरण किया है, जिसने द वन एंड ओनली दुनिया का निर्माण किया है। टूर का 2025 संस्करण एक अत्याधुनिक अवतार को सामने लाएगा, जो वैश्विक फैशन, संगीत और मनोरंजन के शानदार शोकेस लाएगा जो शुद्ध विस्मय को प्रेरित करते हैं। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ एक बार फिर से जुड़ते हुए फैशन टूर अपने ग्लैमरस और भव्य सार का जश्न मनाएगा, जिसमें फैशन में भारत की कुछ सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली आवाजें और स्टाइल आइकन शामिल होंगे, जो निस्संदेह पूरे देश में चर्चा का विषय बन जाएंगे। परनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा कि ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर का यह साल का संस्करण हमारी प्रतिष्ठित और लोकप्रिय दुनिया में एकमात्र प्रवेश द्वार बनने के हमारे विजन में एक और साहसिक कदम है। एफडी-सीआई के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा, हम एक प्रभावशाली नया संस्करण बना रहे हैं ।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने किया निरीक्षण

बेतिया। बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सिंह द्वारा पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत सभी बाल देख संस्थानों यथा- पर्यवेक्षण गृह, बाल गृह एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा गृह में रह रहे बालकों के लिए दी जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं भोजन, पठन-पाठन, चिकित्सा, मनोरंजन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। उनके द्वारा कहा गया कि यहां रह रहे बच्चों को घर जैसा माहौल दें। अपने बच्चों की तरह यहां के बच्चों की देखभाल करें। पर्यवेक्षण गृह में आवासित बच्चों को पठन-पाठन हेतु कम्प्यूटर क्लास का निर्माण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। सभी अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि इन बच्चों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं को ससमय उपलब्ध करायें।

### हत्या मामले मे दो को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड

छपरा कोर्ट। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 13 श्रीकांत सिंह ने डोरीगंज थाना कांड संख्या 98/ 2012 के सत्र वाद संख्या 160/ 13 में डोरीगंज थाना के दफ्तरपुर निवासी धीरज कुमार सिंह और बंटी सिंह को भा द वी की धारा 302/ 120 में आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार अर्थ दंड तथा धारा 201 में 7 वर्ष की कारावास एवं 10 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक विमल चंद्र सिंह एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद सिंह एवं अजय कुमार सिंह ने अपना अपना पक्ष न्यायालय में रखा। अभियोजन द्वारा अनुसंधानकर्ता एवं चिकित्सक सहित कुल आठ गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई गई थी। पुलिस द्वारा 24 सितंबर 2013 को आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया गया था। डोरीगंज थाना के दफ्तरपुर निवासी सुमित कुमार सिंह उर्फ मनोज ने 23 सितंबर 2012 को अपना फर्ज बयान दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बतलाया था कि 20 सितंबर 2012 को रात्रि में उनके पिता बृज कुमार सिंह खाना खाकर बरामदे के कोठरी में सोने गए थे। सुबह देखा कि पिताजी कमरे में नहीं है। काफी खोजबीन किया परंतु वह नहीं मिले।अपने रिश्तेदारों के घर भी पता किया परंतु उनका कुछ पता नहीं चला एक दिन बाद पता चला कि एन एच के 19 के उत्तर मानपुर जाने वाली सड़क के पूर्व संजय राय के खेत में एक शव पड़ा हुआ है जाकर देखा तो मेरे पिताजी का शव था । जिसस के बाद अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस द्वारा अनुसंधान के क्रम में इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।हत्या करने के बाद दोनों अपराधियों ने लाश को गायब करने के उद्देश्य से खेत में फेंक दिया था।

### अंचल कर्मी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

मशरक। मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर मे मंगलवार को इसुआपुर के अंचल कर्मी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।बीडीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित शोक सभा मे मृतक इसुआपुर प्रखंड के डोइला गांव निवासी सुरेश प्रसाद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। कई दिनो से बीमार चल रहे उक्त कर्मी इसुआपुर अंचल कार्यालय मे कार्यरत थे।शोक सभा मे सीओ सुमंत कुमार, बड़ा बाबू विनोद कुमार, अनिल शर्मा,धनेश राम,कृष्णा मांझी,अभय पाण्डेय, जितेंद्र सिंह सहित अन्य शामिल हुए।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मां आरण्य देवी मंदिर में टेका मत्था

## मंदिर में माता-आरण्य देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

- मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अंग वस्त्र एवं माता का तस्वीर देकर किया गया सम्मानित
- प्रदेश अध्यक्ष ने माता के मंदिर निर्माण में 5 लाख रुपये सहयोग राशि देने की कहीं बात

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व व भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में जाकर मत्था टेका और विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर के पुजारी संजय मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को पूजन करवाया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं आरा सदर विधायक को माता की चुनरी एवं तस्वीर प्रदान की गई। तत्पश्चात वे मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के कार्यालय में पहुंचे। जहां प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं सदर विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के सचिव अरविंद कुमार पांडेय, सुरेश प्रसाद, नवीन सिंह, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार एवं पुजारी संजय मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से उन्हें मां आरण्य देवी की तस्वीर एवं अंग वस्त्र प्रदान किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने मंदिर के पौराणिक इतिहास, किदवंती के बारे में जाना। उन्होंने मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। प्रदेश अध्यक्ष ने माता मंदिर निर्माण में पांच लाख रुपये सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक कन्हैया सिंह, रामनवमी शोभा यात्रा के संयोजक शंभू प्रसाद चौरसिया, आलोक अंजन, विनोद प्रसाद, जीतू चौरसिया समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# क्षमता से अधिक भार ढोने वाले वाहनों के कारण ग्रामीण सड़कों की स्थिति बदहाल

प्रातः किरण संवाददाता

कैमूर/रोहतास ग्रामीण सड़कों का निर्माण मुख्य रूप से हल्के वाहनों और स्थानीय यातायात को ध्यान में रखकर किया जाता है। इन सड़कों का आधार और निर्माण सामग्री राष्ट्रीय राजमार्गों या शहरी सड़कों की तुलना में कमजोर होते हैं। लेकिन जब इन सड़कों पर अधिक भार वाले वाहन, जैसे रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट या अन्य भारी सामान से भरे ट्रक चलते हैं, तो सड़कों की हालत तेजी से खराब हो जाती है। इसके कारण सड़कें टूट-फूट जाती हैं और चलने योग्य नहीं रह जातीं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ठ्ल2 के आस-पास के गाँवों की सड़कों की हालत विशेष रूप से चिंताजनक हो गई है। भारी वाहनों के चालक मुख्य सड़क से बचने के लिए अक्सर ग्रामीण सड़कों को शॉर्टकट मार्ग के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इन सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़कें टूट जाती हैं, गड्ढे बन जाते हैं और धूल-मिट्टी का स्तर बढ़ जाता है। इससे न केवल वाहनों की गति धीमी हो जाती है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यह स्थिति बहुत कठिन हो जाती है, खासतौर पर उन छात्रों और बुजुर्गों के लिए जिन्हें प्रतिदिन इन सड़कों पर यात्रा करनी पड़ती है।

सड़कों के खराब होने का असर केवल लोगों के आवागमन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आर्थिक समस्याएं भी पैदा करता है। किसानों और छोटे व्यापारियों को अपने उत्पाद और सामान बाजार तक ले जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका परिवहन खर्च बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा आपात स्थितियों में भी खराब सड़कें एक बड़ी बाधा बन जाती हैं।इस समस्या का समाधान स्थानीय प्रशासन की सक्रियता से संभव है। प्रशासन को चाहिए कि वह अधिक भार वाले वाहनों पर सख्त प्रतिबंध लगाए और नियमों का पालन न करने वालों पर भारी जुमार्ना वसूले। सड़कों पर नियमित निगरानी के लिए एक विशेष निगरानी दल का गठन किया जाना चाहिए जो इन वाहनों की गतिविधियों पर नजर रखे।

## सोहरा मे हुए हत्या पर बड़हरा विधायक ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए प्रशासन से जल्द कारेवाई करने की बात कहा



प्रातः किरण संवाददाता

आरा/बड़हरा। बड़हरा विधानसभा के सोहरा में सुमित सिंह के हत्या की खबर सुनकर बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री आरा सदर अस्पताल पहुंचे।उन्होने हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।उन्होने तुरंत पुलिस अधीक्षक से बात कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही।उन्होने कहा कि घटना के बारे में सरैया थाना को पहले से सुचना मिलने के बाद भी थाना द्वारा घटना को रोकने का कोई प्रयास नही किया गया। उन्होने पुलिस अधीक्षक से बात करते हुए कहा कि सरैया थाना के थानेदार को तुरंत वहाँ से हटाए और इसके साथ सभी स्टाफो को वहाँ से हटाया जाए। सरैया थाना के लापरवाही से पहले भी बहुत घटना हो चुकी है।इसलिए इस पर जल्द कार्यवाही की जाएँ। वहाँ के आम जनता में आक्रोश है।जब अपराधी चिन्हित हो चुका है तो उसकी गिरफ्तारी जल्द हो।

बड़हरा विधायक ने मृत के परिजन और जनता को समझाते हुए कहा कि घटना पर जल्द कारवाई होगा।

## 1 फरवरी से जिला के 70 परीक्षा केंद्रों पर होगी इंटरमीडिएट परीक्षा

छपरा कार्यालय।इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का आयोजन फरवरी 2025 से निर्धारित है। इसका आयोजन जिला के 70 परीक्षा केंद्रों पर किया जायेगा। इन परीक्षा केंद्रों पर कुल 61686 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में अयोजन को लेकर मंगलवार को सभी परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षकों की बैठक आहुत की गई।जिलाधिकारी अमर समीर ने कहा कि स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में आयोजन को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा के सभी निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केंद्र के सभी वीक्षकों एवं अटेंडेंट का परिचय पत्र अनिवार्य होगा। सभी परीक्षार्थी की फ्रिस्किंग कड़ाई से सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से 30 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09:00 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

# बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर प्रहार करता है छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक कोई जगह खाली नहीं

- एकला चलो रे संस्था की प्रस्तुति को छात्रों, शिक्षकों ने सराहा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा,समाज की व्यापक समस्या बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चोट करते नाटक कोई जगह खाली नहीं की नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति का आयोजन भोजपुरी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस में हुआ। नाटक की प्रस्तुति एकला चलो रे नाट्य संस्था की तरफ से की गई। नाट्य गुरु और साहित्यकार प्रो श्याम मोहन अस्थाना के जन्मशती वर्ष पर हुई इस प्रस्तुति को विभिन्न विभागों के छात्रों और शिक्षकों को जमकर सराहा। प्रस्तुति के बीच में लगातार तालियां बजती रहीं। नाटक एक बेरोजगार युवक लक्ष्मीशंकर की कथा है जिसे योग्य और उच्च डिग्रीधारी होने के बावजूद नौकरी के लिए दर दर की ठोकरें खानी पड़ती है और बात अंत में यमराज और भगवान शिव तक जा पहुंचती है।

प्रो श्याम मोहन अस्थाना द्वारा लिखित इस नाटक की परिकल्पना रंगकर्मी चंद्रभूषण पांडेय और निर्देशन रितिक सुंदरम ने की थी। नाटक में लक्ष्मीशंकर और शवयात्री की भूमिका में रितिक मिश्र, मुंशी जी, स्व शीतल प्रसाद और शव की भूमिका में कुणाल कुमार, यमराज और शवयात्री की भूमिका में गोकुल गुलशन, मुख्य शवयात्री की भूमिका में सुंदरम उपाध्याय और कोरस तथा शवयात्री की भूमिका में चंद्रभूषण पांडेय थे। नाटक के सभी कलाकार विश्वविद्यालय के ही छात्र हैं।

नाट्य प्रस्तुति में स्नातकोत्तर हिंदी भोजपुरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, प्रो रविन्द्र नाथ राय, प्रो नीरज सिंह, वर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो दिवाकर पांडेय, शिक्षिका कौशल्या शर्मा, डॉ रविशंकर सिंह, वरिष्ठ कवि आलोचक जितेंद्र कुमार, जनार्दन मिश्र, पी एन बी पेंशनर समाज के अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी सहित, रंगकर्मी ओ पी पांडेय, डब्लू कुमार, शोधार्थी संजय कुमार, राजेश कुमार, सौरभ कुमार, अनिरुद्ध सिंह सहित कई विभागों के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। नाट्य प्रस्तुति के बाद सभी कलाकारों को भोजपुरी विभाग की ओर से अंगवस्त्र तथा प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति को साकार करने में भोजपुरी छात्र संघ के सदस्यों और विभाग के शिक्षकेतर कर्मचारियों नीलम देवी, मनोज कुमार तथा उत्तम तिवारी की भूमिका सराहनीय रही।

# समाज सेविका ने फुटबॉल मैच के फाइनल मैच का किया उद्घाटन

## जीवन में खेल कूद है बहुत जरूरी : सोनाली सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। जीवन में खेलकूद भी बहुत जरूरी है क्योंकि इससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ रहने का यह सुगम साधन है वहीं विभिन्न खेलों के माध्यम से हमारे जिले के कई खिलाड़ियों ने देश और विदेश में अपना नाम रोशन किया है उक्त बातें बड़हरा विधानसभा क्षेत्र की चर्चित समाज सेविका सोनाली सिंह ने फुटबॉल मैच के फाइनल मैच का उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कार देते समय कही,जिले के कोईलवर प्रखंड के दौलतपुर गॉव में गणतंत्र दिवस के मौके पर दौलतपुर स्पॉटिंग क्लब द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल मैच के आयोजन के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर वह पहुंची थी जहाँ की क्लब के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया के बाद सोनाली सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया इस रोमांचक मैच में दौलतपुर फुटबॉल क्लब एवं बरहरा 11 के बीच मैच खेला गया जिसमें बड़हरा 11 की टीम विजेता रही मैच के समाप्ति के उपरांत उनके द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ढाल कप एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया इस मौके पर उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से सामाजिक समरसता कम होने के साथ-साथ खिलाड़ियों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का भी मौका मिलता है मौके पर उपस्थित लोगों में असमंजस यादव गौतम ऋषि मिंटू सिंह विपुल गोलू नंदन श्री राम के साथ सोनाली सिंह टीम मौदूद रही

# 1 फरवरी से मढ़ौरा के 6 परीक्षा केंद्रों पर इंटर की परीक्षा होगी शुरू

## इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर बीडीओ ने की केन्द्राधिक्षकों के साथ बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



मढ़ौरा( इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर मढ़ौरा बीडीओ सुधीर कुमार ने मंगलवार को यहां के सभी केंद्राधीक्षको के साथ एक आवश्यक बैठक कर कई जरूरी निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आगामी 1 फरवरी से 15 फरवरी तक मढ़ौरा के 6 परीक्षा केंद्रों पर इंटर की परीक्षा होनी है । जिसमें विभिन्न स्कूलों के हजारों की संख्या में इंटर के परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए मढ़ौरा के पीपी इंटर कॉलेज शिल्हौरी, खेदन प्रसाद हाई स्कूल शिल्हौरी, ट्राईडेंट पब्लिक स्कूल खरौनी चौक मढ़ौरा, हाई स्कूल मढ़ौरा, पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज मढ़ौरा और बोर्ड मिडिल स्कूल स्टेशन रोड मढ़ौरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा को लेकर बीडीओ सुधीर कुमार ने सभी केंद्राधीक्षको को स्कूल की बाउंड्री, प्रवेश द्वार, परीक्षा केंद्र के विभिन्न परीक्षा कक्षाओं के दरवाजे खिड़की, पर्याप्त रोशनी, बेंच,डेस्क, वीडियोग्राफी, लाउडस्पीकर आदि की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक परीक्षा कक्ष में एक दीवाल घड़ी लगाने और परीक्षा हॉल को पूरी तरह से सेनीटाइज किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर शौचालय, घंटी और सीट प्लानिंग समय से पहले कर लेने का भी निर्देश दिया।

# एसपी ने गायघाट में ट्रेफिक ओपी का किया उद्घाटन

## अशोक राजपथ, जेपी सेतु, गंगा पाथवे, पुरानी बाइपास पर फोकस

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी । यातायात के आरक्षी अधीक्षक अपराजिता लोहान मंगलवार को पटना सिटी के गायघाट पहुंचे। यहां यातायात पुलिस पोस्ट का उद्घाटन फीता काट कर उन्होंने किया। इसका नाम सुल्तानगंज ट्रैफिक थाना गायघाट पुल के नीचे दिया गया है । इस ट्रेफिक पोस्ट के पहले थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार को बनाया गया है। इस दौरान ट्रेफिक डीएसपी भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद ट्रेफिक एसपी अपराजिता लोहान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गायघाट पुल के नीचे यातायात पुलिस का पोस्ट बन चुका है। इससे अशोक राजपथ, जेपी सेतु, गंगा पाथवे, सुदर्शन पथ पर निगरानी रखी जाएगी। दरअसल गंगा पथ भी एक्सीडेंशल जोन में शामिल है। लोग इस रोड का मिसयूज भी करने लगे हैं। खासकर रफ दोपहिया वाहन चलाना, जिसे आप सभी बाइकर्स गैंग भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम को 40 स्थान पर सीसीटीवी लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जैसे ही नगर निगम से पास होकर यह आदेश आता है, इसके बाद उसे विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। जब ट्रेफिक एसपी का ध्यान अशोक राजपथ के खासकर पश्चिम दरवाजा से गुरहट्टा, खाजेकलां के पानी टंकी से लेकर चमडोरिया, हाजीगंज से बोरी दास की भट्ठी के बीच सड़क पर अवैध ढंग से वाहनों का पार्किंग, अतिक्रमण और जाम की ओर दिलाया गया, तब उनका कहना था कि देखिए कहीं-कहीं निर्माण कार्य जो भी चल रहा है, ऐसे में निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के साथ मिलकर बैठक की जाएगी। यदि वह गड्ढा किया है, तो उसे डायवर्सन करना होगा। निर्माण सामग्री को छह घंटे में हटा लेना होगा। दरअसल पटना सिटी में कभी भी नो पार्किंग का अभियान नहीं चलाया गया है। पटना में फिलहाल प्रतिदिन करीब एक लाख रुपया पेनाल्टी वाहनों से वसूल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटना सिटी में भी एक क्रेन की व्यवस्था की जाएगी, जो घूम-घूम कर नो पार्किंग जोन में लगे वाहन को उठा लेगी और जुमार्ना के बाद ही उसे छोड़ा जाएगा। खासकर उन्होंने जाम वाले स्थल पर भी काम किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जेपी सेतु पर कंगन घाट से कलेक्ट्रेट के बीच सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।

साथ ही स्पीड गन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। तेज गति से और स्पीड को ओवर लिमिट कर वाहन चलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पटना सिटी में अधिकांश लोग दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करते हैं। ऐसे लोगों को भी उन्होंने चेतावनी दी कि जब भी वाहन चलाएं, चालक और सवार को हेलमेट लगाना जरूरी है। कार चालक और उसके बगल में बैठने वाले को सीट बेल्ट हर हाल में लगाना है। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को ओवरलोडिंग नहीं करना है।

# रेल यात्री कड़कती ठण्ड में बगैर शेड के रेल के इंतजार में रहने को विवश

## बड़ी लाइन पर परिचालन के बावजूद नहीं बन सका शेड

**सुमन सौरभ**



बिहारीगंज (मधेपुरा)। बिहारीगंज रेलवे स्टेशन पर जनवरी महीने के कड़कती ठण्ड में मजबूर हो करते हैं यात्रा। जबकि यह सर्वमान्य है कि हर नये साल से शुरू होने वाला जनवरी महीना में सभी सालों में अत्यधिक ठण्ड का समय बीते दिसम्बर के बाद इसी जनवरी महीना में रहता है। जानकारी में हो कि बिहारीगंज रेलवे स्टेशन में रेल गाड़ियों का परिचालन आजादी पूर्व से 1930 के दशक से होता आ रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में भी भारत छोड़ो आंदोलन का गवाह रहा है बिहारीगंज रेलवे स्टेशन। आजादी पूर्व से आरम्भ छोटी लाइन पर रेल गाड़ियों का परिचाल1933 झ34 से आरम्भ हो कर बड़ी लाइन के आमान परिवर्तन के लिए साल 2016 के लिए मेगा ब्लॉक लेने तक होता रहा। फरवरी 2022 के ट्रायल बाद साल 2022 के अप्रैल से बड़ी लाइन पर गाड़ियों का परिचालन नियमित किया गया। बड़ी लाइन की रेल गाड़ी के सफर ने उदाकिशुनगंज अनुमण्डल के सभी छः प्रखण्ड के यात्रियों की दूर तक की के यात्रा को भी आसान कर दिया। मालुम हो कि बिहारीगंज रेलवे स्टेशन मधेपुरा जिलें के दूसरे अनुमण्डल उदाकिशुनगंज अंतर्गत सभी छः प्रखंण्डो में बिहारीगंज प्रखण्ड में ही रेलवे यात्रा की सुविधा उपलब्ध है। कई आंदोलन और स्मार पत्र दिए जाने के बावजूद उदाकिशुनगंज अनुमण्डल में और कोई रेल मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है। आजादी से अब तक मात्र बिहारीगंज - बनमनखी रेल खण्ड ही अस्तित्व में मौजूद है तथा चलायमान भी। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मण्डल अंतर्गत आने वाला बनमनखी जंक्शन से 28 किलोमीटर पश्चिम बतौर अन्तिम पड़ाव बिहारीगंज रेलवे स्टेशन आज भी भगवान भरोसे ही परिचालित है। निरन्तर उपेक्षा का शिकार बन रहे बिहारीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री जनवरी महीने के शीतलहर तथा सर्द मौसम में बिना शेड के ही यात्रा को अब भी विवश हैं। मालुम हो कि ढ़ाई वर्ष पूर्व से परिचालित बड़ी रेल लाइन की सवारी गाड़ियों से हजारों रुपए तथा माल ढुलाई से रेलवे को लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त हो रहा है। रेलवे को आधुनिकीकरण के लिए राजस्व मिलने के बावजूद यात्री सुविधा नगण्य ही है।

यात्रियों को केवल रेल यात्रा की सुविधा मिल पा रही है। निश्चित रूप से सस्ती और आरामदायक यात्रा होने के बावजूद यात्रा के अलावा अन्य सुविधाएँ नदारद हैं। गौरतलब यह कि प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों को गंत्वय स्थानों तक पहुँचाने का भार वहन करता बिहारीगंज रेलवे स्टेशन सम्पूर्ण अनुमण्डल वासियों की नजर में अब भी उपेक्षा का शिकार बना पड़ा है।बिहारीगंज प्रखण्ड के अलावे कई अन्य प्रखण्ड और गाँव कस्बा के लोगों को महफूज यात्रा का लाभ देने वाले बिहारीगंज रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों की नजर कब मेहरबान होगी, समय के गर्भ में छिपा मालुम पड़ता है। जनवरी माह बीतने के करीब आप चुका है। मात्र तीन जोड़ी ट्रैन के भरोसे यात्री अब भी सफर करते हैं। साल 2025 का सर्द मौसम जाने पर है। पदाधिकारियों की तंद्रा भंग होगी, सर्व साधारण का विश्वास कायम है।

# भतीजी को हवस का शिकार बनाने वाले कालयुगी चाचा पुलिस हिरासत में, की जा रही है गहन पूछताछ

**प्रातः किरण संवाददाता**



मधेपुरा । मिडिया की खबर का हुआ असर, हरकत में आई पुलिस ने एसपी के निर्देशन में भतीजी को हवस का शिकार बनाने वाले कालयुगी चाचा को हिरासत में लिया हैं और थाने में आरोपी से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। दरअसल मधेपुरा में भतीजी को परीक्षा दिलाने ले जाने के दौरान एक कथित कलयुगी चाचा ने भतीजी को अपने हवस का शिकार बनाया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर लाही से कलयुगी चाचा को हिरासत में ले लिया हैं वहीं इस मामले की जानकारी देते हुए एसपी संदीप सिंह ने बताया कि जिले में आपत्तिजनक स्थिति में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था इसके बाद वीडियो में दिख रही युवती की संदिग्ध स्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया जिसके बाद त्वरित गति से कार्यवाही करते हुए मामले की छानबीन शुरू की गई तो पता चला कि यह वीडियो जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र से संबंधित है इस मामले में कलयुगी चाचा को हिरासत में लेकर पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। वहीं मामला कहीं ना कहीं संदिग्ध हैं मृतिका के परिजन इस मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं हालांकि पुलिसिया गहन जाँच के बाद हीं मामला स्पष्ट हो पाएगा युवती की मौत किस प्रस्थिति मे हुई हैं यह संदेहास्पद मौत हैं या फिर हत्या? वहीं रिश्ते में मृतिका के दादा मो. फूल हसन ने दबी जुवान से घटना की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा दिलाने जा रहे युवती के साथ तीन चार कि संख्या में हवस के दरिंदो ने गैंग रेप किया जिसके बाद घर पहुंची युवती दूसरे दिन चपाकल पर पानी लेने गयी और वहीं अचानक मौत हो गयी। बहरहाल पुलिस हर एक विन्दुओं पर तफ्तीश कर रही हैं।

# ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट ने चार दर्जन जरूरतमंदों के बीच कंबल और स्वेटर का किया वितरण



■ **फाउंडेशन की ओर से हमेशा ही जनहित और समाज हित में कार्य करते हैं : डॉ. पी आलम**

**प्रातः किरण संवाददाता**

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) । ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा उदाकिशुनगंज अनुमंडल के पुरैनी प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत औराय पंचायत के वार्ड 15 स्थित खेरहो चंदा गांव में सोमवार को चार दर्जनों अधिक गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल और स्वेटर वितरण किया गया। मौके पर ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. पी आलम ने कहा कि उनके ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से हमेशा ही जनहित और समाज हित में कार्य करते हैं और आगे भी लोगों के लिए सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की मदद करने के लिए केवल धन की जरूरत नहीं होती है, बल्कि उसके लिए अच्छे मन की जरूरत होती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संस्था ग्लोबल फाऊंडेशन ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है कि अगर कोई निसहाय लोगों की बेटी की शादी होती है तो उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना और मदद करना है। साथ ही संस्था के द्वारा लावारिश शव को विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार भी करवाया जाता है। वही सचिव प्रिंस कुमार मिठू ने कहा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करवाकर जो खुशी मिलती है वो किसी कार्य से नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। वहीं मौके पर डॉ. परवेज आलम, प्रिंस कुमार मिट्ठू, नवीन कुमार, अजमेरी खातून, मो. राहुल, अख्तरी खातुन, रुखसाना, गुलशन, जरीना, अलीशा, प्रेम कुमार, सोनू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के शताब्दी वर्ष पर डाक टिकट जारी

पटना । पटना जीपीओ प्रांगण में आज एक विशेष कार्यक्रम में चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार द्वारा पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल पर एक विशेष आवरण का विमोचन किया गया` यह विशेष आवरण पीएमसीएच के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में की गई है । पीएमसीएच के गौरवशाली इतिहास और स्वास्थ्य सेवा में उसके अमूल्य योगदान को समर्पित विशेष आवरण के विमोचन के मौके पर पीएमसीएच के पूर्ववर्ती छात्र रहे पद्म श्री डॉ आर एन सिंह, पद्मश्री डॉ गोपाल प्रसाद , पद्मश्री डॉ विजय प्रकाश , पद्म श्री डॉ शांति राय , पीएमसीएच के प्राचार्य डॉ विद्यापति चौधरी मौजूद रहे । पीएमसीएच के प्राचार्य ने भारतीय डाक विभाग का आभार व्यक्तकिया। कि पीएमसीएच की गौरवशाली यात्रा को लोग डाक टिकट के माध्यम से जान सकेंगे।

# चौसा प्रखंड के दो अलग अलग विद्यालय के शिक्षकों को सीआरटी हैदराबाद में किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा) । चौसा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अजगैवा एवं मोरसंडा के दो शिक्षकों को सीसीआरटी हैदराबाद में सम्मानित किया गया है । सीआरटी क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद में एनईपी 2020 के अनुरूप 496वां अनुस्थापन पाठ्यक्रम तय का प्रशिक्षण बीते दिन संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में क्षेत्रीय विद्यालयों के कई शिक्षकों ने भाग लिया। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षक विधियो को समझने और उनका अनुपालन करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अजगैवा के चंदन कुमार एवं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरसंडा के शिक्षक गोविंद कुमार मिश्रा को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। इन सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान सामान्य विषयों के अलावा कला शिक्षण को पाठ्यक्रम में शामिल करने और क्षेत्रीय फोकल कला को बच्चों के सर्वांगीण विकास से जोड़ने पर जोर दिया। उनके इस योगदान को सराहते हुए उन्हें सीआरटी के सहायक निदेशक वाई चंद्रशेखर और फील्ड ऑफिसर सौंदर्य ने दोनो शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर सभी शिक्षकों ने इसे अपने लिए एक प्रेरणा बताया और कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें शिक्षा में नई दिशा और दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है। जिसे वह अपनी कक्षाओं में लागू करेंगे। दोनों शिक्षक प्रभावी शिक्षण में भारतीय कठपुतली का योगदान, कहानी सुनने और शिक्षण शास्त्र के माध्यम से प्रयोगात्मक शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया है। सीआरटी हैदराबाद में इस की पहली बार प्रदर्शन किया गया जो बहुत ही प्रभावशाली रहा। शिक्षकों के मिले इस सम्मान से चहुँओर प्रशंसा हो रही है। उन्हें बधाई देने का सिलसिला जा रही है। इन शिक्षकों के इस उपलब्धि से न केवल उनके विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के शिक्षकों को प्रेरणा मिली है कि वह अपने शिक्षण में नए-नए प्रयोग करें और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाएं। बधाई देने वालों में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अजगैवा के प्रधानाध्यापक कुमार गंगाराम भारतीय, पवन कुमार सिंह, मिस्टर रॉकी, रुमेश कुमार, रंजीत कुमार, कार्तिक कुमार, प्रेम सौरभ, पूनम कुमारी, मनिंद्र कुमार, रवि प्रकाश, योगेंद्र प्रसाद योगेश, अंजली कुमारी, अर्चना, स्वाति, वरुण कुमार पासवान, श्रद्धा अहिरवार, सुबोध कुमार, चंदन कुमार, अमित कुमार, आशीष कुमार, संजय कुमार, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरसंडा के प्रधानाध्यापक रजी उद्दीन, रामचन्द्र चौधरी, पंकज कुमार भगत, पुनम कुमारी, बिनीत कुमार, मुकेश कुमार राम, राहुल राज, विद्या भारती, ज्योति कुमारी, सुधा कुमारी, सोनम कुमारी, कुमारी शालिनी, आभिषेक कुमार, आराधना कुमारी, कृति सिंह, हबीब साफी, बिभाष कुमार, नाहिद अख्तर, अमृता रंजना समेत दर्जनों शिक्षक शामिल हैं।

## जाप के कार्यकर्ता ने कलासन में सैकड़ों एकड़ खाली जमीन पर महाविद्यालय बनाने की मांग को ले सीएम को लिखा पत्र

चौसा (मधेपुरा)। चौसा प्रखंड अंतर्गत रसलपुर धुरिया कलासन में सैकड़ों एकड़ जमीन खाली पर महाविद्यालय बनाने को लेकर पत्र देकर मांग की है। जमीन पर बीएन मंडल यूनिवर्सिटी द्वारा अंगीभूत महाविद्यालय बनाने की मांग को लेकर जाप के पूर्व प्रदेश महासचिव जन अधिकार छात्र परिषद के बजरंगी कुमार भगत ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं शिक्षा विभाग बिहार पटना को पत्र लिखकर कहा कि मधेपुरा जिला के सबसे अंतिम छोर पर आलमनगर विधानसभा क्षेत्र में एक भी अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय नहीं है।

इस वजह से इस क्षेत्र के लाखों छात्र छात्रा 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देते है। और गरीब तबके विद्यार्थी दूर जाकर पढ़ाई नहीं कर पा रहे है। वहीं कुछ छात्र-छात्रा है जो निजी महाविद्यालय में नामांकन करवा कर परीक्षा देखकर डिग्री तो पा लेते है। लेकिन पढ़ाई नहीं कर पता है। क्योंकि वहां पढ़ाई होती ही नहीं है।

इसलिए लाखों छात्रों के भविष्य को देखते हुए हम लोगों ने यह मांग करते हैं कि आलमनगर विधानसभा क्षेत्र के चौसा प्रखंड के रसलपुर धुरिया कलासन अस्तित्व सरकार की भूमि खाली पड़ी हुई है।

उस भूमि का सदुपयोग कर वहां बीएन मंडल यूनिवर्सिटी मधेपुरा के द्वारा अंगभूत महाविद्यालय बनाया जाए जिससे कि यहां के सभी वर्गों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत हो सके।

# 21 सूत्री मांग को लेकर होमगार्ड जवानों ने निकाला आक्रोश मार्च, किया धरना प्रदर्शन

**प्रातः किरण संवाददाता**



मधेपुरा । मधेपुरा में 21 सूत्री मांग को लेकर होमगार्ड जवानों ने राज्यव्यापी आह्वान पर आक्रोश मार्च निकाला और कलाभवन परिसर में धरना प्रदर्शन किया। दरअसल बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ जिला इकाई के बैनर तले मंगलवार को मधेपुरा में होमगार्ड जवानों के द्वारा अपनी 21 सूत्री मांगों के समर्थन में पुरे शहर में आक्रोश मार्च निकालकर जिला मुख्यालय स्थित कला भवन परिसर में धरना प्रदर्शन किया वहीं धरना प्रदर्शन में शामिल होमगार्ड के जवानों ने थाली पीटते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ हीं संघ के जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने बताया कि हमारे 21 सूत्री मांगों को लेकर सरकार को ज्ञापन पत्र दिया गया था जिस पर वार्ता भी हुई जिसमें सरकार ने 31 दिसंबर तक का समय लिया था लेकिन अब जनवरी का अंत होने चला है लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हो रहा है इसीलिए संघ के आह्वान पर मंगलवार को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। फिलहाल आज से यह तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है अगर हम लोगों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो हम लोग अपना हथियार और वर्दी सरकार को सौंप कर अनिश्चितकालीन के लिए आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे।

## श्रम संसाधन विभाग द्वारा एक दिवसीय श्रमिक निबंध शिविर का किया गया आयोजन



पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार की सुबह श्रम परिवर्तन पदाधिकारी रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में श्रम संसाधन विभाग बिहार निर्माण कामगारों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रेखा पंडित द्वारा किया गया। इन शिविरों में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना बिहार भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निर्माण श्रमिकों के निबंधन की प्रक्रिया के साथ ही बोर्ड में निबंधित निर्माण श्रमिकों के कल्याणार्थ की गई और विभिन्न योजनाओं जैसे मातृत्व लाभ, पितृत्व लाभ, साइकिल क्रय योजना, विवाह के लिए वित्तीय सहायता, औजार क्रय योजना, भवन मरम्मत अनुदान योजना, मृत्यु लाभ योजना, दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहायता, पेंशन योजना, विकलांगता पेंशन, शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता, नकद पुरस्कार योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं शिविर में निर्माण श्रमिकों का तुरंत निबंधन करके बीओसीडब्लू निबंधन कार्ड का वितरण भी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा तुरंत किया गया जिससे पात्र निर्माण श्रमिकों को बीओसीडब्लू बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके। वही मौके पर दिलखुश कुमार, सुदर्शन कुमार, अमित कुमार, रोशन कुमार सहित कई ऑपरेटर मौजूद रहे।

## शारीरिक और मानसिक विकास के लिए वर्तमान समय में खेल महत्वपूर्ण : अफजल राजू



पुरैनी (मधेपुरा) ।प्रखंड के गणेशपुर पंचायत के वार्ड 10 में पंचायत स्तरीय टीझ20 क्रिकेट टूनामेंट का तीसरा लीग मैच का उद्घाटन युवा पत्रकार अफजल राज उर्फ राजू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि अफजल राजू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट खेल नहीं उम्मीद और अवसरों का मौका है, खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल हमारे शारीरिक की दक्षता को बढ़ाता है। यह खेल हमारे हृदय को मजबूत बनाता है और रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है। खेलों से सामाजिक विकास होता है। खेलों से बच्चे सामाजिक होना सीखते हैं और खेलों से चरित्र निर्माण होता है। वहीं तीसरा लीग मैच मरवाही बनाम मधुवन के बीच खेला गया। मधुवन की कप्तान श्रवण कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी मधुवन की टीम से शकीब अयाज 35, जीतू 34, श्रवण कुमार 26 सद्दाम हुसैन 21, प्रशांत कुमार 21 के सहयोग से 200 रन बना पाए। जवाब में उतरी मरवाही की टीम से अंकुश 42, अजीत 37, मनीष 30, सुनील 29, के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में 198 रन बना पाए वहीं मरवाही की टीम ने तीन रनों से हार गया। मधुवन की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना लिया। पंचायत स्तरीय टीझ20 क्रिकेट टूनामेंट का अध्यक्ष उत्तम झा, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष गुड्डू दास, सचिव सुनील मेहता, संयोजक नीलकमल झा, प्रबंधक सुधीर मेहता, हीरानंद सिंह, निगरानी समिति मनोज मेहता रवि, गोपाल, गौरव मोहित, शालू, शिवम अमन राय अलावा ग्रामीण जनता व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## नगरा में चोरों ने की बैंक का ताला तोड़कर लॉकर तोड़ने की कोशिश, जांच में जुटी पुलिस

नगरा।थाना क्षेत्र के एसबीआई बैंक में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर बैंक में चोरी का प्रयास किया. चोरों ने बैंक के अंदर घुसकर गैस कटर से लॉकर तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें नाकाम रहे.घटना के दौरान बैंक में रखी नकदी और अन्य सामान सुरक्षित बच गए.चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों और सायरन के तार काट दिए थे, जिससे सुरक्षा व्यवस्था निष्क्रिय हो गई.लॉकर पर गैस कटर के निशान चोरी के प्रयास की पुष्टि कर रहे हैं. मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही सदर इंस्पेक्टर किरण शंकर और नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

# जीविका दीदी की रसोई अब जीपीओ में शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिलेगा अन्नपूर्णा कैंटीन में

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना : जीविका दीदी की रसोई अब पटना जीपीओ में स्थित अन्नपूर्णा कैंटीन में संचालित होगी । जीविका दीदी की रसोई का शुभारंभ चीफ पोस्टमास्टर जनरल श्री अनिल कुमार ने किया । मौके पर जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा भी मौजूद थे । चीफ पोस्टमास्टर जनरल श्री अनिल कुमार ने कहा कि जीविका दीदी की रसोई के माध्यम से संचालित इस कैंटीन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने और समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक पहल है ।

मौके पर जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि कैंटीन में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि ग्राहकों को स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके।

कैंटीन में भोजन बनाने से लेकर परोसने तक, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से की जाएगी।

## पटना जीपीओ में चाणक्य प्वाइंट ,बुद्धा की चार मूर्तियां बनी आकर्षण का केंद्र

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना । पटना के ऐतिहासिक जीपीओ प्रांगण में स्थित मेघदूत भवन जो कई समृद्ध इतिहास को समेटे हुए हैं।आज उसी गौरवशाली परंपरा और इतिहास को भवन के मुख्य द्वार पर स्थापित किया गया है ।जिसमें चाणक्य पॉइंट, चार मुद्राओं वाले कलात्मक बुद्धा वॉल का लोकार्पण किया गया । लोकार्पण डाक महाअध्यक्ष अनिल कुमार के द्वारा किया गया। अनिल कुमार ने लोकार्पित करते हुए कहा कि नवनिर्मित संरचनाएं ना सिर्फ मेघदूत भवन की सुंदरता और गरिमा में वृद्धि करेंगी बल्कि पटना शहर की सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत को भी समृद्ध बनाएंगी। उन्होंने कहा कि चाणक्य पॉइंट ज्ञान और रणनीति के प्रतीक आचार्य चाणक्य को श्रद्धांजलि है, जबकि चार मुद्राओं वाले बुद्धा बाल शांति, सद्भाव और समृद्धि का संदेश देते हैं। सुसज्जित रिसेप्शन लॉबी आगंतुकों के लिए एक आरामदायक और स्वागत योग्य माहौल प्रदान करेगी।इस मौके पर निदेशक, डाक सेवाएं, श्री पवन कुमार, बिहार सर्किल के सतर्कता अधिकारी, श्री नरसिंह महतो, मुख्य डाकपाल, श्री रंजय कुमार सिंह, वरीय रेल डाक अधीक्षक, श्री राजदेव प्रसाद आदि मौजूद रहे ।

# कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

छपरा सदर ।नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आह्वान पर पूरे देश में एकीकृत पेंशन योजना (वढर) का विरोध किया गया। भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी, 2025 को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 1 अप्रैल, 2025 से एकीकृत पेंशन योजना केंद्रीय कर्मचारियों के लिए विकल्प के रूप में लागू होगा, जिसका विरोध करते हुए कर्मचारियों का कहना है कि यह 1 अप्रैल, 2004 से लागू एन. पी. एस. इस यूपीएस से भी खराब योजना है, जिसे किसी भी सूरत में कर्मचारियों को स्वीकार्य नहीं है। यह योजना कर्मचारियों के लिए झुनझुना मात्र है। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के सारण जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश पाल ने कहा कि हमें एनपीएस या यूपीएस नहीं बल्कि ओपीएस चाहिए और एनएमओपीएस अपना आंदोलन ओपीएस लागू होने तक जारी रखेगा। पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों का हक है और कर्मचारी एक दिन लेकर ही मानेंगे। विदित हो कि बिहार में 1 सितम्बर, 2005 से एनपीएस लागू है, जिसका बिहार के राज्यकर्मी निरंतर विरोध कर रहे हैं। जगलाल चौधरी महाविद्यालय, छपरा के शिक्षकों ने यूपीएस तथा एनपीएस का विरोध करते हुए ओपीएस की मांग की। विरोध प्रदर्शन में डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. सावन रॉय, डॉ. पवन कुमार प्रभाकर, डॉ. संदीप कुमार यादव, डॉ. जेड एच अंसारी एवं अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

# मीनू के अनुसार नहीं मिल रहा है इलाजरत मरीजों को भोजन

प्रातः किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा) । प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत मरीजों को गुणवत्ता व पौष्टिकता पूर्ण भोजन की बात तो दूर भरपेट भोजन भी नसीब नहीं हो रहा है। सुबह के नाश्ता में मिले अंडा को छोड़ दें तो मरीजों में पोषक तत्वों की कमी आने का खतरा बना रहता है नाश्ता में मौसमी फल की जगह प्रतिदिन 1 केला दिया जाता है और दूध की जगह पाउडर के दूध को पानी में मिलाकर दिया जाता है। जबकि दोपहर के खाना में 1 डब्बू चावल के साथ पतली दाल व पतली सब्जी परोस दी जाती है। वहीं रात में 4 अधपक्की रोटी, पतली सब्जी व दाल दी जाती है। किसी भी मरीज को दही व शाम के समय चाय व ग्लूकोज बिस्कुट से मयस्सर नहीं कराया जाता है साथ ही दिनों के हिसाब से सतरंगी चादरों का भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। मालूम हो कि जब से इलाजरत मरीजों के खाने पीने का ठेका एनजीओ को दि गई है तब से उनकी घटिया खाने को लेकर मरीजों की शिकायत बढ़ती जा रही है। उक्त संबंध में अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि खाद्य पदार्थ की जिम्मेदारी एनजीओ की है इस उद्यम में आगे से ध्यान रखा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिकी सीनेट ने स्कॉट बेसेंट की वित्त मंत्री के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने देश के वित्त मंत्री के रूप में अरबपति निवेशक स्कॉट बेसेंट की नियुक्ति को सोमवार को मंजूरी दे दी।बेसेंट पर करों में कटौती और घाटे पर अंकुश के बीच संतुलन बनाने के साथ-साथ शुल्क संबंधी ऐसी योजना पेश करने की जिम्मेदारी होगी जिससे विकास को खतरा नहीं हो।दक्षिण कैरोलाइना के रहने वाले बेसेंट इस पद की जिम्मेदारी संभालने वाले पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार की है।पूर्व में डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक रहे और अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस के लिए काम कर चुके बेसेंट अब ट्रंप के समर्थक हैं। वित्त मंत्री राष्ट्रपति के राजकोषीय नीति सलाहकार के रूप में कार्य करता है और सार्वजनिक ऋण का प्रबंधन करता है। वह राष्ट्रपति की राष्ट्रीय आर्थिक परिषद का सदस्य भी होता है।

### यात्रियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रेलवे सलाहकार से स्टेशन पर शिकायत की

ढाका। ढाका के स्टेशन मैनेजर शहादत हुसैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह कम से कम 10 ट्रेनों को स्टेशन से रवाना होना था। अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बसें उपलब्ध कराईं। ढाका स्थित जमुना टीवी स्टेशन ने बताया कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर चटगांव में भी रेलवे कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। यह दक्षिणपूर्वी शहर देश का सबसे बड़ा बंदरगाह है। यहां का कपड़ा उद्योग माल निर्यात के लिए रेलवे पर निर्भर है। यह उद्योग मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोपीय संघ में निर्यात से सालाना लगभग 38 अरब अमेरिकी डॉलर कमाता है।यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार अगस्त से देश का संचालन कर रही है। छात्र आंदोलन के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के 15 साल के शासन का अंत हो गया और उनके देश छोड़कर चले जाने के बाद यूनुस अंतरिम सरकार चला रहे है। विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी वैश्विक ऋण एजेंसियों द्वारा आर्थिक विकास दर में कमी की रिपोर्ट के बीच बांग्लादेश का अंतरिम प्रशासन व्यवस्था बहाल करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### चीन के प्रौद्योगिकी क्षेत्र के स्टार्टअप डीपसीक पर बड़े पैमाने पर साइबर हमला

लॉस एंजिलिस। चीनी प्रौद्योगिकी स्टार्टअप डीपसीक पर सोमवार को साइबर हमला हुआ, जिससे उपयोगकर्ताओं को साइट पर पंजीकरण करने में दिक्कत हुई। कंपनी ने यह जानकारी दी। अपने एआई (कृत्रिम मेधा) चैटबॉट से प्रौद्योगकी क्षेत्र की दुनिया में खलबली मचाने वाली कंपनी डीपसीक ने कहा कि उसकी सेवाओं पर बड़े पैमाने पर दुर्भावनापूर्ण हमले किए गए हैं।डीपसीक ने कहा कि पंजीकृत उपयोगकर्ता सामान्य रूप से लॉग इन कर सकते हैं। डीपसीक ने पिछले महीने नया एआई मॉडल जारी कर एआई जगत में दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। कंपनी का दावा है कि उसका मॉडल चैटजीपीटी निमार्ता ओपनएआई जैसी अमेरिकी कंपनियों के मॉडल को टक्कर देता है और उनसे अधिक किफायती है।इस साल की शुरूआत में चैटबॉट के एप्पल और गूगल ऐप स्टोर पर उपलब्ध होने से इसकी पहुंच और बढ़ गई। डीपसीक का एआई असिस्टेंट आईफोन स्टोर पर सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला मुफ्त ऐप्लीकेशन बन गया है।

### सिखों के गैर लाभकारी संगठन ने लॉस एंजिलिस अग्निकांड पीड़ितों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया

वॉशिंगटन। लॉस एंजिलिस और आसपास के इलाकों में भयंकर अग्निकांड से प्रभावित हजारों लोगों की मदद के लिए एक सिख अमेरिकी गैर-लाभकारी संगठन ने मुफ्त भोजन और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने की पहल की है। लेट्स शेयर ए मील नामक इस गैर-लाभकारी संगठन के स्वयंसेवक, अग्निकांड से प्रभावित लोगों को मदद पहुंचा रहे हैं। संगठन के ओंकार सिंह ने बताया कि स्वयंसेवक उन लोगों को आवश्यक वस्तुएं वितरित कर रहे हैं, जिनके घर आग में जलकर खाक हो गए। सिंह ने कहा, हर दिन हालात बेहतर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह पहले जब आग लगी थी, तब हर कोई घबराया हुआ था। न्यू जर्सी के एक व्यवसायी ने कहा कि जिन लोगों के घर जल गए, उन्हें सहारे की जरूरत है, लेकिन उससे भी ज्यादा उन्हें आश्वासन की आवश्यकता है।

# गाजा को करना है खाली, ट्रंप ने दोहराया, कहा- बेहतर होगा वो ऐसे क्षेत्र में रहें जहां न हो हिंसा

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक बार फिर गाजा को खाली करने का अपने विचार दोहराया। उन्होंने इस क्षेत्र में रहने वाले फिलिस्तीनियों के बारे में कहा, मैं चाहता हूं कि वे ऐसे क्षेत्र में रहें जहां वे बिना किसी रुकावट, क्रांति और हिंसा के रह सकें।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप ने कहा, जब आप गाजा पट्टी को देखते हैं, तो पाते हैं कि यह कई सालों से नरक की तरह है... इस पट्टी पर कई सभ्यताएं रही हैं। यह अभी शुरू नहीं हुआ है। इसकी शुरूआत हजारों साल पहले हुई थी और इसके साथ हमेशा हिंसा जुड़ी रही है। आप लोगों को ऐसे इलाकों में ले जा सकते हैं जो अधिक सुरक्षित हैं और शायद ज्यादा बेहतर और आरामदायक। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, गाजा के लगभग 90% निवासी विस्थापित हो चुके हैं। कई लोगों को बार-बार, [कुछ को तो 10 से भी अधिक बार, विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बता दें अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को कहा था कि वह चाहते हैं कि जॉर्डन और मिस्त्र गाजा से लोगों को ले जाएं।

उन्होंने सुझाव दिया, हम उस पूरी जगह को बस खाली कर दें। ट्रंप ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला के साथ अपनी कॉल के बारे में बताते हुए यह बात कही थी। उनके मुताबिक, मैंने उनसे कहा कि मैं चाहूंगा कि आप और अधिक काम करें क्योंकि मैं अभी पूरे गाजा पट्टी को देख रहा हूं और यह एक गड़बड़ है, एक वास्तविक गड़बड़ है।



मैं चाहूंगा कि वह लोगों को ले जाए। उन्होंने कहा कि वह बाद में मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी से बात करेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से बात की है, लेकिन उन्होंने सीधे तौर पर यह कहने से इनकार कर दिया कि क्या राष्ट्रपति की अतिरिक्त फिलिस्तीनी शरणार्थियों को लेने के बारे में क्या राय है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं ऐसा करना पसंद करूंगा - मैं चाहता हूं कि वह कुछ ले जाए, हम उनकी बहुत मदद करते हैं, और मुझे यकीन है कि वह हमारी मदद कर सकते हैं, वह मेरे दोस्त हैं। उन्होंने कहा, वह दुनिया के बहुत ही कठिन हिस्से में हैं, ईमानदारी से कहूं तो, लेकिन मुझे लगता है कि वह ऐसा कर सकते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करने की योजना बनाई है, जो मुझसे मिलने के लिए यहां आ रहे हैं। नेतन्याहू के वाशिंगटन आने की तारीख के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, बहुत जल्द। ट्रंप के गाजा को खाली करने के विचार को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास और इस्लामिक जिहाद खारिज कर चुके हैं। गाजा में इजरायली हमलों ने गाजा के लगभग पूरे 2.3 मिलियन लोगों को विस्थापित कर दिया है।दशकों पुराने इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष में 7 अक्टूबर, 2023 को भयंकर रक्तापत शुरू हुआ, जब फिलिस्तीनी हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हमला किया। लगभग 1,200 लोग मारे गए और 251 बंधक बना लिए गए। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा पर इजरायल के सैन्य हमले में 47,000 से अधिक लोग मारे गए। यहूदी राष्ट्र पर नरसंहार और युद्ध अपराध के आरोप लगे, जिनका इजरायल ने खंडन किया है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से अधिक अमेरिका निर्मित हथियार खरीदने को कहा

**मेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने श्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया, आज, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सार्थक बातचीत की। दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की ओर बढ़ने के महत्व पर जोर दिया।**



प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की ओर से अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की दिशा में आगे बढ़ने के महत्व पर जोर दिया है। श्री ट्रंप ने सोमवार रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने श्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया, आज, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सार्थक बातचीत की। दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की ओर बढ़ने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा,नेताओं ने हमारे देशों के बीच दोस्ती और रणनीतिक संबंधों की ताकत को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और हिंद-प्रशांत क्वाड साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया, इस साल के अंत में भारत पहली बार क्वाड नेताओं की मेजबानी करेगा।

श्री मोदी ने सोमवार रात को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बात करके खुशी हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभप्रद और विश्वसनीय साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

भारत की ओर से जारी बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प से बात की और उन्हें अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। दोनों नेताओं ने पारस्परिक रूप से लाभप्रद और विश्वसनीय साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने प्रौद्योगिकी, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्रों सहित व्यापक द्विपक्षीय व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं और इसे आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नेताओं ने संपर्क में बने रहने और जल्द ही पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीख पर मुलाकात करने पर सहमति व्यक्त की।

## ट्रम्प ने तेज, कम खचीर्ले एआई सहायक बनाने में चीन की प्रगति की प्रशंसा की

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तेज गति और कम खर्च में एआई स्टार्टअप डीपसीक बनाने के लिए चीन की प्रगति की प्रशंसा की है और अमेरिकी उद्योग को उससे सीखने को कहा है। श्री ट्रम्प ने कहा कि चीनी एआई स्टार्टअप डीपसीक की रिलीज से अमेरिकी उद्योग की आंखें खुल जानी चाहिए। यह अच्छी बात है कि चीन सस्ता और तेज एआई बनाने में कामयाब रहा है। उन्होंने सोमवार को कांग्रेस से कहा, आज और पिछले कुछ दिनों से मैं चीन और चीन की कुछ कंपनियों के बारे में पढ़ रहा हूं, विशेष रूप से मैंने पढ़ा कि चीन एक एआई की तेज और बहुत सस्ती विधि बनाने में कामयाब रहा है। और यह अच्छा है, क्योंकि आपको इतना पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है... एक चीनी कंपनी से डीपसीक एआई की रिलीज हमारे उद्योगों के लिए एक चेतावनी होनी चाहिए।'गौरतलब है कि जनवरी की शुरूआत में एक नया अपडेट जारी होने के बाद डीपसीक की लोकप्रियता बढ़ गई। चीनी एआई असिस्टेंट अब अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र , संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और चीन में चैटजीपीटी को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष एप्लीकेशन बन गया है।

## कोई दलील स्वीकार नहीं : दक्षिण लेबनान से इजरायली सेना की वापसी टली तो भड़का हिजबुल्लाह



प्रात : किरण/एजेंसी

बेरुत। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने दक्षिणी लेबनान से इजरायल सेना की वापसी के मुद्दे पर कहा कि समय सीमा बीत चुकी है और इसमें कोई विस्तार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कासिम ने एक रिकॉर्डेड टेलीविजन संबोधन में कहा, इजरायल की वापसी के लिए तय अवधि के बाद क्या होगा ? इजरायल को वापस लौटना होगा क्योंकि 60 दिन पूरे हो चुके हैं। हम एक पल या एक दिन के लिए विस्तार की किसी भी दलील को स्वीकार नहीं करते हैं। इजरायल ने शुक्रवार को कहा कि उसकी सेना की वापसी लेबनानी समूह के साथ संघर्ष विराम समझौते में निर्धारित 60-दिवसीय अवधि से अधिक समय में होगी। उसने आरोप लगाया कि समझौते की शर्तों को लेबनानी राज्य ने पूरी तरह से लागू नहीं किया है। अमेरिका ने रविवार को कहा कि लेबनान और इजराइल के बीच समझौता 18 फरवरी तक प्रभावी रहेगा, जो पहले से तय 26 जनवरी की समयसीमा का विस्तार है। कासिम ने अपने भाषण में कहा कि समूह को जानकारी मिली है कि वाशिंगटन ने शुरू में लेबनानी अधिकारियों के समक्ष समझौते को 28 फरवरी तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने अमेरिकी राजदूत लिसा जॉनसन के साथ बैठक के दौरान कहा कि देश ने 18 फरवरी तक इजरायल के साथ संघर्ष विराम समझौते का पालन करना स्वीकार कर लिया है।

## विनाश के अलावा कुछ नहीं : उत्तरी गाजा में लौटे 3,00,000 फिलिस्तीनियों को मिला खंडहरों का शहर

प्रात : किरण/एजेंसी

गाजा सिटी। इजरायल की ओर से इजाजत मिलने के बाद लाखों लोग उत्तरी गाजा में लौट चुके हैं। हालांकि लोगों को घर लौटने पर विनाश के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक तीन लाख से अधिक जबरन विस्थापित फिलिस्तीनियों ने15 महीने की जंग के बाद, उत्तरी गाजा में प्रवेश कर लिया है। हालांकि उनके घर में खंडहरों तब्दील हो गए हैं।गाजा में इजरायली हमलों ने गाजा के लगभग पूरे 2.3 मिलियन लोगों को विस्थापित कर दिया। कई लोगों को बार-बार, [कुछ को तो 10 से भी अधिक बार], विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा है।इससे पहले इजरायल ने हजारों विस्थापित फिलिस्तीनियों को अपने घर लौटने से रोक दिया था। शनिवार रात से बढ़ी संख्या में गाजावासी सड़कों पर उतर आए और गाजा जाने का इंतजार करने लगे। घर जाने की कोशिश में कर रहे एक फिलिस्तीनी युवक इजरायली बलों ने गोली मार कर हत्या कर दी गई जबकि कुछ अन्य लोग घायल हो गए थे। यह पूरा विवाद दरअसल इजरायली नागरिक अर्बेल येहुद की रिहाई को लेकर पैदा हुआ। शनिवार को जब दूसरी बार कैदियों की अदला बदला हुई तो लगा कि घटनाक्रम युद्धविराम समझौते की शर्तों के मुताबिक ही घट रहा है लेकिन अचानक इजरायल की एक घोषणा ने सबकुछ बदल दिया।हमास ने शनिवार को चार इजरायली महिला सैनिकों को रिहा किया, बदले में इजरायल ने 200 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया।

इसके बाद इजरायल ने ऐलान किया कि वह गाजावासियों को उत्तरी गाजा पट्टी में तब तक प्रवेश नहीं करने देगा, जब तक कि नागरिक अर्बेल येहुद की रिहाई के लिए व्यवस्था नहीं हो जाती।इजरायल के अनुसार, हमास ने सभी जीवित नागरिक महिला बंदियों से पहले महिला बंधक सैनिकों को रिहा करके समझौते का उल्लंघन किया है।हालांकि रविवार रात को इजरायल ने घोषणा की कि गाजा में हमास के साथ युद्ध विराम और बंधक समझौते पर विवाद सुलझ गया है। हमास इस हफ्ते दो बैचों में छह बंधकों को रिहा करेगा। वहीं यहूदी राष्ट्र ने सोमवार सुबह से नेत्जारिम कॉरिडोर के जरिए सैकड़ों हजारों विस्थापित गाजावासियों को अपने घर लौटने की अनुमति दे दी।

# सीरियाई शरणार्थियों की वापसी से तुर्की उद्योग जगत में कार्यबल को लेकर चिंता बढ़ी

प्रात : किरण/एजेंसी



गाजियांटेप। सीरिया में 13 साल से चले आ रहे गृहयुद्ध से उबरने के संकेत मिल रहे हैं। उद्योग प्रतिनिधियों और विश्लेषकों के अनुसार, तुर्की से सीरियाई शरणार्थियों की वापसी से कम वेतन वाले श्रमिकों पर निर्भर तुर्की के प्रमुख क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी की आशंका बढ़ी है।

दक्षिणी गाजियांटेप प्रांत के एक लाइव स्टॉक फार्म के प्रबंध एजेंट बेहान दुरान ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया, इस समय हमारी कुल लेबर में सीरियाई श्रमिकों की संख्या लगभग 20-25 प्रतिशत है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, दुरान ने कहा कि सीरियाई लेबर पर निर्भर तुर्की में व्यवसायों के लिए एक बड़ा बदलाव हो सकता है।हालांकि अभी तक बहुत कम संख्या में सीरियाई वापस लौटे हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि सीरिया में हालात स्थिर होने के बाद अधिकांश लोग वापस चले जाएंगे। सीरियाई सीमा के निकट स्थित प्रमुख तुर्की शहर गाजियांटेप लंबे समय से लगभग 450,000 सीरियाई लोगों की उपस्थिति पर निर्भर है। अंकारा स्थित शरण एवं प्रवासन अनुसंधान केंद्र के निदेशक मेटिन कोराबातिर का अनुमान है कि तुर्की के श्रम बाजार में लगभग 1 मिलियन सीरियाई सक्रिय हैं, जो मुख्य रूप से कम-कुशल और कम-वेतन वाली अनौपचारिक नौकरियों में कार्यरत हैं। हाल के घटनाक्रमों के बाद, तीन मिलियन सीरियाई शरणार्थियों में से हजारों लोग अपने घर लौट चुके हैं, जबकि अन्य अभी भी अपने अगले कदम के बारे में विचार कर रहे हैं। कोराबातिर ने कहा कि वापस लौटने वाले अधिकांश लोग सीरिया की स्थितियों का आकलन कर रहे हैं, जो 13 वर्षों से चल रहे गृहयुद्ध से तबाह है, तथा उसके बाद वे अपने परिवारों को वापस लाने के बारे में निर्णय ले रहे हैं। इस बदलाव से तुर्की पर वित्तीय दबाव कम हो सकता है, जिसने यूरोपीय संघ की सहायता के बावजूद शरणार्थियों के समर्थन पर 40 बिलियन डॉलर खर्च किए हैं। गाजियांटेप में सीरियाई दूरसंचार कर्मचारी उस्मान अहमद ने कहा, नियोक्ता सस्ते श्रम के लिए सीरियाई लोगों पर निर्भर हैं। अचानक बाहर निकलने से समस्याएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि तुर्की की आर्थिक परेशानियां, जिसमें बढ़ते किराए भी शामिल हैं, कुछ शरणार्थियों को छोड़ने के लिए मजबूर कर रही हैं जबकि अन्य स्थिर नौकरियों के लिए रुक रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ सीरियाई व्यवसाय भी अपना परिचालन वापस सीरिया में स्थानांतरित कर सकते हैं। यदि 70 प्रतिशत लोग चले भी जाते हैं, तो शेष 30 प्रतिशत के यहीं रहने की उम्मीद है।

**फैसला** रिपोर्ट में पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटाए जाने के बाद देश में सुरक्षा बलों के गलत इस्तेमाल के एक परेशान करने वाले पैटर्न को भी उजागर किया गया।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के निशाने पर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय : मानवाधिकार रिपोर्ट

प्रात : किरण/एजेंसी

ढाका। कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाले समूह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदू और अहमदिया समुदायों पर हमला कर रहे हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। रिपोर्ट में पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटाए जाने के बाद देश में सुरक्षा बलों के गलत इस्तेमाल के एक परेशान करने वाले पैटर्न को भी उजागर किया गया, जिसमें अवामी लीग के समर्थकों और पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है। मानसून क्रांति के बादः बांग्लादेश में सुरक्षा क्षेत्र में स्थायी सुधार के लिए रोडमैप शीर्षक वाली 50 पन्नों की रिपोर्ट में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को कई सिफारिशें दी गई हैं। रिपोर्ट में हसीना सरकार के पतन के बाद से हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों का उल्लेख किया गया है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता पैदा हुई है।

कई टिप्पणीकारों ने एचआरडब्ल्यू को बताया कि हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर इसलिए हमला किया गया क्योंकि वे पारंपरिक रूप से शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी का समर्थन करते थे। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसक हमलों के बार-बार आरोप लग रहे हैं और पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही है। इसमें हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को भी बांग्लादेश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए एक और चिंताजनक संकेत बताया गया है।



रिपोर्ट में कहा गया, दास की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर चिंता बढ़ रही हैं। अंतरिम सरकार ने पुष्टि की है कि 5 अगस्त से 22 अक्टूबर के बीच सांप्रदायिक हिंसा के कम से कम 88 मामले दर्ज किए गए और 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया। हिंदू समूहों का कहना है कि हिंदू व्यवसायों, घरों और पूजा स्थलों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ की सैकड़ों घटनाएं हुई हैं। न्यूयॉर्क स्थित मानवाधिकार संगठन ने यह भी सुझाव दिया कि अंतरिम सरकार को तुरंत यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी को भी मनमाने ढंग से या गैरकानूनी तरीके से हिरासत में न लिया जाए।

रिपोर्ट के अनुसार, 6 अगस्त से 25 सितंबर के बीच बांग्लादेश पुलिस ने 92,486 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए, जिनमें से अधिकांश हत्या से संबंधित थे। लगभग 400 पूर्व मंत्रियों, संसद सदस्यों और अवामी लीग के अन्य पदाधिकारियों को 1,170 से अधिक मामलों में नामजद किया गया , जिनमें सैकड़ों अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। शेख हसीना के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि नवंबर तक ढाका में अधिकारियों ने ह्यछात्र क्रांति पर रिपोर्टिंग के संबंध में कम से कम 140 पत्रकारों के खिलाफ हत्या के आरोप दर्ज किए और आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आवश्यक 150 से अधिक प्रेस मान्यताएं रद्द कर दी हैं। एचआरडब्ल्यू ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सलाह दी कि वह स्थायी परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र बनाने हेतु संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में प्रस्ताव लाए। इसमें कहा गया है कि यह रिपोर्ट बांग्लादेश में गहन शोध के साथ-साथ मानवाधिकार कार्यकताओं, अंतरिम सरकार के सदस्यों, वर्तमान और पूर्व कानून प्रवर्तन और सैन्य अधिकारियों के साथ हाल के साक्षात्कारों पर आधारित है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129